राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 18 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 49, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सीतापुर में जेठ ने बहू की रेती गर्दन, बांके से किया ताबड़तोड़ हमला; चारा काटने को लेकर हुआ विवाद...03

नगर संसाधन केंद्र में अनुशासन रसातल में- आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की मनमानी चरम पर...12

# पूरे साल निर्माण पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते... दिल्ली-NCR में 'प्रदूषण' पर सुप्रीम कोर्ट ने कर दिया सब कुछ क्लियर

**● दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की. सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि देश के अलग-अलग राज्यों के लोग दिल्ली में रहते हैं. एक बड़ी आबादी की आजीविका दिल्ली की गतिविधियों पर निर्भर है. वायु प्रदूषण के खतरे से निपटने के लिए हमें ठोस और दीर्घकालिक समाधान खोजने होंगे**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सोमवार को सुनवाई की. सुनवाई के दौरान एमाइकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने भी अपना पक्ष रखा. उन्होंने अदालत को बताया कि पंजाब में अनुमान से कहीं ज्यादा पराली जलाई जा रही है. हजारों करोड़ रुपए बचाव के लिए खर्च किए किए जा रहे हैं, लेकिन हालात बिगड़ती जा रही है. पराली की वास्तविक जलाए जाने की घटनाओं को कम करके आंका जा रहा है. ष्टक्तरूकी रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा पद्धति से सभी जलाए जाने की घटनाओं की गणना नहीं की जा सकती।

सिंह ने पूछा कि पंजाब इसका समाधान क्यों नहीं निकाल पाया है? 100 रुपए प्रति क्विंटल मांगना एक समाधान है, लेकिन पूर्ण समाधान नहीं है. उन्होंने उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिनमें किसानों का कहना है कि नासा के उपग्रह के गुजरने के बाद उन्हें फसल जलाने का समय बताया गया है. वहीं, नासा के वैज्ञानिक ने ट्विटर पर लिखा कि इसकी गिनती कम की जा रही है.

पंजाब में पराली जलाने पर बढ़ जाता है वायु प्रदूषण, ASG की दलील

इसके बाद केंद्र की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा है कि पंजाब की ओर से हर साल ऐसा आवेदन दाखिल किया जाता है. एएसजी ने कहा कि पंजाब को किसानों की मदद करने वाली मशीनों के लिए 1963 करोड़ रुपए दिए गए हैं. दिल्ली तो खुद वाहनों की वजह से प्रदूषित है. पराली जलाने से प्रदूषण बढ़ जाता है, अब हम मौसम के भरोसे नहीं रह सकते.

दूसरी ओर वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि आतंकी हमले में सात लोग मारे जाते हैं, लेकिन वायु प्रदूषम की वजह से लोग लंग कैंसर समेत तमाम बीमारियों से मर रहे हैं. बच्चों के फेफड़े एक बार खराब हुए तो कभी ठीक नहीं होंगे, हमें कड़े कदम उठाने की जरूरत है. ग्रैप लागू करने की स्थितियों को भी देखना होगा. क्योंकि WHO के मुताबिक 50 AQI ही खतरनाक है जो यहां साल भर रहता है।

**सीजेआई बोले- हमें दीर्घकालिक समाधान निकालना होगा**

सीजेआई बीआर गवई ने कहा है कि विभिन्न राज्यों की एक बड़ी आबादी की आजीविका दिल्ली की गतिविधियों पर निर्भर है. केंद्र को वायु प्रदूषण के खतरे से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान निकालना होगा. इसके लिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में पराली जलाने से निपटना जरूरी है।

देश के मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि हम हरियाणा-पंजाब के मुख्य सचिवों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि CAQM द्वारा 13 नवंबर, 2025 की रिपोर्ट में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए जारी निर्देशों का क्रियान्वयन किया जाए. हमने वायु प्रदूषण के खतरे से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान खोजने हेतु प्राधिकारियों से उचित प्रतिक्रिया के लिए एक दिन का समय दिया है, मामले को 19 नवंबर को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है।




**CAQM को निर्देश देने की मांग**

सीजेआई की बेंच को एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि मौजूदा सूचकांग 999 AQI के ऊपर नहीं पढ़ा जा सकता है. वह मांग करती हैं कि CAQM को निर्देश दिया जाए कि वे किस निगरानी तंत्र का उपयोग कर रहे हैं इसको बताएं. भाटी ने कहा कि राजनीतिक नेता ऐसे वीडियो प्रसारित कर रहे हैं, उन्हें बताया जाए कि यह तकनीक कैसे काम करती है।

सीजेआई ने कहा कि एमाइकस के अनुसार उपकरण दिल्ली शहर के लिए उपयुक्त नहीं हैं. अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने प्रतिवाद किया कि इस्तेमाल किए गए उपकरण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों में से एक हैं. इसके बाद सीजेआई ने कहा है कि केंद्र सरकार को इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों की प्रकृति और उनकी दक्षता रिकॉर्ड में दर्ज करनी होगी।

केंद्र सरकार को दिया नेतृत्व का निर्देश

कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रदूषण संकट से निपटने की मूल जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकार के साथ तुरंत बैठक करे और वायु प्रदूषण संकट से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर सुझाव दे, ताकि समस्या का permanent solution किया जा सके। कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस संबंध में एक दिन का समय दिया है। साथ ही बुधवार को होने वाली अगली सुनवाई में इस बारे में भी हलफनामा मांगा है कि दिल्ली में प्रदूषण पर निगरानी के लिए इस्तेमाल हो रहे उपकरण पर्याप्त रूप से सक्षम हैं या नहीं।

**कई हफ्तों से दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता हो रही खराब**

बता दें कि पिछले कई हफ्तों से दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता लगातार बिगड़ी है। सोमवार को दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 360 रहा। छह जगहों पर यह 400 से ऊपर दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है।

# अल फलाह यूनिवर्सिटी पर श्वष्ठ का शिकंजा, टेरर फंडिंग और बैंक खाते खंगालने की तैयारी

**● प्रवर्तन निदेशालय (ED) भी अल फलाह यूनिवर्सिटी की जांच करेगी. ED ने NIA और दूसरी एजेंसियों से केस से जुड़ी तमाम जानकारी और स्नढ्ढक्र कॉपी मांगी है. बताया जा रहा है कि श्वष्ठ टेरर फंडिंग और यूनिवर्सिटी प्रबंधन के बैंक खातों की जांच करेगी**




अल फलाह यूनिवर्सिटी पर दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच समेत अन्य कई एजेंसियों ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. अभी तक दिल्ली पुलिस, एनआई और अन्य एजेंसियां इस पूरे मामले की जांच कर रही थीं. अब प्रवर्तन निदेशालय (ED) भी इस मामले की जांच करेगी. ED ने NIA और दूसरी एजेंसियों से केस से जुड़ी तमाम जानकारी और FIR कॉपी मांगी है।

ED की यूनिवर्सिटी की फंडिंग पर नजर है. इस मामले में ED पहले ECIR दर्ज करेगी. इसके बाद यूनिवर्सिटी में सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा. साथ ही यूनिवर्सिटी से जुड़े लोगों को समन भी भेजे जाएंगे. श्वष्ठ टेरर फंडिंग और यूनिवर्सिटी प्रबंधन के बैंक खातों की जांच करेगी. श्वष्ठ टीम ये पता लगाएगी कि आखिर यूनिवर्सिटी के खातों में फंडिंग कहां से आ रही थी. देश-विदेश से अब तक यूनिवर्सिटी को कितना फंड मिला है।

**विदेशों से होती है फंडिंग**

खुफिया विभाग के सूत्रों की मानें तो यूनिवर्सिटी को विदेशों से बड़े स्तर पर फंडिंग आती है. इसके पीछे कारण अल्पसंख्यकों को यहां मुफ्त या स्कॉलरशिप में शिक्षा देना बताया जाता है. खाड़ी के कई देश इस यूनिवर्सिटी फंडिंग करते हैं. सूत्रों के मुताबिक, अभी तक की जांच में यह बात सामने भी आई है. प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम यही पता लगाएगी कि मिलने वाले फंड को कहां-कहां उपयोग किया गया है. कितने बच्चों को स्कॉलरशिप दी गई. इसके अलावा देश के कौन-कौन लोग यूनिवर्सिटी को फंड देते हैं. ED इन सभी सवालों के जवाब पता करेगी।

**फरीदाबाद पुलिस की यूनिवर्सिटी पर नजर**

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा की अलग-अलग टीमें भी यूनिवर्सिटी परिसर पर नजर बनाए हुए हैं. समय-समय पर ये टीमें यूनिवर्सिटी परिसर में अंदर भी जाकर चेक करती हैं. इसके साथ ही खुफिया विभाग की टीम के कर्मी भी यूनिवर्सिटी परिसर में सक्रिय हैं. वे भी अपने स्तर पर यहां की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं. पुलिस की टीमें पूरे इलाके पर नजर रख रही है।

**पूछताछ से कश्मीरी छात्र परेशान**

यूनिवर्सिटी में कश्मीरी छात्रों से लगातार पूछताछ की जा रही है. अगल-अलग जांच एजेंसियां छात्रों से पूछताछ कर रही है. इससे छात्र परेशान हो रहे हैं. एक-दूसरे को देख छुट्टियों के लिए आवेदन करने वालों से यूनिवर्सिटी प्रबंधन हैरान-परेशान नजर आ रहा है. प्रबंधन छात्रों के अभिभावकों को यह समझाने का प्रयास कर रहा है कि इस घटना से यूनिवर्सिटी का सीधे तौर पर कोई लेना देना नहीं है और उन्हें आश्वस्त भी कर रहा है कि भविष्य को लेकर कोई खतरा नहीं है, पर फिलहाल छात्र रुकने के मूड में नहीं हैं।

**छुट्टी के लिए आवेदन न करने का दबाव बना रहा प्रबंधन**

एक-दूसरे को देखकर छुट्टी के लिए आवेदन करने वालों से विश्वविद्यालय प्रबंधन सकते में है। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन छात्रों पर लंबी छुट्टी के लिए आवेदन न करने का दबाव बना रहा है। प्रबंधन छात्रों के अभिभावकों को यह समझाने की कोशिश कर रहा है कि विश्वविद्यालय का इस घटना से सीधे तौर पर कोई लेना-देना नहीं है और उन्हें यह भी भरोसा दिला रहा है कि उनके भविष्य को कोई खतरा नहीं है, लेकिन फिलहाल छात्र रुकने के मूड में नहीं हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दो साल में ही खुल गई मवईजार सम्पर्क मार्ग की पोल, मार्ग गडढों में तब्दील



**हमीरपुरः-** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो वर्ष पूर्व बनाया गया सुमेरपुर मवई जार मार्ग घटिया निर्माण के चलते गड्ढों में तब्दील हो गया। जबकि इस मार्ग में भारी वाहन नहीं गुजरते है।कस्बे से लेकर बांकी तक यह बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कार्य पूर्ण करने के बाद कार्यदाई संस्था नदारत है। दो वर्ष पूर्व करोड़ों रुपए की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुमेरपुर मवईजार मार्ग बनाया गया था। कस्बे के अंदर तथा बिलहडी, नदेहरा गांव में कुछ हिस्सा आरसीसी है। बांकी से डामरीकरण किया गया है। कस्बे से लेकर बांकी तक यह जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो गया है। इससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दैनिक यात्री नवीन यादव, दीपक कुमार,सुरेश कुमार, शिवकुमार, विवेक, जयवीर सिंह आदि ने बताया कि मार्ग की हालत बेहद दयनीय हो गई है। इससे घटिया निर्माण की पोल स्वतः खुल रही है। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अनूप कुमार निरंजन ने बताया कि कार्यदाई संस्था पांच वर्ष तक मार्ग का रखरखाव करती है। मार्ग को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### मिर्जापुर में सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत

**मिर्जापुर** जिले के पड़री थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मोटरसाइकिल सवार दो मजदूरों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पड़री थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि कपसौर इलाके में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक दिहाड़ी-मजदूरी के लिए घर से निकले थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के शादी बनकट निवासी इंज़्मान (25) और इस्राइल (22) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## वरिष्ठ नागरिकों ने गजल और गीतों से बिखेरी सुरों की सुरभि




**● प्रयागराज में संगीतमय शरद उत्सव का आयोजन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति प्रयागराज द्वारा विकल्प परिसर, तेंदुई में संगीतमय शरद उत्सव का मनमोहक और भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने एक से बढ़कर एक ग़ज़लें और गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया।कार्यक्रम में अशोक महेश्वरी, योगेन्द्र पाण्डेय, सर्वेश मिश्रा, माधुरी मिश्रा, जयश्री श्रीवास्तव, राजश्री, सुधा प्रकाश, अनिल टंडन, ऊषा त्रिपाठी, प्रभादास, फरहाना सिद्दीकी, प्रमोद महेश्वरी, प्रीता वाजपेयी, राजन अस्थाना, राकेश मेहरोत्रा, पियूष अग्रवाल, राम किशोर, अरुण श्रीवास्तव, प्रेमा राय, लालजी और रीता सक्सेना ने अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमयी बनाया। खुले और स्वच्छ प्राकृतिक माहौल में वरिष्ठ नागरिकों ने संगीत का भरपूर आनंद लिया और स्वल्पाहार के बीच एक- दूसरे से अपने सुख-दुःख साझा किए। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विजय लक्ष्मी, वरिष्ठ अधिवक्ता टी.पी. सिंह, दीपक अग्रवाल, निशीथ वर्मा, आर.एस. वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने सहभोज ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के कार्यकर्ता विनीत राय, महेंद्र कुमार, क्याम उद्दीन, शैजल शुक्ला, सुरेन्द्र शर्मा, कोमल शर्मा, अर्चना सिंह और वंदिता मिश्रा का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.के. सिन्हा ने कुशलता से किया।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मृत्युदंड

**● अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सुनाई फांसी की सज़ा**

**मानवता के विरुद्ध अपराध' में दोषी करार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पद से हटाई गई प्रधानमंत्री और अवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना को देश की अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी- बीडी) ने एक ऐतिहासिक निर्णय में मृत्युदंड की सज़ा सुनाई है। न्यायालय ने उन्हें पिछले वर्ष जुलाई में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुए मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए दोषी पाया है।

न्यायाधिकरण ने सोमवार को यह निर्णय सुनाया, जिसमें कहा गया कि हसीना ने विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए हिंसा भड़काई और हत्याओं का आदेश दिया।

**क्या है मामला और न्यायालय का निर्णय?**

यह मामला जुलाई-अगस्त 2024 में हुए आरक्षण-विरोधी छात्र आंदोलन से जुड़ा है, जो जल्द ही हसीना सरकार के विरुद्ध एक बड़ा जन-विद्रोह बन गया था।

**मुख्य आरोपः** न्यायालय ने शेख हसीना को उकसाने के कार्य, हत्याओं के आदेश देने और अत्याचारों को रोकने में विफलता सहित कई मामलों में दोषी ठहराया है।

**अदालत का कथनः** न्यायमूर्ति गुलाम मोर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाली पीठ ने 453 पन्नों के अपने निर्णय में कहा कि प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि हसीना ने ढाका में प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध हवाई निगरानी यंत्रों (ड्रोन), हेलीकॉप्टरों और घातक अस्त्रों के उपयोग का निर्देश दिया था।

**अन्य दोषीः** हसीना के साथ, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी मृत्युदंड की सज़ा सुनाई गई है, जबकि पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को सरकारी साक्षी बनने के कारण पाँच वर्ष की कैद मिली है।

**भारत में निर्वासित हैं शेख हसीना**



78 वर्षीय शेख हसीना इस समय भारत में निर्वासन में अपना जीवन बिता रही हैं। वह अगस्त 2024 में तख्तापलट के बाद सत्ता से बाहर हो गई थीं और तभी से भारत में हैं। अनुपस्थिति में निर्णयः न्यायाधिकरण ने यह सज़ा हसीना की अनुपस्थिति में सुनाई, क्योंकि उन्होंने अदालत की सुनवाई में सम्मिलित होने से इनकार कर दिया था।

**बांग्लादेश में तनाव**

निर्णय के बाद बांग्लादेश में, विशेषकर ढाका में तनाव की खबरें हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत राजधानी और देश के विभिन्न भागों में अर्धसैनिक बल और पुलिस की तैनाती की गई है। हसीना की पार्टी अवामी लीग ने इस निर्णय के विरोध में देशव्यापी बंद का आह्वान किया है।

**क्या है आईसीटी?**

बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) कोई अंतरराष्ट्रीय न्यायालय नहीं है। यह बांग्लादेश की एक स्थानीय अदालत है जिसका गठन 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान हुए युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों की सुनवाई के लिए किया गया था। अब यह देखना बाकी है कि हसीना के वकील उच्च न्यायालय में इस निर्णय के विरुद्ध क्या अपील करते हैं और अंतरिम सरकार भारत से उनके प्रत्यर्पण (दूसरे देश से अपराधी को वापस लाना) की मांग को लेकर क्या कदम उठाती है।

# आजम खान और बेटे अब्दुल्ला फिर जाएंगे जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान को एक और बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एक विशेष स्नक्रस्नकोर्ट ने सोमवार को उन्हें और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को 'दो पैन कार्ड' से जुड़े धोखाधड़ी के एक मामले में दोषी ठहराते हुए सात-सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के तुरंत बाद दोनों नेताओं को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया है। आजम खान लगभग दो महीने पहले ही एक अन्य मामले में जेल से रिहा हुए थे।

क्या है 'दो पैन कार्ड' का मामला?

यह मामला वर्ष 2019 में तत्कालीन नगर विधायक और वर्तमान में भाजपा नेता आकाश सक्सेना द्वारा सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराया गया था।

**आरोपः** अब्दुल्ला आजम खान पर चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु पूरी न होने के बावजूद, धोखाधड़ी करके दो अलग-अलग जन्मतिथियों वाले पैन कार्ड बनवाने का आरोप था।

**मकसदः** आरोप के अनुसार, एक फर्जी पैन कार्ड में जन्मतिथि को बदलकर अपनी उम्र अधिक दिखाने की कोशिश की गई थी, ताकि वह 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ सकें।

आजम खान की भूमिकाः मामले में आजम खान पर अपने बेटे के लिए साजिश रचने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में शामिल होने का आरोप लगा था।

**कोर्ट का फैसला और कानूनी प्रक्रिया**

विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और सबूतों के आधार पर आजम खान और अब्दुल्ला आजम को धोखाधड़ी (IPC 420), जालसाजी



(IPC 467/468) और आपराधिक साजिश (IPC120B) सहित कई गंभीर धाराओं में दोषी पाया। कोर्ट ने अधिकतम 7 साल की सज़ा सुनाई है। इस सज़ा के बाद आजम खान और अब्दुल्ला आजम के राजनीतिक भविष्य पर एक बार फिर गहरा संकट आ गया है, क्योंकि 2 साल या उससे अधिक की सज़ा मिलने पर जनप्रतिनिधि की सदस्यता चली जाती है।

**वादी की प्रतिक्रिया**

फैसले के बाद वादी भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने इसे 'सत्य की जीत' बताया। उन्होंने कहा कि यह साबित हो गया है कि आजम खान परिवार के खिलाफ जितने भी मामले चल रहे हैं, वे सभी ठोस दस्तावेजी प्रमाणों पर आधारित हैं।

**अगला कदम** आजम खान के वकीलों द्वारा अब इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट) में अपील दायर करने की संभावना है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक दोनों नेताओं को जेल में ही रहना होगा।

## कबूतरबाज के जाल में फंसे भाई बहिन, लाखों की रकम डूबी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** मौदहा कस्बे सहित क्षेत्र में कबूतरबाजों का मजबूर नेटवर्क फैला हुआ है और हर सप्ताह कोई न कोई बेरोजगार युवक उनके जाल में फंस कर शिकायतें करते घूम रहे हैं लेकिन इनके रसूख के चलते इनपर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर निवासी मनीष पुत्र रामचरन ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक भेजे शिकायती पत्र में बताया कि, बीते सितम्बर महीने में छिमौली निवासी रामबाबू पुत्र बिंदा आया और उसे और उसकी बहिन ममता को विदेश यानी रूस में नौकरी दिलाने की बात कही जिसमे साढे सात लाख रुपये खर्चा की बात भी कही।

उसके बाद उक्त परिचित रामबाबू ने साढे सात लाख रुपये लेकर सारी औपचारिकता पूरी कर दोनों भाई बहिन को दिल्ली से बम्बई और बम्बई से अलमाती (किर्गिस्तान)जो रूस की सीमा पर स्थित है भेज दिया लेकिन उन दोनों को रूस मे नहीं घुसने दिया गया। और रूस की सेना ने दोनों भाई बहनो को




कुछ समय होटल में रखने के बाद वापस भारत भेज दिया। पीडित ने बताया कि उक्त कबूतर बाज ने दोनों भाई बहनो के साथ घोखाधडी की है जिसपर कार्यवाही होना चाहिए। पीडित ने तमाम आला अधिकारियो को शिकायती पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।बताते चलें कि कस्बे सहित क्षेत्र में कबूतर बाजों का बडा नेटवर्क सक्रिय है जो बेरोजगार युवकों से लाखों रुपये लेकर उन्हें विदेशो में अच्छी नौकरी के शब्जबाग दिखाकर उनके साथ ठगी करने का काम कर रहे हैं लेकिन इनके रसूख के चलते इनपर कोई कार्यवाही नहीं होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने किया गन्ना विभाग व सहकारी गन्ना विकास समिति का निरीक्षण



**पर्ची वितरण एवं शिकायत निस्तारण की व्यवस्था का लिया जायजा**

**बलरामपुर-** चीनी मिल बलरामपुर के पेराई सत्र शुभारंभ के अवसर पर आयोजित शुभ-हवन एवं पूजा-अर्चना में डीएम विपिन कुमार जैन एवं एसपी विकास कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद डीएम ने कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी एवं सहकारी गन्ना विकास समिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने गन्ना पर्ची वितरण व्यवस्था, तौल केंद्रों की स्थिति तथा किसानों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने गन्ना पर्ची वितरण को पूर्णतः पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने तथा इसकी सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। डीएम ने तौल केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं–पेयजल, शेड, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई तथा सुचारु तौल प्रक्रिया–को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों की शिकायत निस्तारण व्यवस्था की भी समीक्षा की और सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही अधिकारियों को शिकायतों का रिकॉर्ड पारदर्शी और अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी, विशेष सचिव सहकारी गन्ना समिति सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अपने स्वयं के आय(ओ. एस. आर.) से आत्मनिर्भर बनेगी पंचायते

**बलरामपुर।** विकास भवन स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों का दो दिवसीय ओएसआर विषय पर प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ केसरी ब्लॉक के ए. डी. ओ. पंचायत ने रिबन काटकर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस प्रशिक्षण में स्टेट मास्टर ट्रेनर विनीत सागर ने बताया कि अपनी ग्राम पंचायत में उपलब्ध संसाधन जैसे खाली पड़े जमीन पर ओपन जिम बनवाकर, तालाबों का सुंदरीकरण उसे पर्यटक स्थल के रूप में बदलकर, गांव में स्थित किसी प्राचीन मंदिर पर मेल आदि का आयोजन करके, ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी बनवाकर, एवं गांव से निकलने वाले कूड़े कचरे से कंपोस्ट खाद निर्माण व केंचुआ पालन करके ग्राम वासियों से ओ.एस.आर. प्राप्त किया जा सकता है जिसके द्वारा हमारे ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर बन सकेंगे साथ ही साथ यह भी बताया की ग्राम पंचायत को ओ.एस.आर. इकट्ठा करने में कौन-कौन सी चुनौतियां का सामना करना पड़ेगा एवं उनका समाधान किस प्रकार से किया जा सकता है, इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर विजय यादव विधि चतुर्वेदी एवं देवेंद्र पांडे ने क्रमशः ग्राम पंचायत में सीएससी सेंटर, गोपालन एवं व्यावसायिक कृषि के द्वारा ओएसआर प्राप्त करने के तरीकों को बताया, इस अवसर पर 45 पंचायत सचिव एवं 45 ग्राम प्रधानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, अंत में समस्त प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण के महत्व के विषय में डी.पी.आर.सी. फैकल्टी हरकीरत सिंह ने बतलाया।

### मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल



**108 एंबुलेंस कर्मियों ने समय रहते अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान**

**बस्ती।** बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र में सिंगारी चौराहा गिन्नीपुर रोड,ब्लॉक परशुरामपुर,बस्ती पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक अर्जुन कुमार (23 वर्ष), पुत्र मानिक राम, निवासी सबाना चौराहा, पोस्ट फतेपुर, जिला गोंडा अपने घर से शादी का कार्ड लेकर रिश्तेदारी कोहराए भगवानपुर जा रहे थे। सुबह लगभग 7:30 बजे पीछे से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद सर्वेश नामक व्यक्ति ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट सुनील कुमार और ईएमटी संदीप कुमार द्विवेदी बिना समय गंवाए घटनास्थल के लिए रवाना हुए। एंबुलेंस समय से मौके पर पहुंच गई और घायल अर्जुन कुमार को प्राथमिक उपचार देते हुए अपनी 108 की एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया। अस्पताल ले जाते समय उनकी हालत गंभीर होने पर कंट्रोल रूम में मौजूद ईआरसीपी डॉक्टर से परामर्श लिया गया।

# विधायक ने कराया पांच दर्जन से अधिक पत्रकारों को विधान सभा का भ्रमण

**●पत्रकारों ने किया विधायक मेश में भोजन डिजिटल हेलीकॉप्टर से किया पूरे प्रदेश का भ्रमण**

**लाइब्रेरी, सदन कक्ष, सहित पूरे विधानसभा मैं प्रमुख प्रमुख जगह पर पहुंचे पत्रकार**

**विधायक ने पत्रकारों को भेट किया उपहार, लोकतंत्र के चौथे और मजबूत स्तंभ मीडिया के कार्यों की की सराहना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** 184 विधानसभा जगदीशपुर से लोकप्रिय विधायक सुरेश पासी ने शुकुल बाजार और हलियापुर के पांच दर्जन से अधिक पत्रकारों को विधानसभा का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान रास्ते में जलपान का उत्तम प्रबंध कराया, विधानसभा पहुंचकर लाइब्रेरी, मुख्यमंत्री गैलरी, जहां से सदन संचालित होता है उस कक्ष का, जहां विधायक बैठते हैं उस स्थान का, जहां लोकसभा अध्यक्ष बैठते हैं, जहां मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सहित सदन में मौजूद सभी विधायक बैठते हैं, उसका निरीक्षण कराया। साथ-साथ डिजिटल हेलीकॉप्टर के माध्यम से पूरे प्रदेश का भ्रमण कराया, विधायक मेश में भोजन कराया, साथ ही साथ विधानसभा से संदर्भित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए अब तक के सभी मुख्यमंत्री व विधानसभा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विधायक सुरेश पासी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया कर्मियों के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा मीडिया द्वारा देश विदेश की सभी जानकारी आम जनमानस तक पहुंचती है, सरकार के कार्यों को भी जनमानस से अवगत कराया जाता है, जनहित की योजनाओं से भी मीडिया कर्मियों द्वारा अवगत कराया जाता है, घटना और दुर्घटना को भी मीडिया कर्मियों द्वारा अवगत कराया जाता है, यही नहीं जनमानस की समस्याओं पर भी मीडिया कर्मी प्रकाश डालते हैं। और मीडिया कर्मी जनता और सरकार के बीच की मजबूत कड़ी है । जहां किसी का भी ध्यान नहीं जाता उस समस्याओं के बारे में भी मीडिया कर्मी अवगत कराते हैं। ऐसे में मीडिया कर्मियों की कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है इस दौरान शुकुल बाजार से 40 पत्रकार व हलियापुर से 15 पत्रकार विधानसभा ब्राह्मण में शामिल हुए। विधायक सुरेश पासी द्वारा सभी मीडिया कर्मियों को उपहार भेंट करते हुए सम्मानित किया गया, मीडिया कर्मियों ने कहा इसके पूर्व किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस तरह की पहल नहीं की, पहली बार किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा मीडिया कर्मियों को विधानसभा का भ्रमण कराया गया है, जो की सराहनीय है पत्रकारों ने विधायक को धन्यवाद दिया ।इस दौरान रामनाथ प्रधान, अमरचंद मौर्य ,अमन शुक्ला, रामहेत वैश्य भी मौजूद रहे।

# बिना बताए गर्भपात करने में नर्सिंग होम सील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/उतरौला।** बिना अनुमति गर्भपात कराने के आरोप में नगर में संचालित यादव नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। महिला ने डीएम से शिकायत की थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद नर्सिंग होम को सील कर दिया। सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी ने बताया कि मामले की जांच हो रही है। मामले में विधिक कार्रवाई भी कराई जाएगी। संचालक से आरोपों के संबंध में जवाब मांगा गया है। जोगी भारी गांव की पीड़ित महिला संगीता का कहना था कि वह दो माह की गर्भवती थी। कुछ परेशानी हुई तो इलाज के लिए 26 अक्तूबर को नर्सिंग होम गई। पति घर पर नहीं थे इसलिए वह अकेली ही यादव नर्सिंग होम में डॉ. अजय यादव से परामर्श लेने गई थीं। आरोप लगाया कि जांच के नाम पर उन्हें इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। होश आने के बाद उसने खुद को बेहद कमजोर पाया और उसके कपड़ों व शरीर की स्थिति से उन्हें अंदेशा हुआ। घबराई महिला तुरंत बाहर निकली और अगले दिन अल्ट्रासाउंड कराया। रिपोर्ट में गर्भपात की पुष्टि हुई। संगीता का आरोप है कि नर्सिंग होम के डॉक्टर और स्टाफ ने बिना उनकी अनुमति और जानकारी के गर्भपात करा दिया।




**नर्सिंग होम का चक्कर काटती रही, नहीं हुई सुनवाई**

पीड़िता का कहना है कि उसने डॉक्टर और स्टाफ से कई बार पूछा कि उसके साथ क्या किया गया है, लेकिन उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उलटे उससे कहा गया कि अब जो हुआ, हो गया... इलाज करा लो। इससे आहत महिला ने थाने और उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की। कोई कार्रवाई न होने पर जिलाधिकारी को पूरी बात बताई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में व्यवस्था बेहद संदिग्ध थी और इलाज कराने आने वाली महिलाओं को बिना जानकारी दवाएं व इंजेक्शन दे दिए जाते हैं।

**जांच में अप्रशिक्षित स्टाफ मिला, अभिलेख भी दुरुस्त नहीं**

पंजाब नेशनल बैंक के पास संचालित यादव नर्सिंग होम की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार देर शाम जांच की। टीम को मौके पर अस्पताल में अप्रशिक्षित स्टाफ, मानक सुविधाओं का अभाव मिला और अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव और सीएचसी अधीक्षक उतरौला डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह शामिल रहे। एसीएमओ ने बताया कि अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों से कोई प्रशिक्षण प्रमाणपत्र या योग्यता नहीं मिली। कई वार्डों में आवश्यक उपकरण ही नहीं थे। संचालक अस्पताल संचालन से जुड़े कोई कागज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि अस्पताल में जाने-पहचाने डॉक्टरों की तैनाती नहीं थी।

**पंजीकरण है, लेकिन आरोप गंभीर**

यादव नर्सिंग का पंजीकरण तो है, लेकिन आरोप गंभीर है। जांच में कई अन्य खामियां भी मिली हैं। फिलहाल अस्पताल सील कर जांच की जा रही है। जिलाधिकारी को पूरे मामले की रिपोर्ट भेजी जाएगी। - डॉ. मुकेश रस्तोगी, सीएमओ

**आरोप गलत, गर्भपात नहीं किया गया**

एक नर्सिंग होम की साजिश से आरोप लगाए गए हैं। अस्पताल का पंजीकरण है, पीड़ित महिला का गर्भपात नहीं किया गया है। उनका गर्भ खराब हो गया था, अवशिष्ट निकाला गया था। जांच टीम को पूरे साक्ष्य उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ. अजय यादव, संचालक यादव नर्सिंग होम

### कलौथरा गांव में दो पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से हमला

**बच्चों के खेल विवाद में हुआ झगड़ा फसाद**

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कलौथरा में बच्चों के खेल को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्ष भिड़ गए, जिसमें एक महिला घायल हो गई। घटना सोमवार शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। पीड़िता मीरा पत्नी स्व. खुशीलाल कुशवाहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार की शाम दरवाजे पर बच्चों के खेलने को लेकर सावित्री पत्नी सीताराम व सीताराम कुशवाहा पुत्र लक्ष्मण, निवासी ग्राम कलौथरा, गाली-गलौज करने लगे। जब मीरा की भाभी भारती ने गाली देने से मना किया तो विपक्षी पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान भारती को गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो विपक्षी पक्ष जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिल देने से इनकार, ग्राहकों से मनमानी वसूली उपभोक्ता संरक्षण विभाग बना मौन दर्शक

**●-सत्यापन में शिकायत सही निकली उच्च स्तर पर भेजी गई रिपोर्ट - जांच अधिकारी**

**-पटवा कॉस्मेटिक पर ओवररेट और टैक्स चोरी का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के सल्टौआ क्षेत्र स्थित डुमरियागंज रोड पर संचालित पटवा कॉस्मेटिक दुकान पर उपभोक्ता से ओवररेट वसूलने और जीएसटी चोरी करने के गंभीर आरोप लगे हैं शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने 25 अक्टूबर 2025 को उक्त दुकान से हेयर ऑइल खरीदा था, जिसका वास्तविक एमआरपी 270 था, किंतु दुकानदार ने बिना बिल दिए ?250 वसूले। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने बिल देने की मांग की, तो दुकानदार ने बिल देने से साफ इंकार कर दिया। इसके अलावा, जब उन्होंने उसी प्रोडक्ट को दूसरी दुकान से खरीदा, तो वह 50% डिस्काउंट पर मात्र 135 में उपलब्ध मिला। उपभोक्ताओं से दुकानदार द्वारा ओवररेट वसूली टैक्स चोरी भी की जा रही है। शिकायत के बाद भी संबंधित विभागों जीएसटी और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है अधिकारियों की निष्क्रियता को लेकर स्थानीय उपभोक्ताओं में आक्रोश है। उपभोक्ता ने मांग की है कि पटवा कॉस्मेटिक की जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि क्षेत्र में चल रहे ओवररेट और टैक्स चोरी के खेल पर रोक लग सके। सवाल उठता है कि मामले में विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी? या फिर उपभोक्ताओं को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी?

## ट्रेलर और डीज़ल टैंकर की भिड़ंत, दो युवक गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित हरि ओम ढाबा के समीप ट्रेलर और डीज़ल टैंकर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की टीम ने दोनों को जिला अस्पताल पहुँचाया। घटना सोमवार सुबह लगभग छह बजे की है। झांसी निवासी ट्रेलर चालक दशरथ पुत्र जमुना प्रसाद (52 वर्ष) एवं रवि पुत्र चंदन (26 वर्ष) ट्रेलर लेकर झांसी से कुशीनगर की ओर जा रहे थे। पॉलिटेक्निक चौराहे के पास अचानक सामने चल रहे डीज़ल टैंकर से ट्रेलर की भिड़ंत हो गई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद



विशेष जी ने तत्काल 108 नंबर पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस P32E G4961 कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर पहुंची। ईएमटी बृजेंद्र तथा चालक आवेश अली ने घायलों को सुरक्षित एंबुलेंस में शिफ्ट किया। रास्ते में घायल रवि की स्थिति गंभीर होने पर ईएमटी बृजेंद्र ने 108 कंट्रोल रूम में तैनात ईआरसीपी डॉक्टर को स्थिति की जानकारी दी। डॉक्टर के निर्देश पर एंबुलेंस में उपलब्ध उपकरणों की सहायता से प्राथमिक उपचार दिया गया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

### थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उप निरीक्षक अवधेश सिंह मय हमराह हे0 का0 रामबचन यादव व का0 प्रवीन कुमार द्वारा तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कोर्ट नं0 31 जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित एक वारण्टी मो0 तालिव पुत्र अदुल गफ्फार नि0 कटरा मेंदनीगंज (अवनपुर) थाना कोतावली देहात जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### तालबेहट पुलिस ने भैंस चोरी के दो वांछित आरोपी दबोचे

**सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से खुली चोरी की गुत्थी**

**तालबेहट।** भैंस चोरी के मामले में फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को तालबेहट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मु0मुश्ताक के निर्देशन में गठित टीम ने सोमवार को दोनों आरोपियों को दबोचा। बताया गया कि कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 374/ 2025 धारा 303(2) BNS में वादी की तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई थी। आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगाई गई। तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने चन्द्रापुर-बनगुवांखुर्द नहर तिराहा के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पकड़े गए अभियुक्त पहलवान उर्फ नेता सेन पुत्र स्व. मोतीलाल सेन और राजू सहरिया पुत्र स्व. चतरे सहरिया दोनों निवासी ग्राम कडेसराबांसी बताए गए। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा, उपनिरीक्षक दयाशंकर सिंह, उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार,हेड कॉन्स्टेबल शीलेन्द्र भदौरिया, कॉन्स्टेबल प्रवीन कुमार प्रमुख रहे।

## बिल देने से इनकार, ग्राहकों से मनमानी वसूली उपभोक्ता संरक्षण विभाग बना मौन दर्शक

**●-सत्यापन में शिकायत सही निकली उच्च स्तर पर भेजी गई रिपोर्ट - जांच अधिकारी**

**-पटवा कॉस्मेटिक पर ओवररेट और टैक्स चोरी का आरोप**

**बस्ती पुलिस में चटक हुआ जाति के प्रति झुकाव का आरोप विशेष पर बरस रही कृपा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** प्रदेश सरकार के मुखिया पर समय समय पर एक जाति के प्रति झुकाव का आरोप लगता रहता है, लगे भी क्यों ना, जब सबकुछ आखों के सामने दिखाई दे रहा है। बस्ती जनपद के पुलिस कप्तान अभिनन्दन की कृपा एक जाति विशेष पर बरस रही है,बानगी के तौर पर थानेदारों की पोस्टिंग पर एक नजर डालने की जरूरत है




मुंडेरवा थाना के प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप सिंह है, कलवारी के थानाध्यक्ष उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह, परशुराम पुर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक भानुप्रताप सिंह है, हर्रैया के थानाध्यक्ष निरीक्षक तहसीलदार सिंह,वाल्टर गंज थानाध्यक्ष,निरीक्षक जय वर्धन सिंह है,दुबोलिया के थानाध्यक्ष उप निरीक्षक शशांक सिंह है,महिला थाना डॉ शालिनी सिंह को मिलाकर देखा जाय तो कुल सोलह थानो में सात थानो के प्रभारी ठाकुर जाति के है,इसे कुछ लोग कप्तान का जाति प्रेम कह रहे है तो कुछ लोग मिस मैनेजमेंट कह रहे है। लोगों का कहना है की इन थानो के इंचार्ज योग्य कम टिटिएम में माहिर माने जाते है,इस बात को लेकर जनप्रतिनिधि से लगायत मिडिया कर्मी भी चुप मार के बैठे है सब की एक ही राग सैयां भये कोतवाल अब डर काहे का।

## रिज़र्व पुलिस लाइन बलरामपुर में महिला अपराध, साइबर अपराध व यातायात प्रबंधन पर पुलिसकर्मियों की दक्षता परीक्षा संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में आज दिनांक 16 नवंबर 2025 को रिज़र्व पुलिस लाइन में जनपदीय पुलिस कर्मियों की महत्वपूर्ण लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा का उद्देश्य पुलिस बल में महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध तथा यातायात व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझ, कौशल और अपराध रोकथाम की क्षमता का मूल्यांकन करना था। परीक्षा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, जो परीक्षा प्रभारी भी रहे, के नेतृत्व में दो पालियों में संपन्न हुई। जनपद के सभी थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक व अन्य अधिकारियों ने इसमें प्रतिभाग किया। परीक्षा



में कुल 50 अंकों के 30 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 25 बहुविकल्पीय और 5 लघु उत्तरीय प्रश्न शामिल थे। महिला संबंधी अपराध से जुड़े प्रश्नों का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, बालिकाओं के विरुद्ध अपराध तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की समझ को परखना था।

साइबर अपराध वाले भाग में हैकिंग, फ़िशिंग, साइबर स्टॉकिंग आदि मामलों की पहचान, रोकथाम और तकनीकी प्रक्रियाओं का मूल्यांकन किया गया। यातायात व्यवस्था से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से सड़क सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम और यातायात प्रबंधन की जानकारी को आंका गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योति, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर/लाइंस डॉ. जितेन्द्र कुमार, तथा प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक श्री कौस्तुभ त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। परीक्षा में शामिल सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर दक्षता बढ़ाने के इस प्रयास को सफल बनाया। यह पहल जनपद में अपराधों की रोकथाम, बेहतर जांच प्रणाली और बेहतर कानून-व्यवस्था की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित होगी।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुकेश रस्तोगी तथा सीएचसी अधीक्षक श्रीदत्तगंज डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदैया का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के अधीक्षक डॉ आनंद प्रकाश त्रिपाठी एवं सीएमओ डॉ मुकेश रस्तोगी ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदैया का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, रजिस्टर अद्यतन, टीकाकरण कार्य और अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की विस्तृत जांच की। सी एम ओ डॉ. मुकेश रस्तोगी ने ओपीडी में आए मरीजों से बातचीत कर



उपचार तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टीकाकरण कक्ष, प्रसूति कक्ष, दवा वितरण केंद्र और लैब यूनिट का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों को तुरंत सुधार करने के लिए नोटिस भी दिया गया।

अधीक्षक डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य इकाई है, इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने, रिकॉर्ड अद्यतन रखने और स्वास्थ्य योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सुधार की अपेक्षा की जा रही है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंडास बुजुर्ग में सीएमओ ने आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था का निरीक्षण किया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंडास बुजुर्ग का निरीक्षण कर वहां की आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था एवं प्रसव कक्ष की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमओ ने आकस्मिक कक्ष में उपलब्ध संसाधनों, दवाओं, उपकरणों, साफ-सफाई तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही प्रसव कक्ष में उपस्थित स्टाफ की ड्यूटी व्यवस्था, प्रसव सेवाओं की तत्परता एवं मातृ-शिशु सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशंकर सिंह, स्टाफ नर्स अखिलेश पाण्डेय, सोनू और संगीता ड्यूटी पर मौजूद रहे। सभी से सीएमओ ने सेवाओं की उपलब्धता, मरीजों के प्रति व्यवहार तथा आपात स्थितियों की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) राजेश पाण्डेय एवं जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से केंद्र की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। सीएमओ ने कहा कि जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं देना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए नियमित निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है।

### बारात में दो पक्षों के मारपीट, आधा दर्जन से अधिक घायल, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बारात में खाना खाने के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही है। उदयपुर थाना के पेड़रिया गांव में रविवार को रामसजीवन भारती के लड़की की शादी थी। शाम लगभग आठ बजे खाना को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। लेकिन लोगों ने बीचबचाव कर शांत करा दिया। सोमवार सुबह लगभग नौ बजे नाश्ता करने के दौरान दोनों पक्षों में फिर विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते लाठी डंडा से मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष के ननकैया 58 वर्ष, संतोष 18, नथुन्ना 25, रानी 21, मनीषा 17, शिवानी 38 चुटहिल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के रामनिहोर भारती 35 व उर्मिला देवी 45 भी घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी सांगीपुर लाया गया। ननकैया को गंभीर हालत देख डाक्टरों ने जिला रेफर कर दिया। उदयपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवा संघ ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय युवा संघ द्वारा 16 नवंबर, मंगलवार को सर्दी से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के लिए गर्म कपड़ों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के सदस्यों ने शहर की विभिन्न बस्तियों में पहुँचकर गरीब एवं असहाय लोगों को स्वेटर, जैकेट,



शॉल सहित आवश्यक ऊनी वस्त्र प्रदान किए। सेवा गतिविधि में नितिन पंथ, अंश, अनुभव, हर्ष, आदित्य, आसवेन्द्र, कुंवर जी, ऋषि तथा मोहित सहित युवा संघ के अनेक सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सदस्यों ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह सेवा अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुँच सके। स्थानीय नागरिकों ने युवा संघ की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वीरेंद्र शुक्ला बने कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष

**डॉ. शालिनी साहू को मिली मंत्री की जिम्मेदारी।**



**लालगंज (रायबरेली)।** बैसवारा इंटर कॉलेज में सोमवार को कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वीरेंद्र कुमार शुक्ला को अध्यक्ष और सर्वसम्मति से डॉ. शालिनी साहू को मंत्री चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती सभी की एकजुटता से ही आती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से साथ मिलकर काम करने की अपील की। मंत्री डॉ. शालिनी साहू ने कहा कि वह अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करेंगी और कर्मचारियों के हितों की बात आगे रखेंगी।चुनाव के बाद शिक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक में यह भी तय हुआ कि 8 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहयोग करेंगे। प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राजेंद्र राठौर, रणधीर सिंह, भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, विनोद सिंह, उदय विक्रम सिंह, सुनील त्रिपाठी, रामजीलाल श्रीवास्तव, सोमेश सिंह, सीमा, सपना सिंह, प्रियांशी, रीता, बृजेश शर्मा सहित सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### गाली गलौज कर रहे युवक का विरोध करने पर युवक ने महिला पर कुल्हाड़ी से किया हमला केस दर्ज

**महराजगंज/रायबरेली।** नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे युवक का विरोध करने पर युवक ने महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को युवक के खिलाफ एससी एसटी सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। घटना कोतवाली क्षेत्र के ओनई जंगल गांव की है। चंदापर थाना क्षेत्र के जनई गांव नवासी राम स्वरूप ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढे आठ बजे उसकी बेटी ओनई जंगल गांव में अपने घर पर मौजद थी, तभी गांव के पप्पू पुत्र रामकमार ने पुरानी रंजिश को

लेकर नशे की हालत में गाली गलौज शुरू कर दी। उसकी बेटी के विरोध करने पर आरोपी ने पास में पड़ी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसे कापी चोटें आई, शोरगुल सुनकर गांव वालों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया । एबुलंस की मदद से घायल बेटी को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी बेटी की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसक इलाज अभी भी चल रहा है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घायल महिला के पिता की तहरीर पर एससी एसटी सहित अन्य संबंधित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कायवाही की जाएगी।

### जम्मू तवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत रेलवे लाइन हुई बाधित



**मलिहाबाद।** सोमवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ जब एक 20 वर्षीय युवक जम्मू तवी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई लगभग एक घंटे यातायात प्रभावित रहा। घटना मलिहाबाद रेलवे स्टेशन से महमूदनगर ढाल के बीच पोल संख्या 94/30 पर हुई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक का शव ट्रेन में बुरी तरह फंसा हुआ था। रेलवे लाइन को तुरंत क्लियर करने और शव को निकालने के लिए पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों की मदद ली। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका जिसके बाद रेलवे लाइन को यातायात के लिए साफ किया गया।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मृतक की पहचान विकास कुमार 20 निवासी पाठकगंज, महमूदनगर के रूप में हुई। घटना स्थल पर मृतक के पिता रामगोपाल और ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार भी मौजूद पाए गए। पुलिस ने बताया कि उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह दुर्घटना थी या कोई अन्य कारण।

# सीतापुर में जेठ ने बहू की रेती गर्दन, बांके से किया ताबड़तोड़ हमला; चारा काटने को लेकर हुआ विवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में सोमवार सुबह महिला और जेठ में चारा काटने को लेकर विवाद हुआ। जिससे गुस्से में आए महिला के जेठ ने बांका से गला रेतकर हत्या कर दी। जिससे महिला गंभीर हालत में जमीन पर गिर पड़ी। वहीं अंजलि की मौके पर ही मौत हो गई वहीं हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के तुतहीपुर गांव का है। वहीं अंजलि और जेठ जगतराम में जमीन को लेकर अक्सर विवाद होता था। अंजलि के नाम पर 16 बीघा जमीन थी। जो पति की मौत के बाद इकलौती बेटी के साथ ससुराल में ही रहती थी जिसको लेकर जेठ अक्सर जमीन को लेकर मारपीट करता था दरअसल सोमवार सुबह तुतहीपुर गांव में अंजलि (35) पत्नी स्वर्गीय पलटूराम घर पर मशीन से चारा काट रही थी इसी दौरान उसके जेठ जगतराम के साथ चारा काटने को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान जेठ ने पास में रखा बांका उठाकर गला रेत दिया। जिससे अंजलि जमीन पर गिरकर तड़पने लगी। जिसकी 5 मिनट बाद मौत हो गई चीख सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने अंजलि को खून से लथपथ पड़ा देखा, जबकि आरोपी भाग चुका था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अंजलि के नाम 16 बीघा जमीन थी। अंजलि की एक 6 साल की बेटी रोशनी है। वहीं अंजलि के पति की 2 साल पहले मौत हो गई थी जिसके बाद से महिला और जेठ का परिवार गांव में अलग-अलग रहते है। जेठ जगतराम की पत्नी भी करीब 10 साल पहले मौत हो गई थी आरोपी जेठ को 2 बेटी और दो बेटे है। जिसमें 2 बेटियों की शादी हो चुकी है। बेटे संदीप (22), छोटू (18) पर ही रहकर खेती का काम करते है ग्रामीणों का कहना है कि चारा मशीन को लेकर परिवार में पहले भी विवाद होते रहते थे। अंजलि के पति पलटूराम की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद से अंजलि गांव में ही रहती थी। जेठ-जिठानी में पिछले कई दिनों से तनाव चल रहा था। सोमवार को मशीन में चारा काटने की बात को लेकर विवाद ज्यादा हो गया। जिससे जेठ ने गुस्से में आकर बांका से वार कर बहू का गला रेत दिया। दोनों के बीच कई दिनों से तनाव चल रहा था। जो सोमवार को चारा काटने की बात पर खूनी संघर्ष में बदल गया ग्रामीण रामकुमार ने बताया कि जमीन हड़पने के लिए जेठ ने हत्या की है। घटना के समय महिला घर में चाय बना रही थी। उसी दौरान जेठ जगतराम ने बांके से हमला कर दिया। उसकी मौत हो गई। महिला के पति की करीब 2 साल पहले मौत हो गई थी। हमले के दौरान चीख पुकार सुनकर हम लोग पहुंचे तो जगतराम भाग गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी जेठ की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्राथमिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह का कहना है कि चारा मशीन पर चारा काटने को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद जगतराम ने अंजलि पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस लगी है। तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

## पुलिस को मिली कामयाबी बाइक लूटकांड का बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, एसओजी और पुलिस की कार्रवाई

**● पैर में गोली लगने से बदमाश घायल बाइक बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के लहरपुर कोतवाली इलाके में बीते 4 दिन पूर्व हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर शातिर अपराधी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है पुलिस और एसओजी टीम ने रविवार देर शाम को मुठभेड़ के दौरान धर-दबोचा, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं गौरतलब है कि 12 नवंबर को थाना लहरपुर क्षेत्र के ग्राम घुड़सरिया के पास हुई युवक से हुई बाइक लूट की घटना में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। मामले के अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित टीमों को कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए थे। रविवार देर शाम पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपी प्रियांशु पुत्र अमर सिंह निवासी जमसकरा, अपने एक साथी के साथ किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में है एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि सूचना पर पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी की कोशिश की, जिस पर मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी प्रियांशु के बाएं पैर में गोली लगी और वह गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट) जिसे घटना में लूटा गया था, वीबो कंपनी का मोबाइल फोन, 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस तथा 1500 रुपये नकद बरामद हुए हैं। आरोपी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार प्रियांशु का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें सीतापुर, हरगांव, सकरन और लखीमपुर खीरी क्षेत्रों में उसके खिलाफ कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं!!

## 100GB डेटा, 28 दिनों तक अनलिमिटेड कॉलिंग; सस्ते में कौन-सी कंपनी ले आई धमाकेदार ऑफर?




**लखनऊ।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने स्पेशल टैरिफ वाउचर (एसटीवी) 251 जारी किया है। इसमें 28 दिनों तक असीमित कालिंग के साथ 100 जीबी हाईस्पीड डेटा व प्रतिदिन 100 एसएमएस मिलेंगे। यानी 8.96 रुपये प्रतिदिन खर्च कर ये सुविधाएं ले सकते हैं। मंडल कार्यालय के उपमहाप्रबंधक (विक्रय एवं विपणन) आलोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह प्लान विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। हालांकि इसका लाभ कोई भी प्रीपेड ग्राहक ले सकता है। 100 जीबी डेटा खत्म होने के बाद 40 केबी प्रति सेकेंड गति पर असीमित डेटा मिलेगा। 13 दिसंबर तक रीचार्ज कराने वाले ग्राहकों को इस प्लान का लाभ मिलेगा।

## मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा प्रो0 (डा0) भरत राज सिंह को 'मोती पुरस्कार' से सम्मानित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के वैश्विक एलुमनाई सम्मेलन-2025 में आठ विशिष्ट पूर्व छात्रों को विभिन्न श्रेणियों में प्रतिष्ठित 'मोती पुरस्कार' प्रदान किए गए।

लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भारतीय नौसेना में असाधारण योगदान हेतु वाइस एडमिरल अशोक कुमार कालरा को प्रदान किया गया। प्रोफेशनल एक्सीलेंस अवार्ड उत्तर-पश्चिम रेलवे के अमिताभ, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ के प्रो0 (डा0) भरत राज सिंह को उत्कृष्ट अकादमिक एवं शोध कार्य हेतु, तथा जेडब्ल्यू एनर्जी के शरद महेंद्र को प्रदान किया गया।

उद्यमिता एवं नवाचार पुरस्कार सारसा फाउंडेशन के संस्थापक कुलदीप त्यागी को दिया गया, जबकि अल्मा मेटर एवं समाज सेवा श्रेणी में विजय वाचवन (पैनासोनिक इंडिया) को सम्मानित किया गया। यंग अचीवर अवार्ड असम के घुबरी की एडीएम सृष्टि सिंह और डेल्हीवरी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट प्रशांत गाजीपुर को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इनमोबी एवं ग्लांस के संस्थापक एवं सीईओ नवीन तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि एसजेवीएन लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रमेश नारायण मिश्रा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने भारत की यात्रा 'मेड इन इंडिया' से 'इमेजिन्ड इन इंडिया' तक को रेखांकित करते हुए कहा कि विश्व आज मानव इतिहास के सबसे रोमांचक युग में प्रवेश कर रहा है, जिसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु तकनीक और जैव अभियांत्रिकी दिशा दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने, जिम्मेदारी से निर्माण करने और तकनीक को मानवीय बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भारत अब वैश्विक विकास का केवल सहभागी नहीं, बल्कि उसका प्रेरक बन चुका है। कार्यवाहक निदेशक प्रो0 शुभी पुरवार ने पुरस्कार विजेता पूर्व छात्रों को संस्थान का गौरव बताया। वैश्विक एलुमनाई सम्मेलन-2025 के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार दुबे ने कहा कि विश्वस्तरीय संस्थानों के विकास का बड़ा हिस्सा उनके पूर्व छात्रों की सक्रिय सहभागिता से सम्भव होता है।

अपने उद्बोधन में प्रो0 भरत राज सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी जीवन यात्रा के उन सभी पुरस्कारों में से एक विशिष्ट है, जिनमें 1965 से अब तक राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति एवं विश्वविद्यालयों द्वारा दिए गए अकादमिक और शिक्षण उत्कृष्टता सम्मान शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के शिक्षकों ने केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन-मूल्य भी प्रदान किए, और वैश्विक समस्याओं में अवसर खोजने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि इन्हीं शिक्षाओं ने उन्हें अनेक ऊँचाइयों तक पहुँचाया–अमेरिका के हाई स्कूल (कक्षा 9-12) की शिक्षा प्रणाली में उनके कार्यों का उपयोग किया और नासा के ग्लेशियर पिघलाव संबंधी शोध-पोर्टल पर उनके विश्लेषण को स्थान मिला।

उन्होंने यह भी साझा किया कि कार्बन उत्सर्जन कम करने हेतु वायु-चालित शून्य-प्रदूषण मोटरबाइक इंजन 'एयर-ओ-बाइक' के अनुसंधान ने उन्हें वैज्ञानिक नवाचार का अनूठा अवसर प्रदान किया।

## सिधौली में उन्मुक्त कार्यक्रम के तहत 4-दिवसीय 'मैं भी चैंपियन तुम भी चैंपियन' प्रशिक्षण सम्पन्न



**सिधौली, सीतापुर–** मिलान संस्था द्वारा संचालित उन्मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत स्वरचना स्कूल, सिधौली में लगभग 100 किशोर-किशोरियों के लिए आयोजित चार दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण उत्साहपूर्ण और इंटरएक्टिव माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और वकालत जैसे महत्वपूर्ण विषयों को गतिविधियों, समूह चर्चाओं और रोल-प्ले के माध्यम से सीखा। बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने सत्रों को और अधिक जीवंत बनाया और उन्हें वास्तविक परिस्थितियों को समझने व उचित प्रतिक्रिया विकसित करने में मदद की। प्रशिक्षण का संचालन मिलान संस्था के ट्रेनिंग ऑफिसर आलोक शुक्ला, अमित कुमार, और दीपाली शर्मा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक समन्वयक एवं फैसिलिटेटर शोभा पाल, रजनीश,यादव शिवाकांत, लवकुश और अन्य फैसिलिटेटर भी उपस्थित रहे। मिलान संस्था का उद्देश्य किशोर-किशोरियों को आत्मविश्वासी, सक्षम और नेतृत्व के लिए तैयार बनाना है, ताकि वे समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।

## पैदल जा रहें युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सातनपुर गांव में रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। गांव के रहने वाले हरिशंकर शुक्ला (45) अपने भाई को खाना देने के लिए पैदल सड़क किनारे जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जब उन्हें जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक दिल्ली में एक कपड़े की दुकान पर काम करते थे। कुछ दिनों पहले ही अपने गांव आए थे। वे अविवाहित थे। परिवार में छह भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया। बड़े भाई राम शंकर छोटे भाई करुणा शंकर, रजोले, राम प्रकाश, सधोले सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## सुंदरकांड और राज्याभिषेक प्रसंग ने भावविभोर किए श्रोता

**● सात दिवसीय मानस मंदाकिनी श्रीराम कथा का समापन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के नई बाजार मोहल्ला स्थित श्री संस्कृत विद्यालय परिसर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय मानस मंदाकिनी श्री राम कथा का सोमवार को समापन हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास नीशू भारद्वाज गोपी जी ने सुंदरकांड, लंका विजय और श्रीराम राज्याभिषेक का मनोहारी प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर मौजूद श्रोता भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना स्वान्तः सुखाय की थी। उन्होंने बताया कि बालकांड निर्विकार का, किष्किंधा कांड संस्कार का, सुंदरकांड वास्तव में सुंदरता का, लंका कांड अहंकार मोचन का और उत्तरकांड भागवत साक्षात्कार का कांड है। उन्होंने कहा कि राम कथा चार स्थानों पर निरंतर चली आ रही है। कैलाश पर्वत पर भगवान शिव मां पार्वती को, तीर्थराज प्रयाग में याज्ञवल्क्य जी, नीलगिरि पर्वत पर कागभुसुंडी जी गरुड़ को और काशी में गंगा तट पर तुलसीदास जी अपनी लेखनी के माध्यम से मां गंगा को कथा सुनाते हैं। समिति ने बताया कि सात दिनों तक भक्तिमय वातावरण में कथा आयोजित हुई। मंगलवार को हवन पूजन और भंडार का आयोजन होगा। कथा में यजमान अंकिचन मिश्रा, उनकी पत्नी सरिता मिश्रा, एडवोकेट संजीव पांडेय व पूजा पांडेय, महेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, जेपी सिंह, संतोष तिवारी, संजय तिवारी, अरविंद अग्निहोत्री, रणवीर सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## कस्बे में जाम की समस्या से लोग परेशान, हररोज ठप हो रही यातायात व्यवस्था

**● पटरी तक फैला अतिक्रमण, वाहनों को निकलना मुश्किल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लगभग हर दिन दोपहर बाद मेन रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लोग कई कई घंटे जाम में फंसे रहते हैं। स्कूल से लौटते बच्चों, मरीजों और ऑफिस जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। मेनरोड पर अस्पताल मोड़ से लेकर करुणा बाजार चौराहा व रायबरेली रोड रेलवे क्रॉसिंग तक जाम रोज की कहानी बन गया है। दुकानों के सामने गलत तरीके से खड़े वाहन, रोड तक ठेलों और सब्जी दूकानदारों का कब्जा और बढ़ते ट्रैफिक दबाव से हालात बिगड़ जाते हैं। रेलवे गेट बंद होते ही जाम और भी बढ़ जाता है। कई बार छोटे वाहन आडे तिरछे फंस जाते हैं। इससे सड़क पर दोनों ओर की लाइनें लंबी होती चली जाती हैं। चौपहिया वाहन, स्कूल वाहन, एंबुलेंस यहाँ तक कि बाइक सवार भी जाम में अटक जाते हैं। गाड़ियों में बैठे यात्री परेशान हो उठते हैं। कई लोगों को निकलने से पहले खुद वाहन से उतरकर जाम खुलवाते देखा जा सकता है। ड्यूटी में तैनात होमगॉर्ड और पुलिसकर्मी हर दिन जाम खोलने में जुटे रहते हैं। लेकिन स्थायी समाधान न होने से हालात दोबारा बिगड़ जाते हैं। बृजेश शर्मा, टीके शुक्ला, लाला अवस्थी, हृदयेश कुमार, विनय, शनि सिंह, रणवीर सिसोदिया, बबलू तिवारी, अतुल शर्मा सहित नगर वासियों ने बताया कि जाम के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। लोग जरूरी खरीदारी करने के लिए मंडी आने से कतराने लगे हैं। व्यापारियों ने नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि नगर में अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने प्रशासन से रोज रोज की इस समस्या से राहत दिलाए जाने की अपील की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

## उपजिलाधिकारी ने कई गांवों में जाकर एस आई आर की प्रक्रिया से लोगों को किया जागरूक

**महराजगंज रायबरेली।** उपजिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह ने रविवार को क्षेत्र के कई गांवों में जाकर लोगों से मिलकर चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एस आई आर) के तहत कस्बे के बगल स्थित पूरे सुखई आजाद नगर बूथ संख्या 257 व मऊ गर्वी के बरीबरा गांव में एस आई आर की प्रक्रिया से लोगों को जागरूक किया। आजाद नगर में बूथ संख्या 257 की बीएलओ आरती धीमान को नए मतदाताओं को शामिल व तलाक, मृतक व पलायित मतदाताओं को सूची से विलोपन की जानकारी दी। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि सभी लेखपालों को बीएलओ के साथ एस आई आर के सम्बन्ध में संवाद व सहयोग स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाताओं से बातचीत कर आवश्यक दस्तावेज बीएलओ को देने साथ उनकी मदद करने की भी अपील की है।

## उधार सिगरेट न देने पर रेता गला धारदार हथियार से हमला, युवक गंभीर पुलिस पर लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के याकूबपुर गांव में उधार सिगरेट न देने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया यह घटना रविवार देर रात हुई। घायल युवक को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, याकूबपुर निवासी रामगुलाम पैंतेपुर में अजीत की किराना दुकान पर काम करते हैं। शनिवार को शुभम नामक एक युवक दुकान पर आया और उधार सिगरेट मांगी रामगुलाम ने सिगरेट देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद शुभम ने उनकी पिटाई कर दी इस घटना के बाद रामगुलाम ने पैंतेपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, रामगुलाम का आरोप है कि चौकी पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण रविवार को स्थिति बिगड़ गई। रविवार शाम को रामगुलाम का बेटा महेंद्र रावत लखनऊ से घर लौट रहा था और दुकान के पास पहुंचा। इसी दौरान शुभम ने रामगुलाम को जातिसूचक शब्द कहे। महेंद्र द्वारा इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया शुभम अपने भाई के साथ आया और मारपीट के दौरान उसने महेंद्र के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया महमूदाबाद के कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी!

## श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ की तैयारियां तेज

**हमीरपुर :-** सुमेरपुर कस्बा में श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ की तैयारियां जोरों पर हैं। आगामी 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक होने वाली इस विशाल धार्मिक आयोजन के लिए तपोभूमि प्रांगण को चकाचक बनाया जा रहा है। वर्ष 1957 में ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागा स्वामी जी ने कस्बे के इस निर्जन भुतहा स्थान पर विशाल गायत्री महायज्ञ कराकर मां गायत्री की स्थापना कराई थी। तब से यह भुतहा स्थान तपोस्थली बन गया है। प्रतिवर्ष इस महायज्ञ की वर्षगांठ श्रद्धा उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस वर्ष यह धार्मिक आयोजन 24 नवंबर से शुरू हो रहा है। मेला मैदान सजकर तैयार होने लगा है। श्रीमद् भागवत कथा पंडाल की तैयारी शुरू हो गई है। तपोभूमि के साथ देवी देवताओं के मंदिरों की साफ सफाई का कार्य चरम पर है। यज्ञवेदी को चकाचक किया जा रहा है। यहां पर 65 कर्मकांडी ब्राह्मण निरंतर श्री गायत्री महामंत्र का जाप करके चार दिसंबर को सुबह पूर्णाहुति देंगे। इसके बाद विशाल भंडारे के साथ दस दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

## P 34 प्रीमियर लीग का रोमांचक फाइनल, पंकज पारा आर्यंस ने शाने मच्छरेटा को हराकर जीता खिताब, मंत्रियों ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** P 34 प्रीमियर लीग का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला रविवार को शानदार माहौल में खेला गया, जिसमें पंकज पारा आर्यंस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शाने मच्छरेटा को हराकर खिताब अपने नाम किया। मैदान में मौजूद हजारों दर्शकों ने पूरे मैच को बेहद रोमांचक बना दिया और खिलाड़ियों का जोरदार उत्साहवर्धन किया।

**फाइनल में मंत्रियों और जिला अध्यक्ष की विशेष उपस्थिति**

फाइनल मुकाबले की शोभा तब और बढ़ गई जब कार्यक्रम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही तथा भाजपा के ज़िला अध्यक्ष राजेश शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की, उत्साह बढ़ाया और पुरस्कार वितरण में हिस्सा लिया।

**विजेता और उपविजेता को मिले आकर्षक पुरस्कार**

आयोजन समिति की ओर से फाइनल विजेता पंकज पारा आर्यंस को 1 लाख रुपये व ट्रॉफी की पुरस्कार राशि दी गई, जबकि उपविजेता शाने मच्छरेटा को 51,000 रुपये का इनाम व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान मैदान तालियों और नारों से गुंजायमान हो उठा।

**टूर्नामेंट आयोजन में कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका**

क्क 34 प्रीमियर लीग इस वर्ष उत्कृष्ट प्रबंधन, अनुशासन और साफ-सुथरे आयोजन के लिए खास तौर पर चर्चा में रहा।

शाहनवाज़ हुसैन ने टूर्नामेंट में मीडिया कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई।

सागर गुप्ता इस लीग के ब्रांड एंबेसडर रहे, जिन्होंने बहुत मेहनत कर आयोजन को सफल बनाया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सरताज खान, उपाध्यक्ष पंकज मस्सा और नीशू ने पूरे टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक संचालित किया।

टूर्नामेंट के आयोजक आदिल और अनस इस आयोजन की मूल आधारशिला रहे। वहीं अबुल हसन मून, नेहाल इक़बाल मोनिस और अन्य सदस्यों की अथक मेहनत से यह टूर्नामेंट पूरी तरह सफल हो सका।

**रोमांचक खेल, शानदार वातावरण**

फाइनल मैच की हर गेंद ने दर्शकों को रोमांचित किया। बल्लेबाज़ों के आकर्षक शॉट्स और गेंदबाज़ों की शानदार गेंदबाज़ी ने मुकाबले को यादगार बना दिया। दर्शकों की भारी भीड़ ने पूरे मैच के दौरान उत्साह का माहौल बनाए रखा।

क्क 34 प्रीमियर लीग का यह फाइनल सीतापुर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार दिन बन गया और आयोजन समिति की मेहनत तथा खिलाड़ियों के उम्दा खेल का बेहतरीन उदाहरण पेश किया।

# मुख्यमंत्री होकर भी अब उछल-कूद नही कर सकेंगे नीतीश कुमार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ये कथन इस बार के बिहार के जनादेश पर सही उतरता है कि बिहार दुनिया को राजनीति सिखाता है। इस जनादेश ने जहां विपक्षी दलों को उनकी औकात बता दी,वहीं नीतीश कुमार को भी बता दिया कि अगले पांच साल भाजपा के बिना गुजारा नही है। मुख्यमंत्री बने रहना है तो भाजपा को साथ लेकर चलना होगा। उसे नजर अंदाज कर मुख्यमंत्री नही रह सकते। इस बार आप पाला नही बदल पाओगे। भाजपा के दबाव में काम करना होगा। बिहार में नई सरकार गठन को लेकर तस्वीर अब काफी हद तक साफ होती दिख रही है। एनडीए गठबंधन के मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार की ही ताजपोशी होगी, जबकि बीजेपी को दो डिप्टी सीएम दिए जाने की चर्चा तेज है। इस बार भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार कर गई । ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना अब सरल नहीं रह गया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। वैसे ये तय है कि ज्यादा सीट मिलने के कारण नीतीश कुमार के मंत्री मंडल में भी भाजपा के मंत्रियों की संख्या भारी होगी। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर बता दिया कि ये चमत्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति की देन है। एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, ,महिलाओं के लिए योजनाएं, मुफ्त शिक्षा, कृषि सुधार तथा बुनियादी ढांचे का विकास आदि शामिल है। इस बार के चुनाव की विशेषता यह भी है कि बिहार की 243 सीट में एनडीए गठबंधन को 202 ,महागठबंधन को 35, एआईएमआईएम को पांच और अन्य को एक सीट मिली। भाजपा को 89 सीट मिली और वह प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। नीतीश कुमार की जदयू को 85 सीट मिली। 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ। ये मतदान पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा । ऐसा लगता है कि एनडीए ने एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीता है। महागठबंधन की करारी हार बताती है कि चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इकट्ठी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास नही जीत सका। इन चुनावों की बड़ी देन चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। सीटों पर उनकी मजबूत पकड़ ने यह बता दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से लिखेंगे। इस बार के चुनाव में पहली बार 'जन सुराज पार्टी ' नामक एक नया राजनैतिक दल ने भी बिहार की राजनीति में अपनी ज़ोरदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए।बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित,बुद्धिजीवी,पूर्व नौकर शाह,पूर्व आई ए एस,आई पी एस,वैज्ञानिक,गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं, किंतु किसी को विजय नही मिली। जन सुराज पार्टी ' के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं, जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिये एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। पार्टी की बुरी हार ने यह साबित कर दिया कि उनके दावों में कोई दम नही था। इस बार ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार की जनता को एनडीए से अपेक्षाएं भी बहुत हैं। देखना है कि एनडीए सरकार उनकी अपेक्षाओं पर कैसे खरी उतरती है।

एनडीए को सुशासन लाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए काम करने के साथ साथ राज्य में ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी कि बिहार में तस्करी से शराब न आ सके। शराब बंदी पूरी तरह और सख्ती से लागू हो। कुल मिलाकर बिहार की जनता ने जो भारी मतदान किया वह जंगलराज, परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ है। मतदान सुशासन, स्त्री सुरक्षा और पलायन रोकने के पक्ष में है। विपक्ष ने बिहार के जेन- जी को भड़काने का प्रयास किया लेकिन उसने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया। बिहार के चुनाव परिणाम साधारण नहीं है। इनका परिणाम भारत के भविष्य के निर्माण की दिशा तय करने वाला है।इस चुनावी जनादेश को जनविश्वास की कसौटी से देखना होगा। विश्लेषकों द्वारा बिहार विधानसभा 2025 चुनाव में राजग की जीत सुनिश्चित मानी जा रही थी तथापि महागठबंधन की इतनी करारी हार की आशंका किसी को नहीं थी, राजग और महागठबंधन के नेताओं को भी नहीं। इन परिणामों ने सभी को चौंकाया है। राजग की अप्रत्याशित जीत, भाजपा नीत मोदी सरकार तथा बिहार में नीतीश सरकार पर जनता के भरोसे की जीत है। बीस वर्ष बाद भी लालू के शासनकाल का जंगलराज जनता भूल नहीं पाई है। बिहार की जनता ने जातिवाद, परिवारवाद, मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। गरीब, महिला, किसान और युवा मतदाता का नया समीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। बिहार के 2025 विधानसभा चुनाव न केवल राजग की राजनीतिक जीत है बल्कि लोकतांत्रिक पुनर्पुष्टि का संकेत है। एनडीए की जीत स्पष्ट और व्यापक है, जो महिलाओं, जातिगत गठजोड़, संगठनात्मक मजबूती और मजबूत कल्याण नीतियों के मिश्रण से संभव हुई। वहीं, विपक्ष को यह सोचना होगा कि उसका जनसंवाद आखिर कहाँ चूक गया और भविष्य में उसे कैसे समायोजित किया जाए। यह परिणाम बिहार की राजनीति के अगले अध्याय की शुरुआत हो सकता है – लेकिन यह भी सच है कि लोकतंत्र अब और अधिक सक्रिय, उत्तरदायी और बहुआयामी होता जा रहा है। भविष्य में न सिर्फ पार्टियों की राजनीतिक रणनीतियाँ, बल्कि उनके विकास मॉडल और सामाजिक संकल्प भी इस मतदाता-जनादेश द्वारा परख की जाएँगी।

**अशोक मधुप**

# ब्रिटिश तानाशाही के खिलाफ सबसे निडर विद्रोही थे बटुकेश्वर दत्त

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक ऐसे नाम हैं जिनका योगदान अतुलनीय रहा है, परंतु जिनके जीवन और संघर्ष को आज भी वह स्थान नहीं मिला जिसके वे सच्चे हकदार थे। बटुकेश्वर दत्त ऐसा ही एक नाम हैं—एक ऐसा क्रांतिकारी, जिसने केवल ब्रिटिश राज के विरुद्ध संघर्ष नहीं किया, बल्कि न्याय और समानता के लिए अपने पूरे अस्तित्व को दांव पर लगा दिया। 18 नवम्बर 1910 को बंगाल के बर्दवान जिले के एक छोटे से गाँव में जन्मा यह युवक अपनी युवा अवस्था में ही राष्ट्रीय चेतना से इस कदर ओतप्रोत हो गया कि पूरी जिंदगी स्वतंत्रता के आदर्शों के प्रति समर्पित कर दी। आज जब हम स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों और चुनौतियों पर विचार करते हैं, तब यह जरूरी हो जाता है कि उन अनदेखे नायकों को भी याद किया जाए जिन्होंने अपने साहस, तप और त्याग से इस देश को आज़ादी की राह दिखाई। कानपुर में पढ़ाई के दौरान बटुकेश्वर दत्त की मुलाकात भगत सिंह से हुई। यह संयोग नहीं, बल्कि इतिहास की नियति थी। दोनों के बीच विचारों का ऐसा आदान-प्रदान हुआ जिसने दत्त के व्यक्तित्व में क्रांतिकारी ऊर्जा का संचार किया। वे हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े और शीघ्र ही संगठन के विश्वसनीय सदस्य बन गए। 1920 के दशक के अंत में जब ब्रिटिश सरकार लगातार दमनकारी कानून लागू कर रही थी, तब क्रांतिकारी गतिविधियों का स्वरूप भी व्यापक और वैचारिक हो रहा था। इसी संदर्भ में 1929 में ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रमिक-विरोधी बिल के विरोध ने आंदोलन को नई दिशा दी। यह बिल न केवल मजदूरों की हड़ताल के अधिकार पर चोट करता था, बल्कि साम्राज्यवादी नियंत्रण को और अधिक मजबूत बनाता था। इस अन्याय के प्रतिकार में दत्त और भगत सिंह ने प्रतीकात्मक बम विस्फोट की योजना बनाई—एक ऐसा विस्फोट, जिसका उद्देश्य किसी प्रकार की हिंसा नहीं, बल्कि दमनकारी शासन के प्रति जनता की चेतना को जगाना था।8 अप्रैल 1929 को दिल्ली की केंद्रीय विधानसभा में किया गया बम विस्फोट भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदल देने वाली घटना साबित हुआ। विस्फोट के बाद दत्त और भगत सिंह वहीं खड़े रहे, नारे लगाए, पर्चे फेंके, और स्वयं गिरफ्तारी दी। यह कदम इस बात का प्रतीक था कि उनकी लड़ाई हिंसा से नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ सशक्त वैचारिक प्रतिरोध से थी। उस दिन उन्होंने ब्रिटिश सरकार को अहसास कराया कि भारतीय युवाओं की क्रांति केवल बंदूक का शोर नहीं, बल्कि आत्मबल और विवेक का विस्फोट भी है। गिरफ्तारी के बाद बटुकेश्वर दत्त को आजीवन कारावास की सज़ा दी गई और उन्हें काला पानी की भयावह जेल भेजा गया। सेल्युलर जेल की यातनाएँ किसी भी मनुष्य को तोड़ने के लिए पर्याप्त थीं, लेकिन दत्त ने इन्हें संघर्ष का एक और मोर्चा बना लिया। 1933 और 1937 में किए गए उनके भूख हड़तालों ने न केवल जेल प्रशासन को झुकने पर मजबूर किया, बल्कि पूरे देश का ध्यान क्रांतिकारी कैदियों की दशा की ओर आकर्षित किया। भगत सिंह ने अपने एक पत्र में दत्त के इस साहस की सराहना करते हुए लिखा था कि क्रांतिकारी केवल मरते ही नहीं, बल्कि जीवित रहकर भी लड़ते हैं—और दत्त ने इसे अपने कठोर जीवन से सिद्ध कर दिखाया। आज़ादी के निकट आते-आते दत्त की भूमिका कम नहीं हुई। 1938 की अस्थायी रिहाई के बाद भी वे लगातार आंदोलन से जुड़े रहे। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में पुनः गिरफ्तार किए गए, और एक बार फिर उन्हें ब्रिटिश यातनाओं का सामना करना पड़ा।



किंतु स्वतंत्रता के बाद उनकी सबसे त्रासद कहानी शुरू होती है—वह कहानी, जिसमें एक महान क्रांतिकारी को अपने ही देश में उपेक्षित रहना पड़ा। आज़ाद भारत में बटुकेश्वर दत्त को न सम्मान मिला, न आर्थिक सुरक्षा। जीवनयापन के लिए उन्हें सिगरेट एजेंट, टूरिस्ट गाइड जैसी नौकरियाँ करनी पड़ीं। उनका परिवार आर्थिक संघर्षों से जूझता रहा, और वे स्वयं बीमारियों और उपेक्षा के बीच धीरे-धीरे टूटते गए। यह विडंबना केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के इतिहास का वेदनापूर्ण अध्याय है, जहाँ कई क्रांतिकारी अपनी योग्यताओं के अनुरूप मान्यता से वंचित रह गए। 20 जुलाई 1965 को बटुकेश्वर दत्त ने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम इच्छा थी कि उनकी अस्थियाँ हुसैनीवाला में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की समाधियों के पास विसर्जित की जाएँ—यह सिर्फ एक इच्छा नहीं थी, बल्कि उन आदर्शों के प्रति उनकी अमर प्रतिबद्धता का प्रतीक थी, जिन्होंने उनके जीवन को अर्थ दिया। आज बटुकेश्वर दत्त का जीवन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमने उनकी विरासत को उतनी गंभीरता से संभाला है, जितनी वह हकदार थी? उनका जीवन बताता है कि आज़ादी का अर्थ केवल बाहरी नियंत्रण से मुक्ति नहीं, बल्कि एक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा की निरंतर खोज है। दत्त की कहानी एक चेतावनी भी है और प्रेरणा भी—चेतावनी इस बात की कि किसी राष्ट्र को अपने नायकों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए; प्रेरणा इस सत्य की कि साहस, त्याग और विचारों की शक्ति इतिहास को बदल सकती है। जब हम 18 नवम्बर को उनका जन्मदिन याद करते हैं, तो यह केवल स्मरण नहीं होना चाहिए, बल्कि एक संकल्प होना चाहिए कि हम उन मूल्यों को जीवित रखें, जिनके लिए बटुकेश्वर दत्त ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।

**महेन्द्र तिवारी**

# वायरल या विकृत मानसिकता : 'शोले' के वीरू धर्मेन्द्र की झूठी मौत और हमारी मरती संवेदनाएं

कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर खबर फैली कि बॉलीवुड के दिग्गज धर्मेन्द्र नहीं रहे। कुछ टीवी चैनलों, यूट्यूब चैनलों और फेसबुक पेजों ने इसे इस तरह प्रस्तुत किया मानो सिनेमा का एक युग सचमुच समाप्त हो गया हो। कुछ ही घंटों में यह खबर वायरल हुई। लोगों ने श्रद्धांजलि संदेश लिखने शुरू कर दिए और फिर, सच्चाई सामने आई - 'शोले' के वीरू धर्मेन्द्र जीवित हैं, स्वस्थ हैं, मुस्करा रहे हैं। यह खबर झूठी थी और उससे कहीं बड़ी सच्चाई यह है कि हमारी संवेदनाएं अब इतनी कमजोर पड़ गई हैं कि किसी की 'मौत की झूठ' भी हमें मनोरंजन लगने लगती है। धर्मेन्द्र केवल एक अभिनेता नहीं हैं बल्कि भारतीय सिनेमा का वह जीवंत अध्याय हैं जिसने दशकों तक दर्शकों के दिलों में प्रेम, संघर्ष और जीवन का जज्बा भरा। 'शोले' के वीरू से लेकर 'सत्यकाम' के आदर्शवादी नायक तक, उन्होंने परदे पर हर रूप में इंसानियत का संदेश दिया। ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी मृत्यु की खबर फैलाना केवल गैर-जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक गहरी नैतिक गिरावट का संकेत है। सवाल यह है कि यह सब क्यों और कैसे हो रहा है? क्या हमारे भीतर से संवेदना का वह हिस्सा मर चुका है जो किसी और के दुःख को महसूस कर सके? यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी बड़े अभिनेता या प्रसिद्ध व्यक्ति की 'मौत की खबर' सोशल मीडिया पर उड़ाई गई हो। कभी अमिताभ बच्चन, कभी लता मंगेशकर, तो कभी रजनीकांत आदि के बारे में भी ऐसी ही फर्जी खबरें फैल चुकी हैं। सवाल यह है कि आखिर कोई व्यक्ति या मीडिया प्लेटफॉर्म ऐसी खबरें फैलाता क्यों है? आज का डिजिटल समाज सूचनाओं से भरा हुआ है, लेकिन सत्य से खाली होता जा रहा है। खबरें अब खबर नहीं, 'कंटेंट' बन गई हैं। सोशल मीडिया पर हर कोई पत्रकार है पर किसी पर जवाबदेही नहीं। एक फर्जी पोस्ट, एक सनसनीखेज थंबनेल और कुछ आकर्षक शब्द, बस, अफवाह तैयार - क्लिकों की फसल काटने के लिए। फिर चाहे किसी का करियर बर्बाद हो, किसी परिवार पर वज्रपात हो या किसी बुजुर्ग कलाकार के मन पर गहरी चोट। सब चलता है, क्योंकि 'व्यूज' और 'क्लिक्स' ही अब सत्य के नए पैमाने हैं। धर्मेन्द्र के नाम पर यह अफवाह उसी प्रवृत्ति का परिणाम है जहां खबरों की जगह सनसनी ने ले ली है। क्या हमें इतना असंवेदनशील बना दिया गया है कि किसी की मृत्यु भी अब 'वायरल अवसर' बन जाए? सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इस झूठी खबर को मजाक में लिया, मीम बनाए और अपनी 'क्रिएटिविटी' का प्रदर्शन किया। पर क्या किसी की मृत्यु पर मजाक किया जा सकता है? यह प्रश्न केवल धर्मेन्द्र के लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए है। क्या हम उस बिन्दु पर पहुंच चुके हैं जहां संवेदना भी लाइक और शेयर के नीचे दब गई है? कानून तो कहता है कि



झूठी खबर फैलाना अपराध है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में इसके लिए सजा का प्रावधान है, पर कार्रवाई कितनी होती है? सोशल मीडिया कंपनियां कितनी गंभीर हैं? सच्चाई यह है कि झूठ की गति सच्चाई से कहीं ज्यादा तेज है।

जब तक झूठ फैलाने वालों को लाभ मिलता रहेगा और समाज उसे 'मनोरंजन' के रूप में स्वीकार करता रहेगा, तब तक इस बीमारी का कोई इलाज संभव नहीं। यह समय है कि नई पीढ़ी, खासकर जनरेशन- ', इस सवाल को गंभीरता से ले। उनके पास सूचना की अपार शक्ति है, लेकिन क्या उतनी ही समझ भी है? वे हर खबर तक सबसे पहले पहुंचते हैं परंतु क्या हर खबर को परखते भी हैं? सूचना साझा करने से पहले यदि थोड़ी जांच, थोड़ी जिम्मेदारी दिखाई जाए, तो समाज में बहुत कुछ सुधर सकता है। सच बोलने की ताकत वही पीढ़ी दिखा सकती है जो तकनीक की भाषा सबसे बेहतर समझती है। धर्मेन्द्र आज भी हमारे बीच हैं, जीवन से भरे, मुस्कराते हुए। उनकी सादगी और आत्मीयता आज की कृत्रिम दुनिया में दुर्लभ है। उनके नाम पर फैली झूठी खबर ने न केवल एक कलाकार को आहत किया है, बल्कि हमारे समाज के भीतर झांकने का अवसर भी दिया है। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि डिजिटल युग की चकाचौंध में हमने सच्चाई और संवेदना को कितना पीछे छोड़ दिया है। अब प्रश्न यह नहीं कि झूठी खबर किसने फैलाई, बल्कि यह है कि हमने उसे फैलने क्यों दिया। धर्मेन्द्र की झूठी मौत की अफवाह दरअसल हमारी जीवित चेतना की असली परीक्षा थी और शायद हम असफल हुए। आवश्यक है कि हम इस प्रवृत्ति का प्रतिकार करें, न कि उसका हिस्सा बनें। खबरें साझा करने से पहले ठहरें, सोचें, जांचें। सच को ट्रेंड बनाइए, झूठ को नहीं। सच को सम्मान देना ही धर्मेन्द्र जैसी जीवित किंवदंतियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और शायद तब हम यह कह पाने की स्थिति में होंगे कि हम केवल डिजिटल नहीं, संवेदनशील समाज भी हैं।

**कृष्ण कुमार**

# संपादकीय

## भगत सिंह की छाया नहीं—एक अलग आकाश थे बटुकेश्वर दत्त

**बम का धुआँ नहीं, विचारों की चिंगारी थे बटुकेश्वर दत्त**

**बटुकेश्वर दत्त: वो लौ, जो भगत सिंह के बराबर जलती रही**



वह लड़का, जिसे इतिहास ने अक्सर भगत सिंह की छाया में याद किया, असल में खुद एक ऐसी लौ था जो किसी भी आँधी में नहीं बुझती थी—बटुकेश्वर दत्त। वो शख्स, जिसने अपनी जवानी की हर सांस, हर धड़कन, देश की मिट्टी के नाम कर दी। उसका जीवन सिर्फ एक क्रांतिकारी की दास्तान नहीं, बल्कि उस जिद का प्रतीक है जो कहती है– 'अन्याय का जवाब सिर्फ आवाज़ से नहीं, साहस से दिया जाता है।' आज, उनकी जयंती पर, हम सिर्फ़ एक क्रांतिकारी को याद नहीं करते, बल्कि उस आग को सलाम करते हैं, जो अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला गई। बटुकेश्वर दत्त कोई मिथक नहीं थे, न ही कोई काल्पनिक नायक; बल्कि हाड़-मांस का वह साहसी युवक था, जिसने 18 साल की उम्र में अपने सपनों और भविष्य को देश के लिए समर्पित कर दिया। उनके भीतर बचपन से ही वह आग थी जो किसी निजी बदले की नहीं, बल्कि गुलामी को तोड़ने की थी। अन्याय और अत्याचार को देखकर जहाँ अधिकांश लोग चुप हो जाते हैं, दत्त ने क्रांति का रास्ता चुना—सबसे कठिन, सबसे जोखिम भरा, पर सबसे सच्चा। जिस उम्र में लोग अपने सपनों की नींव रखते हैं, दत्त ने अपने जीवन को देश के नाम अर्पित करने का संकल्प लिया—विनाश के लिए नहीं, बल्कि भारत के निर्माण के लिए। 1929 की वो अप्रैल की तारीख, जब दिल्ली की सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली में धमाके की गूंज उठी। बम फटा, धुआं छाया, और अंग्रेजी सत्ता के कान खड़े हो गए। लेकिन ये धमाका सिर्फ़ बारूद का नहीं था; ये था एक नौजवान के दिल का फटना, जो गुलामी की बेड़ियों को देखकर तड़प रहा था। बटुकेश्वर दत्त ने, अपने साथी भगत सिंह के साथ मिलकर, उस बम को फेंका, जो न हत्या के लिए था, न विनाश के लिए। वो बम था एक चेतावनी, एक हुंकार, एक संदेश—'इंकलाब ज़िंदाबाद!'। उन्होंने जानबूझकर ऐसी जगह बम फेंका, जहां कोई जान न जाए। क्योंकि उनकी लड़ाई हथियारों से नहीं, विचारों से थी। वो चाहते थे कि अंग्रेज़ सुनें, कि भारत की आत्मा की आवाज़ दुनिया तक पहुंचे। और वो आवाज़ पहुंची भी। लेकिन इस शौर्य की कीमत क्या थी? आज हम उनके नाम पर गर्व करते हैं, पर उस वक्त? कालापानी की सजा, अंडमान की जेल की अंधेरी कोठरियां, जहां सूरज की किरण भी दम तोड़ देती थी। बटुकेश्वर ने वो सब सहा। न उनके चेहरे पर शिकन आई, न दिल में पछतावा। जेल की दीवारों पर उनकी उंगलियों ने आज़ादी के गीत लिखे। वो गीत, जो आज भी हमारे भीतर कहीं न कहीं गूंजते हैं। क्या हमने कभी सोचा, कितनी हिम्मत चाहिए होती है, अपने परिवार को, अपने सपनों को, अपने जीवन को, सिर्फ़ एक उम्मीद के लिए कुर्बान कर देने में? बटुकेश्वर ने किया। और यही उनकी जयंती को इतना खास बनाता है। बटुकेश्वर दत्त सिर्फ़ एक क्रांतिकारी नहीं थे, वो एक विचार थे। वो उस पीढ़ी के प्रतीक थे, जिसने गुलामी को नकार दिया। उनकी ज़िंदगी का हर पल हमें सिखाता है कि आज़ादी कोई सौदा नहीं, कोई उपहार नहीं। आज़ादी वो आग है, जिसे हर पीढ़ी को जलाए रखना पड़ता है। आज, जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, क्या हम सचमुच उनकी विरासत को समझते हैं? क्या हम उस आग को अपने भीतर महसूस करते हैं? बटुकेश्वर की कहानी हमें झकझोरती है, हमें याद दिलाती है कि आज़ादी की लड़ाई कभी खत्म नहीं होती। वो रूप बदलती है, लेकिन उसका मोल वही रहता है। उनका जीवन सिर्फ़ बम और बारूद तक सीमित नहीं था। जेल से निकलने के बाद भी, उन्होंने समाज के लिए काम किया। लेकिन दुख की बात, देश ने उन्हें उतना सम्मान नहीं दिया, जितना वो हकदार थे। बटुकेश्वर दत्त की आखिरी सांसें दिल्ली एक अस्पताल में टूटीं, 1965 में, और तब तक देश का बड़ा हिस्सा उन्हें भूल चुका था। ये हमारे लिए शर्मिंदगी की बात है। पर उनकी जयंती हमें मौका देती है—खुद को सुधारने का, उनकी कुर्बानी को सच्चे मन से याद करने का, और उनके सपनों को ज़िंदा रखने का। आज, जब हम बटुकेश्वर दत्त को याद करते हैं, तो ये सिर्फ़ एक दिन नहीं, एक जिम्मेदारी है। उनकी आंखों में जो भारत का सपना था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी। वो सपना, जहां कोई भूखा न सोए, कोई गुलाम न रहे, कोई डर न जीए। क्या हम उस सपने के करीब हैं? या हमने उनकी कुर्बानी को सिर्फ़ किताबों और भाषणों तक सीमित कर दिया? उनकी जयंती हमें ये सवाल पूछने को मजबूर करती है। और जवाब हमारी ज़िंदगी में, हमारे कर्मों में छिपा है। बटुकेश्वर दत्त की कहानी कोई पुरानी कथा नहीं। वो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। जब हम अन्याय देखते हैं, जब हम गलत के खिलाफ आवाज़ उठाने से डरते हैं, तब हमें बटुकेश्वर की वो हिम्मत याद करनी चाहिए। वो हिम्मत, जिसने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी। वो जज़्बा, जिसने जेल की सलाखों को भी गीत बना दिया। उनकी जयंती हमें वो आग देती है, वो ताकत देती है, जो हमें अपने भीतर के डर को जलाने के लिए चाहिए। उनकी जयंती पर जब हम उन्हें याद करते हैं, तो यह याद मात्र औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। यह वह क्षण है जब हमें खुद से पूछना चाहिए—क्या हम उन बलिदानों को सिर्फ पाठ्यपुस्तकों की लाइनों तक सीमित कर सकते हैं? क्या बटुकेश्वर दत्त जैसे क्रांतिकारी सिर्फ एक नाम रह जाएँ? या हम उनके विचारों की आग को अपने भीतर जगा सकते हैं—अन्याय के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत, सच बोलने का साहस और देश से प्रेम की वह भावना जो किसी स्वार्थ की मोहताज नहीं? बटुकेश्वर दत्त हमें यह सिखाते हैं कि आज़ादी सिर्फ सीमा पर नहीं बचती, वह हर उस जगह बचती है जहाँ कोई अन्याय के सामने सिर झुकाने से इंकार करता है। वह हमें बताते हैं कि देशभक्ति तिरंगे की शान में खड़े होने तक सीमित नहीं, बल्कि उस हर सत्य को बचाने में है जो समाज को इंसानियत से जोड़ता है। आज उनका नाम जितनी बार लिया जाए, उतनी ही बार यह एहसास होना चाहिए कि वह सिर्फ इतिहास के पात्र नहीं—वह वर्तमान को जीवंत रखने वाला वह दीपक हैं जिसे अगर जला दिया जाए, तो अंधेरा कभी स्थायी नहीं रह सकता।

उनकी जयंती पर उन्हें नमन करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उनके दिखाए रास्ते को समझना—निडरता का रास्ता, सत्य का रास्ता, और उस देशप्रेम का रास्ता जो खुद से पहले देश को रखता है। बटुकेश्वर दत्त भले शरीर से मिट गए हों, पर उनका साहस और उनका विद्रोही प्रकाश आज भी उतना ही ज्वलंत है। और शायद यही उनकी सबसे बड़ी विरासत है—एक ऐसी विरासत जिसे न कोई सलाखें कैद कर सकती हैं, न कोई समय मिटा सकता है। बटुकेश्वर दत्त को सलाम करें, न सिर्फ़ शब्दों से, बल्कि अपने कर्मों से। उनके सपने को, उनके इंकलाब को, अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। क्योंकि बटुकेश्वर दत्त कोई नाम नहीं, एक आंदोलन हैं। और ये आंदोलन तब तक ज़िंदा रहेगा, जब तक हमारे दिलों में आज़ादी की धड़कन बाकी है। इंकलाब ज़िंदाबाद।

**प्रो. आरके जैन**

# ढाका में सुनवाई के दौरान बंग्लादेश कोर्ट ने शेख हसीना को लोगो की हत्या का दोषी माना

शेख हसीना, जो लंबे समय से बांग्लादेश की राजनीतिक हीरोइन और सत्ता में रहने वाली प्रधानमंत्री रही हैं, अब गंभीर आरोपों का सामना कर रही हैं। अभियोजकों के अनुसार, 2024 के बड़े छात्र-प्रदर्शनों के दौरान उनकी सरकार ने हिंसा भड़काने और मानवता के ख़िलाफ अपराध करने में भूमिका निभाई।

**संगठित, सुनियोजित हमला**

अभियोजकों का दावा है कि प्रदर्शनवाद एक सिस्टमैटिक अटैक था ।हसीना ने पुलिस, सुरक्षा बलों और अपने समर्थक पार्टी कार्यकर्ताओं को इस्तेमाल किया ताकि विद्रोह को दबाया जाए। गोलियों और घातक हथियारों का आदेश का भी आरोप है।एक लीक हुई ऑडियो कॉल में, हसीना कथित तौर पर कहती हैं कि उन्होंने घातक हथियारो के इस्तेमाल का आदेश दिया और कहा, जहां भी उन्हें मिलें, गोली मार दो। हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल और अभियोजक यह आरोप लगा रहे हैं कि हसीना के निर्देश पर प्रदर्शनकारियों पर लड़ाकू कार्रवाई के लिए हेलीकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। निर्दिष्ट हत्याएँ विशेष रूप से, एक छात्र प्रदर्शनकारी अबू सैयद की हत्या का आरोप है।वह 16 जुलाई, 2024 को रंगपुर में करीब से गोली मारे जाने का शिकार बनाए गए थे, और अभियोजन पक्ष का कहना है कि यह आदेश हसीना की सरकार की नीति का हिस्सा था। मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है।अभियोजन ने पांच गंभीर आरोप लगाए हैं। उनमें साजिश, प्रोत्साहन सहायता-सहभागिता ,व्यवस्थित हत्या में विफलता आदि शामिल हैं। एक्सटरमिनेशन (नाश) का आरोप और कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों के संहार की योजना थी, यानी यह सिर्फ दमन नहीं, बल्कि व्यापक पैमाने पर नष्ट करने का इरादा था।

**ट्रायल और कोर्ट की भूमिका**

बांग्लादेश का इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल इस मामले की सुनवाई की गई। अभियोजन पक्ष के चीफ वकील मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने कहा है कि सबूतों की जांच के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि ये हमले विस्थापित, व्यापक और सुनियोजित थे। हसीना की अनुपस्थिति में ट्रायल चल रहा है और वह भारत में है और प्रवासन में हैं। अभियोजन पक्ष ने मृत्युदंड की मांग की और उन्हें सजा भी सुनाई है। यह कहकर कि इन कार्रवाइयों को अ-संगठित नागरिकों के खिलाफ संगठित आपराधिक अपराध माना जाना चाहिए। वहीं, हसीना और उनके वकील इस ट्रायल को राजनीतिक प्रेरित बता रहे हैं।

रिपोर्ट्स कहती हैं कि ट्रायल लाइव हो रहा है, लोगों को प्रक्रिया की पारदर्शिता देने का प्रयास किया जा रहा है।

**हसीना का प्रतिवाद और इनकार**

हसीना ने आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि ये पूरी तरह गलत और राजनैतिक प्रेरित हैं। उन्होंने पूर्व में कहा है।मुझे मुकदमा चलाओ, मुझे फर्क नहीं पड़ता।मैं वापस आऊँगी।अपनी प्रतिरक्षा में, वह भारत सरकार और जनता का शुक्रिया अदा किया है, यह कहकर कि भारत ने उन्हें संरक्षण दिया है। हसीना की ओर से यह तर्क है कि ट्रिब्यूनल, जिसे उन्होंने पहले ही स्थापित किया था, अब उनके खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है।इसका मतलब अगर उसकी भविष्य की दशा-परिस्थिति देखें, तो हसिनके लिये चुनौतियाँ है। ट्रायल में आरोप में दोषी ठहने के दो केस की सुनवाई मृत्युदंड की सजा दी हैं। न्याय प्रक्रिया की निष्पक्षता पर अंतरराष्ट्रीय निगरानी रहेगी और यह महत्वपूर्ण होगा कि ट्रायल न्यायसंगत हो, क्योंकि यह सिर्फ बांग्लादेश के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक मानवाधिकार मानकों के लिहाज़ से भी महत्वपूर्ण है। उनका रूढ़-राजनीतिक समर्थन अभी भी कितना है? क्या उनके पुराने समर्थक (Awami League) उन्हें छोड़ देंगे, या वे उनकी रक्षा करेंगे?हसीना को दोषी ठहरायी गई है। अब वह राजनैतिक मे कैसे लौट सकती हैं?अब राजनीतिक भविष्य धूमिल हो जाएगा? क्या वह भारत में शरणदाता के रूप में रहने की स्थिति बनाए रखेंगी, या किसी राजनीतिक समझौते के हिस्से के रूप में बांग्लादेश लौटने का निर्णय लेंगी?

**नैतिक और सामाजिक परीक्षा**

जनता की आंखों में उनकी छवि कैसी है? नायिका, दमनकारी, या दोषी?परिवारों और पीड़ितों के प्रति जिम्मेदारी और पुनर्स्थापनात्मक न्याय की मांग पर कैसे प्रतिक्रिया देंगी?यह परीक्षण होगा कि वह सिर्फ शक्ति की राजनीति में वापस आना चाहेंगी, या अपराधों के लिए जवाबदेही स्वीकार करेंगी।राजनीतिक दिवालियापन या पुनरागमन? ट्रायल में उन्हें दोषी पाया गया है।तो उनका राजनीतिक औद्योगिककरण बंद हो सकता है यह उनका पुनरागमन बहुत मुश्किल बना देगा।लेकिन यह पूरी तरह निर्भर करेगा ट्रायल की निष्पक्षता और जनता के दृष्टिकोण पर।

**भारत-बांग्लादेश रिश्तों पर परीक्षा**

भारत के लिए यह परीक्षण है कि वह हसीना को समर्थन देते हुए अपने बाहरी संबंधों और कानून-न्याय नीति को कैसे संतुलित करेगा।बांग्लादेश की वर्तमान सरकार और अंतरिम प्रशासन के साथ भारत की नीतिगत स्थिति कैसे विकसित होगी ।क्या भारत हसीना की वापसी को अनुमति देगा, या ट्रायल में हस्तक्षेप करेगा?अंतरराष्ट्रीय दबाव मानवाधिकार संगठन, पड़ोसी देश कैसे बिकेगा, और इनका भारत-बांग्लादेश संबंधों पर दीर्घकालीन असर क्या होगा?

**भारत-बांग्लादेश रिश्ते पर असर**

हसीना की यह स्थिति और ट्रायल न सिर्फ बांग्लादेश के अंदरूनी राजनीति को प्रभावित कर रही है, बल्कि भारत-बांग्लादेश के रिश्तों पर भी गहरा प्रभाव डाल सकती है।

शरण और प्रत्यर्पण मुद्दा हसीना फिलहाल भारत में हैं। भारत को यह तय करना होगा कि क्या वह उन्हें प्रत्यर्पित करने की मांग को स्वीकार करेगा या नहीं। अगर भारत उन्हें प्रत्यर्पित नहीं करता, तो यह एक राजनीतिक तनाव का स्रोत बन सकता है।राजनीतिक गठबंधन और समर्थन अगर हसीना को दो केस में सजा सुनाई है और अगर तीन केस में सीना को दोषी ठहराया जाय तो मुश्किल होगी। अगर सबूत के अभाव के बड़ी7 कर दिया जाए तो वह फिर से राजनीतिक रूप से सक्रिय हो सकती हैं और भारत-बांग्लादेश के रणनीतिक तालमेल में वह फिर एक कारक बनेंगी। अगर दोषी पायी जाती हैं,इसलिए भारत को उनकी वापसी का समर्थन देना मुश्किल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय छवि और मानवीय दबाव विरोध पैदा करता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश के रूप में अपनी छवि बनाए रखना चाहता है। यदि वह हसीना को खुलकर समर्थन करता है, तो यह मानवाधिकार समूहों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में आलोचना का कारण बन सकता है। दूसरी ओर, हसीना का प्रत्यर्पण या ट्रायल में दोषसिद्धि भारत की न्याय-और कूटनीति क्षमता की कसौटी बन सकती है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की ताबड़तोड़ चेकिंग, अवैध शराब बरामद, 176 ई-चालान

**देवरिया।** कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन में सुरक्षा भाव बढ़ाने के उद्देश्य से देवरिया पुलिस ने सोमवार को कई अहम अभियान चलाए। सुबह 5 से 8 बजे तक चले मॉर्निंग वॉकर चेकिंग अभियान में पुलिस ने 21 स्थानों पर 353 व्यक्तियों और 196 वाहनों की जांच की। अधिकारियों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से सीधा संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया और मौके पर छोटे विवादों को भी निस्तारित किया। इसी दौरान जिले के सभी थानों ने बैंकों, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रों और पेट्रोल पंपों पर भी विशेष चेकिंग की। सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को लेकर सख्ती जारी रहेगी। अवैध शराब के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार में बड़ी सफलता मिली। श्रीरामपुर पुलिस ने मिश्रौली जम्मन टोला के पास से दो मोटरसाइकिलों पर ले जाई जा रही 12 पेटी (108 लीटर) अवैध देशी शराब बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट लगी मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यातायात माह-नवंबर के तहत ट्रैफिक पुलिस ने भी अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट, गलत नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग और सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान में कुल 176 ई-चालान किए गए, जबकि 5 वाहनों को सीज किया गया। इसके साथ ही प्रेस्टीज इंटर कॉलेज में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र कटरा बाज़ार में बैठक, 24 नवंबर को जंतर-मंतर पर धरने का आह्वान




**कटरा बाज़ार, गोण्डा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कटरा बाज़ार में शनिवार को शिक्षकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीईटी संशोधन से जुड़े मुद्दों तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने कहा कि लंबे समय से लंबित इन मांगों के समाधान के लिए अब व्यापक आंदोलन की आवश्यकता है।इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुँचे और अपने हक की लड़ाई को मजबूत बनाएं।बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, साकेत मिश्रा, अनुराग, योगेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सूर्य प्रकाश, अभिषेक सिंह, मोहम्मद सऊद, अरविंद कुमार, हसनैन, जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शातिर चोर सौजना पुलिस ने धर दबोचे




**चोरों के कब्जे से एक मोबाइल व 6500 रुपये बरामद**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछितों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सौजना पुलिस ने दर्ज मुकद्दमा मु.अ.सं. 179/25 धारा 331(4), 305(सी) बीएनएस की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये मड़ावरा के ग्राम चौमऊ निवासी चाली राजा पुत्र दरयाव सिंह, ग्राम रमेशरा निवासी सुमित उर्फ अमित राजा पुत्र नत्थूसिंह, ऋषिकेश उर्फ विक्की राजा पुत्र हरीशंकर सिंह व ग्राम जखौरा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र नाहर सिंह को ग्राम कुसमाड़ सौजना के पास से हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी का मोबाइल फोन व 6500 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि चारों शातिर बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी है। चोरों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि. मुलायम सिंह, हे.का.बृजबिहारी सेंगर, का.गौरव कुमार, का.हिमांशु श्रीवास्तव, म.का.चंचल शर्मा आदि शामिल रहे।

## गोरखपुर बिछिया स्थित सुपर मार्ट में संदिग्ध हालात में लगी भीषण आग, लाखों का सामान राख - साजिश की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के बिछिया स्थित हनुमान मंदिर के पास सोमवार को दिन में अचानक एक सुपर मार्ट में भीषण आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के कारणों को लेकर क्षेत्र में संदेह की स्थिति बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट की आशंका से इनकार करते हुए लोग किसी साजिश की संभावना भी जता रहे हैं। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की गहन जांच में जुट गया है। जानकारी के अनुसार, शाहपुर क्षेत्र के जंगल तुलसीराम, बिछिया निवासी चमन लाल गुप्ता की यादव कटरा में 'ओम मार्ट' नाम से घरेलू जरूरतों के सामान की बड़ी दुकान है। सोमवार की सुबह करीब छह बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने दुकान के अंदर से तेज धुआं और हल्की लपटें निकलते देख इसकी सूचना तुरंत मोहल्ले और दुकान स्वामी को दी। सूचना मिलते ही कटरा निवासी गोलू यादव सहित स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और खुद आग बुझाने की कोशिश की, साथ ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। थोड़ी ही देर में दो फायर यूनिट मौके पर पहुंचीं और काफी प्रयास के बाद आग को नियंत्रित किया गया, हालांकि तब तक दुकान का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दुकान के अंदर कई जगह डिस्पोजल थाली पर कपूर रखा हुआ मिला, जिससे लोगों में शार्ट सर्किट की संभावना कम लग रही है। लोगों का कहना है कि अगर शार्ट सर्किट होता तो धुआं और लपटों की स्थिति अलग होती। इस आधार पर क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज हो गई है कि आग दुर्घटना नहीं बल्कि किसी प्रकार की सुनियोजित साजिश हो सकती है। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शाहपुर नीरज कुमार राय ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भेजी गई थी। दुकान में कपूर मिलने की बात सामने आई है और उसी आधार पर हर बिंदु पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आवश्यक फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। घटना के बाद व्यापारी समुदाय में रोष तथा भय का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दुकान स्वामी के अनुसार, नुकसान लाखों रुपये से अधिक हो सकता है। फिलहाल पुलिस CCTV और अन्य संभावित पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

### एक भी फार्मर रजिस्ट्री न करने वाले सात जनसेवा केन्द्र संचालकों के लाइसेन्स किये गये निरस्त

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने हेतु जनपद में विशेष अभियान का आयोजन करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिक, लेखपाल, पंचायत सहायक एवं जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा संयुक्त रूप से अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जा रही है। जनपद की प्रगति धीमी होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिये गये हैं कि महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों पर तत्काल कार्यवाही की जाये। तद्क्रम में पाया गया कि जनपद के कुल 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा एक भी फार्मर रजिस्ट्री नही बनाया गया है, जिस हेतु उनके लाइसेंस को निरस्त किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी है। जनपद में जिन 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों के लाइसेंस निरस्त किये गये उनमें तहसील लालगंज अन्तर्गत ग्राम औरीपुर नौगीर की सुनीता देवी, ग्राम कटेहती के कृष्ण कुमार धुरिया व ग्राम मादीपुर के लवकुश सिंह, तहसील रानीगंज अन्तर्गत ग्राम कोठियारी के अरूनेश प्रताप यादव व ग्राम पटहटिया कला के उमेश यादव, तहसील कुण्डा अन्तर्गत ग्राम रामदास पट्टी के दिलीप कुमार व मुकुल साहू के नाम सम्मिलित है।

## नवागत खंड शिक्षाधिकारी अंजनी कुमार सिंह का शिक्षकों व कर्मचारी संगठनों ने किया स्वागत





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कटरा बाज़ार में सोमवार को नवागत खंड शिक्षाधिकारी अंजनी कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया। शिक्षक संघ एवं मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से उन्हें फूलमाला पहनाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रवि कुमार तिवारी तथा मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने खंड शिक्षाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। सभी ने मिलकर उन्हें गुलदस्ता एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सहयोग का भरोसा जताया। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मुरली मनोहर शुक्ल ने भी नवागत खंड शिक्षाधिकारी से भेंट कर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश शर्मा, संतोष कुमार श्रीवास्तव, साकेत मिश्रा, अनुराग, योगेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सूर्य प्रकाश, अभिषेक सिंह, मोहम्मद सऊद, अरविंद कुमार, हसनैन, जितेंद्र कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी कर्मचारियों ने नवागत खंड शिक्षाधिकारी से आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## पत्नी और प्रेमी ने रचा खौफनाक खेलः पति पर चाकू से हमला, दोनों आरोपी गिरफ्तार - उरुवा बाजार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** उरुवा बाजार थाना क्षेत्र में वैवाहिक विवाद और अवैध संबंधों की आग ने एक परिवार की खुशियों को झुलसा दिया। पति की हत्या के प्रयास की इस सनसनीखेज वारदात में शामिल पत्नी और उसके कथित प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल दो चाकू और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस की तेज कार्रवाई पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम दुघरा निवासी प्रदुम उर्फ चैतू चौरसिया 16 नवंबर की शाम अपने ही घर में खौफनाक साजिश का शिकार हो गया। आरोप है कि उसकी पत्नी प्रियंका चौरसिया ने अपने प्रेमी अंकित चौरसिया के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। दोनों ने मिलकर प्रदुम पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही उरुवा बाजार पुलिस सक्रिय हुई। घायल के परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश शुरू की गई। प्रभारी निरीक्षक उरुवा बाजार के नेतृत्व में उ0नि0 कुसुमेन्द्र सिंह की टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित चौरसिया पुत्र विनोद निवासी ग्राम डिहवा थाना गोला तथा प्रियंका चौरसिया पत्नी प्रदुम उर्फ चैतू निवासी ग्राम दुघरा थाना उरुवा बाजार के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो चाकू और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार मुकदमा संख्या 277/2025 धारा 109, 115(2), 352, 351(3) भादवि में दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों काफी समय से संपर्क में थे और पति को रास्ते से हटाने के लिए इस हमले की योजना बनाई गई थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 कुसुमेन्द्र सिंह, म0उ0नि0 कृति कुमारी और कांस्टेबल श्रवण कुमार शामिल रहे। पुलिस इस पूरे प्रकरण को बेहद गंभीर मानते हुए आगे की जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोग कहते हैं कि अवैध संबंधों की वजह से घर टूट रहे हैं और अपराध बढ़ रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उरुवा बाजार पुलिस की त्वरित कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी से पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद जगी है।

## संत विनोवा पी जी कालेज प्राचार्य पर छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** संत विनोवा पीजी कॉलेज के प्राचार्य के विरुद्ध छात्रों और पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। छात्रों का आरोप है कि विधि विभाग में नामांकन के दौरान भारी धांधली, मनमानी और आरक्षण नियमों का उल्लंघन किया गया। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय को जांच कमेटी गठित करने का निर्देश दिया, जिसने प्राचार्य को जिम्मेदार ठहराया फिर भी इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्रों के अनुसार प्राचार्य का व्यवहार अभद्र, तानाशाहीपूर्ण और प्रतिशोध से प्रेरित रहा है। आरोप है कि छात्राओं की शिकायतों पर भी प्राचार्य ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकाया और परीक्षा में रस्टिकेट तक कर दिया। महाविद्यालय में पेयजल, शौचालय, कक्षाओं, पंखों, पुस्तकालय, कॉमन हॉल, खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर छात्र लगातार आंदोलन करते रहे, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इसके उलट प्राचार्य पर आरोप है कि सुधार की मांग करने वाले छात्रों को प्रयोगात्मक में नंबर न देने, परीक्षा में रस्टिकेट करने और निष्कासन की धमकी दी गई। छात्रों ने बताया कि पारंपरिक 'फ्रेसर कार्यक्रम' आयोजित करने की अनुमति भी प्राचार्य ने पहले दी, लेकिन बाद में उसी कार्यक्रम को 'नंगा नाच' व 'अश्लील' कहकर बदनाम किया और आंदोलनरत छात्रों को नोटिस जारी कर दिया। 10 नवंबर को छात्रों की समस्याओं से अवगत होने आए सीडीओ के सामने प्राचार्य ने समाधान का आश्वासन दिया, पर बाद में छात्र नेताओं को मुकदमे में फँसाने की धमकी दी और 14 नवंबर को छात्र प्रतिनिधियों पर मुकदमा भी दर्ज करा दिया। छात्र इसे द्वेषपूर्ण कार्रवाई बता रहे हैं। पूरे घटनाक्रम के दौरान मौजूद सीसीटीवी फुटेज और ऑडियो रिकॉर्डिंग को महत्वपूर्ण साक्ष्य बताते हुए छात्रों ने शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने बस्ती पहुंचकर नन्द बाबा को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का आगमन श्रीकृष्णा पाण्डेय इण्टर कालेज प्रांगण में बनाये गये हैलीपैड पर हुआ। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री जी कार द्वारा सदर अस्पताल चौराहा स्थित ब्रहमलीन नन्दा बाबा जी के आश्रम में पहुँचकर स्वर्गीय देशबन्धु नन्दानाथ महाराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर तपसीधाम के महंथ जय बक्शदास, भदेश्वनाथ के महंथ दिव्यांशु, डारीडीहा के महंथ अजेश्वर, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, सांसद डुमरियागज जगदम्बिका पाल, विधायक हर्रैया अजय सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह, बस्ती के दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, रवि सोनकर, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष उ.प्र. महेश शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती नेहा वर्मा, मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, एसडीएम सदर शत्रुध्न पाठक सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री उ0प्र0 जी द्वारा श्रद्धांजलि देने के पश्चात् श्रीकृष्णा पाण्डेय इण्टर कालेज परिसर में बनाये गये सेफ हाउस में पार्टी के सांसद, विधायक एवं अन्य पार्टी के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की गयी।

## लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से बस्ती में स्पोर्ट्स कालेज खोले जाने की मांग सौंपा पत्र

**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को उनके दिल्ली स्थित आवास पर ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि बस्ती में स्पोर्ट्स कालेज खुलवाया जाय। रालोद नेता अरूणेन्द्र पटेल ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को बताया कि उनकी बस्ती यात्रा के दौरान उन्होने स्पोर्ट्स कालेज खोले जाने की मांग किया था, उस पर उन्होने लिखित पत्र मांगा था। अरूणेन्द्र पटेल ने बताया कि पत्र लेने के बाद केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने आश्वासन दिया कि बस्ती में अति शीघ्र स्पोर्ट्स कालेज खुलवाया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को पत्र देने के दौरान जिला अध्यक्ष सर्वेश वर्मा अरूणेन्द्र पटेल के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक चौधरी शामिल रहे।

## नवजात शिशु देखभाल पर जागरूकता जरूरी : सीएमओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करने और उनकी सुरक्षित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह 15 से 21 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा माताओं और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सप्ताह का उद्देश्य नवजात देखभाल के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है, जिससे शिशुओं की जीवन दर बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद में नवजात देखभाल के लिए एसएनसीयू, एनबीएसयू, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा, प्रसव कक्ष में नवजात देखभाल तथा सामुदायिक स्तर पर एचबीएनसी जैसे कार्यक्रम प्राथमिकता से संचालित किए जा रहे हैं। इस वर्ष सप्ताह की थीम नवजात देखभाल : प्रत्येक स्पर्श, प्रत्येक क्षण, प्रत्येक शिशु के अनुरूप जिले की विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में जागरूकता गतिविधियाँ हो रही हैं।

डिप्टी सीएमओ व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्वनी पाण्डेय ने कहा कि जन्म के शुरुआती 28 दिन नवजात के लिए सबसे नाजुक होते हैं, इसलिए विशेष सावधानी जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि प्रसव अस्पताल में ही कराएं, प्रसव के बाद कम-से-कम 48 घंटे चिकित्सालय में रुकें, नवजात को तुरंत न नहलाएं, साफ कपड़े पहनाएं, जन्म के एक घंटे के भीतर पीला गाढ़ा दूध पिलाना शुरू करें और छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराएं। साथ ही जन्म के तुरंत बाद वजन लेना और विटामिन-के का इंजेक्शन लगवाना भी जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जागरूकता ही नवजात मृत्यु दर कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है।

## कस्तूरबा बालिका विद्यालय में हाई-वोल्टेज ड्रामा वार्डन की ज्वाइनिंग पर भड़की छात्राएँ, 12 छात्राओं ने छोड़ा स्कूल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर/खजनी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उसवाबाबू में सोमवार को माहौल अचानक गर्म हो गया। एक तरफ अदालत का आदेश था, तो दूसरी ओर विद्यालय की छात्राओं और अभिभावकों का प्रबल विरोध। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुँची और निलंबित वार्डन अर्चना पांडेय की पुनः ज्वाइनिंग कराई, लेकिन इस कार्रवाई के दौरान विद्यालय परिसर विरोध, हंगामे और तनाव का केंद्र बनकर रह गया। आरोपित वार्डन की उपस्थिति से भयग्रस्त छात्राओं में इतना गहरा असर देखने को मिला कि करीब 12 छात्राओं ने वार्डन के डर और मानसिक दबाव की बात कहते हुए विद्यालय छोड़ दिया।

**क्या है पूरा मामला?**

कुछ दिनों पहले वार्डन अर्चना पांडेय और छात्राओं के बीच किसी विवाद का मामला सामने आया था। शिकायत के आधार पर विभाग ने वार्डन को निलंबित कर दिया था। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जहाँ से उन्हें ज्वाइनिंग का आदेश प्राप्त हुआ। लेकिन हाल ही में जब आदेश के अनुपालन में उन्हें विद्यालय भेजा गया था, तब भी छात्रों एवं अभिभावकों ने तीव्र विरोध जताया था, जिसके कारण उन्हें वापस लौटा दिया गया। इसके बाद वार्डन ने संबंधित अधिकारियों पर अमानना (Contempt of Court) का मामला दायर किया, जिसे संज्ञान में लेते हुए सोमवार को दोबारा अधिकारियों को उनकी ज्वाइनिंग सुनिश्चित करने का निर्देश मिला।

**मौके पर हंगामा, अधिकारियों के पसीने छूटे**

सोमवार को जब डीसी बालिका पंकज सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी सावन दुबे वार्डन को ज्वाइन कराने विद्यालय पहुँचे, तभी विद्यालय परिसर में तनाव और तेज नारेबाजी शुरू हो गई। छात्राओं ने आरोप लगाया कि वार्डन के रहते वे खुद को मानसिक रूप से असुरक्षित महसूस करती हैं, जबकि अभिभावकों ने इसे अपने बच्चों के भविष्य और सम्मान का मामला बताया।

कई छात्राओं ने रोते हुए कहा– मैडम के डर से पढ़ाई नहीं कर पाएंगे, हमें यहाँ नहीं रहना!

अधिकारियों की अपील - अभिभावकों का अल्टीमेटम

मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सावन दुबे ने अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें समझाने का प्रयास किया और स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों के अनुसार हुई है।

उन्होंने कहा– 'कोर्ट के आदेश का पालन अनिवार्य है, पूरा प्रकरण उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।'

दूसरी ओर अभिभावकों का रुख बिल्कुल साफ और बेबाक रहा– 'जब तक वार्डन हटेगी नहीं, हमारी बेटियाँ नहीं पढ़ेंगी!

**अब आगे क्या?**

यह मामला अब कानूनी आदेश, विभागीय नीति और जनभावना के बीच खड़े बड़े प्रशासकीय प्रश्न पर जा चुका है। अदालत और प्रशासन के आदेशों का सम्मान भी जरूरी है, वहीं विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और विश्वास भी सर्वोपरि मुद्दा है।

फिलहाल विद्यालय में शिक्षण कार्य बाधित है और भविष्य की रणनीति व समाधान पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

स्थिति बेहद संवेदनशील है और अगले निर्णय पर इस पूरे विवाद का भविष्य निर्भर करेगा।

## फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने रक्षा मंत्री को सौपा मांग पत्र

### ●रक्षा मंत्री के सामने उठा फार्मासिस्टों की समस्याओं का मुद्दा

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिया जल्द समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने फार्मासिस्टों के प्रतिनिधिमंडल के साथ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लखनऊ में उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल द्वारा रक्षा मंत्री को फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि देश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की सबसे बड़ी रीढ़ फार्मासिस्ट है, आज देश में 18 लाख फार्मासिस्ट पंजीकृत है उनमें से 8 लाख फार्मासिस्ट बेरोजगार है, झोला छाप डॉक्टरों से मुक्ति के लिए फार्मासिस्ट ही सबसे बड़े विकल्प है जो देश में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर सकते है, प्रदेश अध्यक्ष ने रक्षा मंत्री के सामने सीएचओ की भर्ती में फार्मासिस्टों को सम्मिलित किए जाने, शेड्यूल के को समाप्त करने, होलसेल पर फार्मासिस्टों को अनिवार्य किए जाने के मुद्दे को उठाया। प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार द्वारा बताया गया कि रक्षा मंत्री द्वारा जल्द ही मांग पत्र के विभिन्न बिंदुओं पर स्वास्थ्य मंत्री से पत्राचार करने और फार्मासिस्टों की समस्याओं का हल निकाले जाने का आश्वासन दिया गया है।प्रतिनिधि मंडल में विष्णु कुमार प्रदेश महासचिव , प्रांजल तिवारी प्रदेश सचिव, हनुमान प्रसाद जिला अध्यक्ष बाराबंकी शामिल रहे।

## जमालपुर में दो घरों में चोरी की वारदात, मुकदमा दर्ज

**ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी पार**

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में एक ही रात में दो घरों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों के शिकायती पत्र पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जमालपुर निवासी वर्षा पत्नी मनोहर अहिरवार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि दिनांक 11 नवंबर 2025 की रात उनके घर का ताला अज्ञात चोर तोड़ ले गए। घर में रखी करधौनी चांदी, चार चांदी के कंगन, पांच जोड़ी विछिया, दो चांदी की विछिया तथा नगदी रकम चोरी कर ले जाई गई। वहीं इसी रात गांव के ही राकेश साहू पुत्र नाथूराम के घर का ताला भी अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया। चोर उनके घर से एक सोने का हार, सोने का मंगलसूत्र, एक पानचाली, नथ, वैशर, हाय, दो जोड़ी छुमकी, एक करधौनी चांदी, दो जोड़ी पायल, छह जोड़ी विछिया, एक चांदी की चैन, एक चांदी का कड़ा तथा नगदी रकम चोरी करके फरार हो गए। दोनों मामलों में पीड़ितों ने पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## शोहरतगढ़ में अनियमितता के आरोप में दो खाद विक्रेताओं का हुआ लाइसेंस हुआ निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला कृषि अधिकारी के निरीक्षण में अनियमितता व लापरवाही पाए जाने पर दो खाद विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई किया जाएगा।काला बाजारी, किसानों को अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री करने तथा चोरी छिपे तस्करों के हाथों खाद बेचने की शिकायत पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल ने सोमवार को शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के चिल्हिया,चोड़ार कंदवा,खुनुवां, छतहरा महदेवा चौराहा आदि खाद विक्रेताओं की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौधरी खाद बीज भंडार चोड़ार पर दुकान बंद करके भाग जाने के आरोप में लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसी प्रकार ओम खाद बीज भंडार चिल्हिया में रजिस्टर अपूर्ण व खाद का स्टाक सही न मिलने पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जो भी किसान तस्करों के हाथों खाद की बिक्री करते हुए, किसानों को बेवजह परेशान करना तथा अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री करने की शिकायत मिली तो संबंधित का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया जाएगा और उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने सभी खाद बिक्रेताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पीओएस मशीन पर किसानों का अगुंठा अवश्य लगवाएं तथा उचित दर पर ही खाद की बिक्री करें।बड़े पैमाने पर जवानों द्वारा नेपाल को खाद की तस्करी करते हुए बरामद होना यह साबित करता है कि कुछ खाद विक्रेता तस्करों से पूरी तरह मिले हुए हैं उनके खिलाफ जांच की जा रही है।कहा कि निरंतर आकस्मिक निरीक्षण चलता रहेगा। उन्होंने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि खाद की दुकानों पर उचित दर से अधिक पैसा न दें।कोई भी समस्या या शिकायत हो तो तत्काल जिले पर स्थापित कंट्रोल नंबर 05544-297271 अथवा 9935260276 पर काल करें समस्या का समाधान किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम सभा खरवाहिया के ग्राम कटहा में किया गया पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** ब्लाक रमियाबेहड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरवाहिया के ग्राम कटहा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आज दिनांक 16नवम्बर 2025 ग्राम पंचायत खरवाहिया के ग्राम कटहा ब्लॉक रमियाबेहड में सरकार की मंशा के अनुरूप एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी लखीमपुर डॉ0 दिनेश सचान के दिशा निर्देशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान श्रीमती किरन देवी ने गौ पूजन कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फोटो पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया मेले में आए हुए डॉ0 अनिल दुबे, सदर लखीमपुर ने पशुओं के टीकाकरण व क्रमिनाशक दवा पान के बारे में जानकारी दी। डॉ0प्रदीप कुमार ईशानगर ने किसानो को क्रेडिट कार्ड , टैगिंग का महत्व बीमा के बारे में जानकारी दी, उप मुख्यपशुचिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश वर्मा धौरहरा ने पशुपालकों को ठंड से बचाव, हरा चारा , बीमा योजना , सेक्स सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में आए हुए 95किसानों के 274 छोटे पशु एवम् बड़े पशु 365 का इलाज किया गया। मेले को सफल बनाने में वेटनरी फार्मासिस्ट राजेश बहुगुणा, एवम पैरावेट राजेश, मनीष, रामायण सिंह,कमाल ,शाहिद, निर्मल ,संतोष,ने विशेष योगदान दिया मेले को सफल बनाने के लिए डॉक्टर राकेश कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा ने मेले में आए हुए सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी व सभी किसान भाइयों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बीट प्रणाली को बनाए प्रभावी और सुदृढ़- एसपी



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय के चैंबर में थाना एवं चौकियों में तैनात बीट पुलिस अधिकारियों की बीट बुक का अवलोकन कर सम्बन्धितों को बीट प्रणाली को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण में बीट व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बीट अधिकारियों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम प्रहरियों की भूमिका, सी-प्लान एप के उपयोग, बीट क्षेत्र में लाइसेंस धारकों, पासपोर्ट धारकों एवं संभ्रांत व्यक्तियों के विवरण को बीट बुक में दर्ज रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एसपी ने थाने पर प्राप्त बीट सम्मन, नोटिस, वारंट, प्रार्थना पत्रों की जांच, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट से संबंधित विवेचना, तामिला कार्य तथा क्षेत्रीय त्योहारों के दौरान सतर्कता जैसे विषयों पर भी समीक्षा की। कहा कि बीट कार्य में सक्रियता, पारदर्शिता और नियमित फील्ड-इंगेजमेंट से ही अपराध नियंत्रण व जनसुरक्षा को प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है।इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति के तहत किया गया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**चित्रकूट:** जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोतवार को मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी सृजनात्मकता, रंग-संयोजन और कलात्मक दक्षता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश पाल ने कहा कि रंगोली जैसे पारम्परिक कला रूप न केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में सृजनशीलता और टीम भावना भी विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में प्रकृति, भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति, विकसित भारत तथा सामाजिक सरोकारों जैसे विविध विषयों पर रंगोलियाँ बनाए जाने पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और सूक्ष्म कलात्मकता की सराहना की। प्रतियोगिता में रज्जू व प्रशांत समूह ने प्रथम, सलोनी, सालिनी, तैयबा, अनुराधा, स्वाति देवी समूह ने द्वितीय तथा राखी, मनीषा, संगीता, रिया, काजल व गुड़िया समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ सीमा कुमारी, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ गौरव पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बरेली के मीरगंज में भारतीय वायुसेना के हेलीकाप्टर की आपात लैंडिंग, पायलट की सूझबूझ से टला हादसा, गांव में अफरा-तफरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** तकनीकी खराबी के चलते वायुसेना के हेलीकाप्टर की मीरगंज में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। किसी भी व्यक्ति या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एयरफोर्स कर्मियों और उनके हेलीकाप्टर को सुरक्षा मुहैया कराई। सूचना पर एयरफोर्स स्टेशन से तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने के लिए एक टीम को भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि वायुसैनिकों ने कैंप लगा लिया है। हेलीकाप्टर के ठीक होने के बाद सभी अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जाएंगे। तब तक पुलिस टीम भी उनके साथ रहेगी। सोमवार शाम करीब चार बजे अचानक से मीरगंज के गोरा लोकनाथ गांव के ऊपर वायुसेना का एक हेलीकाप्टर डगमाता हुआ दिखाई दिया। लोगों ने देखा तो एक बार को घबराए और फिर कुछ लोगों ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में हेलीकाप्टर ने गांव के ही विनोद शर्मा के खेत में लैंडिंग की। खेतों में आस-पास काम कर रहे लोगों ने जब हेलीकाप्टर देखा तो वहां पर भीड़ जुटने लगी। कुछ ही देर में चारों ओर से लोगों की भीड़ ने घेर लिया। सूचना मिलते ही एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार सिंह, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह तोमर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने वहां पर मौजूद भीड़ को पुलिस और प्रशासन की टीम ने लोगों को वहां से हटाया। इसी दौरान दूसरे हेलीकाप्टर से एक और टीम मौके पर पहुंची और हेलीकाप्टर को ठीक करने का प्रयास करने लगी। वहीं एयरफोर्स ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि मीरगंज में उतारा गया हेलीकाप्टर एडवांस लाइट हेलीकाप्टर है। उसमें तकनीकी खराबी आने के चलते एयरक्रू ने सुरक्षित रूप से उसे लैंड करा दिया है।



किसी को भी कोई क्षति नहीं हुई है। मामले में सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि हेलीकाप्टर की सुरक्षा के लिए एक टीम को लगा दिया गया है। किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। । घटनास्थल से करीब एक सौ मीटर दूरी पर ही आबादी क्षेत्र है।

## एच0सी0एफ यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन का जिला कार्यकारणी द्वारा मोहम्मदी नगर टीम का हुआ गठन




**मोहम्मदी खीरी।** एचसीएफ यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन ऑल इंडिया शाखा लखीमपुर खीरी द्वारा मोहम्मदी कार्यालय (रईस स्टोर्स द्वितीय तल) पर एक बोर्ड मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे जिला कार्यकारणी द्वारा मोहम्मदी नगर एवं मोहम्मदी तहसील की कार्यकरणी का गठन क्या गया जिसमे नगर अध्यक्ष अब्दुल्लाह इरफ़ान, नगर महासचिव अब्दुल कलीम एवं तहसील अध्यक्ष अनिकेत शर्मा, तहसील महासचिव अनुज राठौर को बनाया गया मीटिंग का आयोजन लखनऊ मण्डल अध्यक्ष फार्मासिस्ट फरहान मलिक द्वारा किया गया जिसमे अब्दुल्लाह इरफ़ान, अनिकेत शर्मा, अब्दुल कलीम, अनुज राठौर, नीरज राठौर, प्रभाष, रौनक आदि फार्मासिस्ट उपस्थित रहें।

## .दो माह से बंद पड़ी रास्ता डीएम के आदेश पर खुलवाई गई दबंगों ने पाइप उखाड़ कर फिर की बंद





### ● दबंग नहीं मान रहे प्रशासनिक अधिकारियों का आदेश अपनी मनमानी कर फिर किया रास्ता बंद झगड़ा फसाद के लिए है तैयार प्रशासन को दे रहे चुनौती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/नवाबगंज तहसील के गांव बिजासन में पत्रकार विश्व देव राठौर के खेत पर जाने की दो दशक से अधिक समय से चल रही रास्ते को गांव की महेश चंद्र जयचंद मुकेश कुमार अभिषेक आदरणीय रास्ते को बंद कर दिया था इसकी शिकायत पर 25 अक्टूबर को नायव तहसीलदार दिवाकर सिंह ने हटवा दिया था। इसकी शिकायत पर 3 नवंबर 25 को जिला अधिकारी अभिनाश सिंह एसडीम नवाबगंज सी ओ नवाबगंज को कब्जा हटवा कर रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश जारी किया था इसके बाद 15 नवंबर 25 को तहसील दिवस में आई अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र वाले का निर्देश दिया था जिसके तहत आज नायब तहसीलदार शोभित सिंह चौधरी राजस्व निरीक्षक महेंद्र बहादुर एवं लेखपाल गणों के साथ मौके पर पहुंचे रास्ते से अतिक्रमण हटवाया। परंतु अतिक्रमण हटवाकर टीम के वहां से हटाने के तुरंत बाद उपरोक्त दबंगों ने रास्ते में जाने के लिए नाली में पड़े पाइप पाइप को खोदकर बाहर निकाल दिया जिससे रास्ता पुनः बंद हो गया है जिसके कारण रास्ता फिर से बंद हो गया है यह दबंग प्रशासन को दे रहे चुनौती दूसरी बार कब्जा हटवाने के बाद फिर बंद किया रास्ता।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**चित्रकूट:** बीते रविवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मानिकपुर थाना प्रभारी ने बताया कि बीते रविवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने सूचना दी कि रविवार की सुबह उसकी नाबालिग पुत्री शौच क्रिया के लिए खेत गयी हुई थी इस दौरान वहां मौजूद सकरौंहा गांव निवासी अमृतलाल ने उसकी पुत्री को अकेले पाकर उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म किया। जिसकी सूचना उसकी पुत्री ने उसे घर आकर दी। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक गौरव तिवारी व उनकी टीम आरक्षी कुलदीप शर्मा व शरद सिंह द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी अमृतलाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

## विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष देवेश कुमार पटेल को मिला गुरु गौरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** विश्व हिंदू महासंघ के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रांतीय अधिवेशन तीन दिवसीय 14,15,16 नवम्बर 2025 का आयोजन योगीराज गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं संस्कृतिक केंद्र तारा मंडल, गोरखपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज व हिंदुत्व के प्रति उत्कृष्ट कार्यों के लिए बरेली जनपद से जिला अध्यक्ष बड़े भाई देवेश पटेल को गुरु गोरखनाथ सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। एवं बरेली की टीम को अच्छा कार्य करने पर पूरी टीम को योगी आदित्यनाथ हिन्दू रत्न का भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में हिंदुत्व के उत्थान एवं योगी जी के मिशन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठनात्मक विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव रखे । इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अस्मिता भंडारी (नेपाल), उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष, नेपाल पर्यटन बोर्ड अधिकारी, उत्तर प्रदेश संस्कृत बोर्ड सदस्य राकेश श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार भिखारी प्रजापति , एवं गोरखपुर गौरक्षनाथ मंदिर मे द्वारिका तिवारी से विश्व हिन्दू महासंघ बरेली के बारे मे चर्चा की। कवि गौरव चौहान सहित बरेली जिले के सम्मानित पदाधिकारी प्रदेश मंत्री राजेश मौर्य (बब्लू) जिला महामंत्री पुनीत शर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मुकेश राठौर, जिला उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश शर्मा, मीडिया प्रभारी सौरभ गिरी,आईटी सेल प्रभारी उत्कर्ष मिश्रा, जिला सयोजक रविंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष केशव सिंह, सोनू शर्मा, प्रमोद पटेल, शिवम पटेल, किशन कुमार सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## त्रिवटीनाथ चीनी मिल बहादुरगंज में हवन-पूजन के साथ पेराई सत्र शुभारंभ, किसानों को जारी हुआ पहला इंडेंट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/ बहेड़ी/पीलीभीत।** परेवा वैश्य व बहादुरगंज सीमा पर बनी नव निर्मित चीनी मिल बहादुरगंज क्षेत्र में स्थापित नव निर्मित त्रिवटीनाथ चीनी मिल में सोमवार को हवन-पूजन के साथ आगामी पेराई सत्र 2025-26 की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ की गई। समारोह में वेदाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। पूजन के पश्चात मिल प्रशासन ने किसान समितियों को पहला गन्ना इंडेंट जारी किया, जिससे किसानों में उत्साह देखने को मिला। मिल में 24 नवंबर से पेराई शुरू होगी। कार्यक्रम में चीनी मिल के अध्यक्ष रामसेवक भारद्वाज, सीताराम मोहता, एमडी अश्वनी अग्रवाल, मिल संचालन मंडल के सदस्य, चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) विनोद कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) सुरेन्द्र उपाध्याय, अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। नए पेराई सत्र की शुरुआत को लेकर मिल परिसर में पूरे उत्साह का माहौल रहा।

**किसानों से कोल्हू-क्रेशर पर गन्ना न बेचने की अपील**

मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) सुरेन्द्र उपाध्याय ने किसानों से कहा कि वे अपना गन्ना औने-पौने दामों में कोल्हू या क्रेशर पर न बेचें। उन्होंने कहा कि सभी किसान अपनी संपूर्ण गन्ना फसल नव निर्मित त्रिवटीनाथ चीनी मिल को ही आपूर्ति करें, ताकि उन्हें सही कीमत और समयबद्ध भुगतान प्राप्त हो सके।

**85% स्टेटा उत्पादन शासन से स्वीकृत, किसानों को नहीं होगी दिक्कत**

उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा प्रयास करके किसानों के 85 प्रतिशत स्टेटा उत्पादन को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। इसके चलते किसी भी किसान को गन्ना सप्लाई में रुकावट या पर्चियों की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सभी किसानों को उनकी निर्धारित मात्रा के अनुसार समय पर पर्चियां उपलब्ध कराई जाएंगी।



**साफ-सुथरा और मिट्टी रहित गन्ना सप्लाई करने की अपील**

मिल प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया कि वे जड़, पत्तियों, मिट्टी व गंदगी रहित साफ-सुथरा, ताजा और स्वस्थ गन्ना ही सप्लाई करें। निर्धारित शिफ्ट में गन्ना लाने से मिल के संचालन में सुगमता बनी रहेगी और किसानों को तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। नव निर्मित त्रिवटीनाथ चीनी मिल की शुरुआत से क्षेत्र के किसानों में उम्मीद की नई किरण जागी है। पेराई शुरू होने के साथ ही लाखों किसानों को आर्थिक राहत मिलने की संभावना बनी हुई है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** पशु चिकित्सालय विकास खंड धौरहरा के तुलसीराम पूर्वा में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश सचान के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया मेला का शुभारंभ ग्राम प्रधान सावित्री देवी द्वारा गौ पूजन एवं पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर पुष्कर अर्पित किया गया। शिविर के दौरान डॉ प्रदीप कुमार वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी ईशानगर द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा लगाए जा रहे टीकों के बारे में जानकारी देते हुए गला घोटू बीमारी के लक्षण एवं बचाव के लिए लगाए गला घोटू टीकाकरण के बारे में जानकारी दी खुरपका मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए लगाए जा रहे हैं एफएमडी टीकाकरण की जानकारी दी वर्तमान समय में गोवंश में फैलने वाली लंपी की बीमारी के लक्षण एवं बचाव जानकारी देते हुए पशुपालक भाइयों को अवगत कराया की यह एक वायरस बीमारी है जो तेजी से फैलती है यदि किसी पशु में इसके लक्षण दिखाई दे तो उसे पशु को अन्य पशुओं से अलग करके उपचार कराए इस बीमारी में मृत्यु दर बहुत कम है पशु को मंत्र तीन से चार दिन एंटीबायोटिक एवं बुखार की दवा देने से मात्र से पशु आसानी से स्वस्थ हो जाएंगे विभाग द्वारा लगाया जा रहे हैं लंबी टीकाकरण को सभी पशुपालक भाइयों द्वारा लगवाने के लिए प्रेरित किया इसी तरह बकरियों में फैलने वाली पी पी आर बीमारी के टीकाकरण पर भी प्रकाश डाला जाएगा। डॉ राकेश कुमार कुमारउपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा ने गर्भित पशुओं की देख रेख उनके संतुलित आहार हरा चारा भूसा वा मिनरल मिक्सचर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अवगत कराया कि यदि हम सभी पशुपालक अपने पशुओं को मिनरल मिक्सचर देते हैं तो पशु समय से गर्मी में आयेगा तथा गर्भित का प्रतिशत भी बढ़ेगा एवं दुग्ध उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। नवजात एवं उनकी देखरेख के बारे में प्रकाश जलते हुए अवगत कराया की यदि हम सभी लोग अपने नवजात शिशु को पहले हफ्ते में कृमिनाशक दवा पान कर देते हैं तो बच्चों मे मृत्यु दर काफी हद तक रोकी जा सकती है, डॉ मनीष कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी नकहा के द्वारा संतुलित पशु आहार हरा चारा उपयोग एवं उत्पादन पर प्रकाश डालते हुए अवगत करायाए कि पशुपालक भाई यदि हाइब्रिड नेपियर जैसी नस्ल रोपित कर दें तो पशुओं को पूरे वर्ष हरा चारा आसानी से उपलब्ध कराया जा सकता है। विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए सभी पशुपालक भाइयों को अवगत कराया कि यदि सभी पशुपालक अपने पशुओं को गर्मी में आने पर कृत्रिम गर्भाधान कराए जिससे आने वाले समय में अच्छी नस्ल प्राप्त हो सके, गोवंश के लिए विभाग में साहीवाल फिजिसियन गिर जैसी अच्छी नस्ल का सीमेन



एवं भैंस में मुर्रा नस्ल का सीमेन उपलब्ध है जिससे देसी नस्ल से आसानी से अच्छी नस्ल तैयार की जा सकती है। विभाग द्वारा किए जा रहे सेक्स सोर्टेड सीमेन पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि यदि सेक्स सोर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान कराते हैं तो 95 प्रतिशत गारंटेड बछिया ही होगी,इससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी जिससे पशुपालक की आय में भी वृद्धि होगी। शिविर के दौरान 87 पशुपालकों के कुल 613 गाय भैंस एवं बकरी का उपचार , क्रमिनाशक दवापान ,गर्भ परीक्षण कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण करण एवं एल एस डी टीकाकरण किया गया इस दौरान पशुपालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी चरण सिंह तोमर वीरेंद्र वर्मा पशु मैत्री सर्लेश मिश्रा,दीपक यादव मनीष कुमार,अमित कुमार,सलीम राकेश कुमार ,अतुल वर्मा,एवं संख्या में पशुपालक भाई उपस्थित रहे । डॉ राकेश कुमार उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा द्वारा कैंप में आए सभी माननीय जन प्रतिनिधि, पशुपालक भाइयों का आभार व्यक्त किया जिसे शिविर को सफल बनाया जा सका।

## देशी तमंचा के साथ एक गिरफ्तार




**चित्रकूट:** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक श्यामदेव सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी मृत्युन्जय पाण्डेय व नवीन कुमार द्वारा आरोपी आनन्द कुमार श्रीवास निवासी ग्राम चौरा थाना पहाड़ी को देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## भारतीय बजरंग दल का गठन समाज सेवा के लिए तत्पर रहने का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** तहसील गोला क्षेत्र के भीरा में भारतीय बजरंग दल द्वारा विधानसभा पलिया एवं नगर पंचायत भीरा का गठन छाजू राम कन्या ग्रोवर्स स्कूल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विधानसभा पलिया अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि संगठन के लोग सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर विवेक मिश्रा ने गौ सेवा, हिंदू धार्मिक कार्यों और प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म पाकर हम सभी सनातनी हिंदू धर्म की रक्षा व सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। शुभम कनौजिया ने कहा कि संगठन के प्रति हम सभी तन, मन, धन से हिंदू कार्यों एवं गौ माता की सेवा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। वहीं अनिल गुप्ता ने कहा कि लव जिहाद और गौ-



हत्या जैसी गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगनी चाहिए, क्योंकि इससे हिंदू धर्म को आघात पहुँचता है।नगर पंचायत भीरा के पदाधिकारी अनिल गुप्ता अध्यक्ष ,शुभम कनौजिया ,प्रभारी पवन सिंह उपाध्यक्ष, मंगेश गौरक्षा प्रमुख, सतीश सिंह, महामंत्री अजय सिंह, मीडिया प्रभारी अजय दिवाकर, विशाल भारती, वरुण, वीरेंद्र सिंह, पवन सिंह, वहीं विधानसभा पलिया के पदाधिकारी अर्पित त्रिवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर दीप मिश्रा , अजीत गुप्ता, धर्मवीर सिंह, हिमांशु मिश्रा इस कार्यक्रम में अन्य सदस्यगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों के साथ हुए अन्याय को लेकर भारतीय किसान संगठन ने जिलाधिकारी खीरी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** आज दिनांक 17/11/2025 को भारतीय किसान संगठन ने किसानों के साथ हुए अन्याय और उत्पीड़न को लेकर जिलाधिकारी खीरी को ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग करी इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार 'पंकज' ने कहा कि अयान सीड कंपनी का सोनल धान जो की डुप्लीकेट था उसे ब्रांडेड पैकिंग में भरकर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर बेचा गया जिसका जिम्मेदार जनपद खीरी का एजेंसी मालिक दीपक माथुर है अयान सीड कंपनी का सोनल धान मां एजेंसी महेवागंज में स्थित है जो पूरे जिले में बीज सप्लाई करते हैं एजेंसी मालिक ने छोटे दुकानदारों और किसानों को ठगा है किसानों की उपज कम हुई है हजारों किसान प्रभावित हुये है लाखों रुपए का नुकसान हुआ है किसानों का उनका मुआवजा मिलना चाहिए और एजेंसी मालिक के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश सचिव कामिल उस्मानी ने कहा कि भारतीय किसान संगठन किसानों का हर हाल में न्याय दिला कर रहेगा। लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा कि जांच के दौरान उसका लाइसेंस कृषि अधिकारी द्वारा निलंबित किया गया इसके बावजूद उसके वहां खुलेआम नकली बीज बेचकर किसानों के साथ धोखा धड़ी कर रहा है। प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार दीक्षित और प्रवक्ता मोहम्मद इरफान गाजी ने कहा कि बीज विक्रेता एजेंसी मालिक किसानों को लगातार धमका रहा है जिससे किसान और छोटे दुकानदार मानसिक तनाव में है। बीज विक्रेता लगातार किसानों का उत्पीड़न कर रहा है। जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कृषि अधिकारी की जांच में वह एजेंसी मालिक बीज विक्रेता दोषी पाया गया और उसका लाइसेंस निलंबित किया गया इसके बावजूद उसके वहां खुलेआम नकली बीज बेचा जा रहा है। भारतीय किसान संगठन जिला अधिकारी महोदय से मांग करता है कि दोषी बीज विक्रेता एजेंसी मालिक दीपक माथुर के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें और किसानों को फसल का मुआवजा दिलाया जाए, जरूरत पड़ी तो किसानों के हित के लिए भारतीय किसान संगठन बीज एजेंसी की मुख्य शाखा हैदराबाद तक आंदोलन करने में पीछे नहीं हटेगा किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस दौरान मनजीत मौर्य विनीत राज राकेश यादव अंबिका वर्मा टीटू वर्मा अभिषेक पांडे इकबाल अहमद शिवम सैनी सलमान सर्वेश वर्मा महेंद्र कुमार संतोष वर्मा खुबचंद रिंकू उत्तम विकास उमेश कुमार वर्मा अरविंद कुमार वर्मा शिवपूजन वर्मा कुलदीप सिंह सुफियान सोनू वर्मा सरिता देवी मोहित ललित वर्मा कमलेश वर्मा आसिफ शाहिद सफीक आदिल वीरेंद्र कुमार राम सुमेर वर्मा संजय वर्मा हरिनाम वर्मा महिपाल यादव गंगा सिंह इंद्रेश वर्मा धीरेंद्र कुमार निलेश कुमार वर्मा हासिम मोहम्मद असद मनोज कुमार वर्मा देशराज वर्मा समसाद आदि भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

## बंद पड़े क्रेशरों को चालू कराये जाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** जिले में खण्डसारी विभाग के अधीन बंद पड़े क्रेशरो को तत्काल चालू कराने की मांग जोर पकड़ रही है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि गन्ना क्रेशर शुरू न होने की वजह से किसान बेहद मुश्किल हालात से गुजर रहे हैं। संगठन ने बताया कि वर्तमान में खेती के लिए खाद, पानी, बीज, सिंचाई और अन्य जरूरतों पर किसानों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। क्रेशर बंद होने से किसान अपना गन्ना नहीं बेच पा रहे और महंगे ब्याज पर उधार लेकर खर्च चलाने को मजबूर हैं। बीकेयू ने कहा कि जिले के किसानों पर गन्ना मूल्य का लगभग 600 करोड़ रुपये बकाया चल रहा है, ऐसे में यदि क्रेशर चालू हो जाएँ तो किसान अपना गन्ना बेचकर तत्काल नकद राशि प्राप्त कर सकेंगे और उसी से अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर पाएंगे। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई किसानों की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है, ऐसे में क्रेशरों के बंद होने ने संकट को और बढ़ा दिया है। संगठन ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए खण्डसारी विभाग के बंद पड़े



क्रेशरों को तत्काल संचालित कराया जाए, ताकि किसान अपना गन्ना बेचकर नकद भुगतान प्राप्त कर सकें और अपनी खेती व घर-गृहस्थी की जरूरतों को पूरा कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**चुनार मिर्जापुर।** प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर श्री गणेश प्रकृति योग हेल्थ केयर सेंटर टेकउर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंगलवार 18 नवंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। शिविर में कास्य थाली फुट मसाज निशुल्क किया जाएगा। कांस्य थाली फुट मसाज से पैरों और एड़ियों के दर्द से राहत,शरीर की गर्मी और थकान कम होना,तनाव व चिंता से राहत मिलती है। साथ ही आंतरिक अंगों को डिटॉक्स करने,पाचन में सुधार करने और अनिद्रा की शिकायत को दूर करने में सहायक है।इसके लिए आप सभी श्री गणेश प्राकृति योग हेल्थ केयर ,टेकौर किला रोड़ गांधी पार्क के पास चुनार मिर्जापुर मोबाइल 9170125235 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

**भदोही महोत्सव के आयोजन पर बनी सहमति**



**भदोही, 17 नवम्बर।** सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जनपद की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर समीक्षा की गई। सांसद ने बताया कि जिले की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने के लिए जल्द ही भदोही महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें कृषि प्रदर्शनी, साहित्यिक मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक कला व स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

विधायक औराई दीनानाथ भास्कर ने उगापुर रामजानकी मंदिर व गोहिलांव हनुमान मंदिर, जबकि विधायक ज्ञानपुर प्रतिनिधि ने बयाव पिलखुना, कलिंजरा व गोपालपुर में पर्यटन विकास के प्रस्ताव रखे। वहीं बाबा बड़े शिव मंदिर, डेरवा भवानीपुर, शहीद झूरी सिंह स्मारक और सेमराध तट पर माघ मेला कल्पवास को बेहतर रूप से विकसित किए जाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सीतामढ़ी श्री सीता समाहित स्थल, औराई संत रविदास मंदिर, ज्ञानपुर लवकुश वाल्मीकि आश्रम सहित कई परियोजनाओं के कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, एसपी अभिमन्यु मांगलिक, सीडीओ बाल गोविन्द शुक्ल, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### परमात्मा ही सत्य और शाश्वत है -शंकराचार्य स्वामी नारायनानंद



**हमीरपुर :-** मौदहा कस्बा के बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में नारायण सेवा समिति द्वारा आयोजित 'सनातन गौरव महोत्सव' में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद



महाराज ने कथा में कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता।इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा में परीक्षित बने ज्योत्सना सिंह धनंजय सिंह व ऋषभ देव त्रिपाठी सहित शिवकुमार पाण्डेय, बिना पाण्डेय विनय तिवारी,जगदीश प्रसाद व्यास, संतोष त्रिपाठी आदि श्रोताओं ने कथा का आनन्द लिया

# डीएम, एसपी ने अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक

**● डीएम ने अभियोजन व कानून व्यवस्था संबंधी बैठक कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही 17 नवम्बर 2025:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन कार्यो, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तार से की गई। बैठक में डीएम ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी व अपर शासकीय अधिवक्ता, अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। डीएम ने डाटा को समय से फीड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एनकॉड सहित आबकारी ,खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक में प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने एपीओ व शासकीय अधिवक्ताओं को पुलिस विवेचना में जो कमी या समस्या दर्शित हो उसे व्हाट्सएप पर डिटेल लिख दें, जिसे पर उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई कराया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि व्यक्ति को लगे चोटों की फोटो, वीडियो इत्यादि बना ले, जिससे चोट की गंभीरता व ग्रेविटी का स्पष्ट पता चल सके साथ ही उसको केस डायरी में भी अंकित करें। पुलिस अधीक्षक ने एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि भूमि निर्माण विवाद में व्यक्ति को समझने व रोकने के बाद भी यदि निर्माण करता है तो धारा 151 में जेल में बंद करें।

जिलाधिकारी ने बैठक में महिला अपराधों व पाक्सों एक्ट से संबंधित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने को न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए। अभियोजन कार्यो व कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा बैठक में अवैध असलहा, आबकारी अधिनियम, संवेदनशील धाराएं, गैगेस्टर, मादक पदार्थो की तस्करी आदि बिन्दुओं पर विशेष बल दिया गया। साथ ही खाद्य एवं औषधि सुरक्षा, पीसीपीएनडीटी, आबकारी, वाणिज्य कर, बाट माप विभागों द्वारा किए प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. कुंवर वीरेंद्र मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

### महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद भदोही के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम व एण्टी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों व मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बाजारों, कस्बों, स्कूलों/कॉलेजों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों, सशक्तिकरण योजनाओं एवं सहायता संसाधनों के प्रति जागरूक किया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का विशेष अभियान

**● बैंकों, बाजारों और चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग**

**बिना नंबर प्लेट व फर्जी नंबर वाले वाहनों पर पुलिस की सख्त नजर**

**बैंकों के सीसीटीवी व अलार्म सिस्टम की बारीकी से जांच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** दिनांक- 17.11.2025 को जनपद भदोही में आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिकके कुशल निर्देशन में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी क्षेत्राधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी और पुलिस की चुस्त-दुरुस्त टीमों द्वारा सक्रिय रूप से कार्यवाही करते हुए बैंकों, सर्राफा बाजारों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण किया गया व बैंकों और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की गहन तलाशी ली। बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई और वैध कागजात न दिखाने वालों के खिलाफ तत्काल चालान की कार्यवाही की गई। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच की गई। साथ ही, शाखा प्रबंधकों के साथ संवाद कर सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाया गया। बैंक परिसर में बेवजह मौजूद व्यक्तियों को हटाया गया और संदिग्धों से सख्ती के साथ पूछताछ कर सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया गया।

# नगर पंचायत घोसिया में अधिशासी अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह का ऐतिहासिक स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



महामंत्री पद पर विजयी होकर पहली बार पहुंचे, सभासदों ने फूल-मालाओं से किया सम्मान

घोसिया/भदोही। नगर पंचायत घोसिया का परिसर आज उत्साह और हर्षोल्लास से गूंज उठा। नगर पालिका परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री पद का चुनाव शानदार जीतने के बाद अधिशासी अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह आज पहली बार नगर पंचायत घोसिया कार्यालय पहुंचे। उनके आगमन पर सभी सभासदों एवं नगर पंचायत कर्मियों ने भव्य और जोरदार स्वागत किया।

कार्यालय पहुंचते ही सभासदों ने डॉ. अनुपम सिंह को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मिठाइयां बांटी गई और परिसर में 'बधाई हो', 'मुबारकबाद' के नारों से वातावरण गूंज उठा। उपस्थित सभासदों ने कहा कि डॉ. अनुपम सिंह की जीत न केवल घोसिया नगर पंचायत के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

स्वागत समारोह में मौजूद नागरिकों ने भी आत्मीयता के साथ बधाइयां दीं। सभासदों ने विश्वास जताया कि डॉ. सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत घोसिया में विकास कार्यों की गति और तेज होगी तथा जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। डॉ. अनुपम सिंह ने सभी के स्नेह के प्रति धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सदैव जनता की सेवा और नगर के विकास को प्राथमिकता देना रहा है और आगे भी वह पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहेंगे। नगर पंचायत घोसिया में आज का यह आयोजन अधिशासी अधिकारी के प्रति जनता और जनप्रतिनिधियों के विश्वास तथा सम्मान का प्रतीक बन गया।

### धान के थ्रेसरिंग के दौरान सार्ट सर्किट से लगी आग

**ढ़ाई बीघे पुआल के साथ 15 कुंतल धान जलकर हुई राख**

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के बेदऊर गांव स्थित गोविंदिया मजरे में धान की थ्रेसरिंग के दौरान सार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे ढाई बीघे का पुआल सहित 15 कुंटल धान में आग लग गयी जिससे सब कुछ जल गया वहीं बगल में बंधी भैंसों की आग की लपटों से झुलस गई है । ग्रामीणों की मदद से जनरेटर चला कर समर सेबल चला कर आग बुझाया गया। थाना क्षेत्र के बेदऊर गांव के गोविंदिया मजरा निवासी रविंद्र कुमार व अनिल दोनों सगे भाइयों की खलिहान में रखी धान की थ्रेसरिंग हो रही थी कि उसी दौरान सार्ट सर्किट से आग लग गई देखते ही देखते आग विकराल रूप पकड़ लिया जिससे 15 कुंटल धान व ढाई बीघे का पुआल जल गया खलिहान के बगल में खूटें पर बंधी तीन भैंस झुलस गई ग्रामीणों ने जनरेटर चलाकर समरसेबल से आग को बुझाया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया किसान ने छेत्रीय लेखपाल को आगजनी की सूचना दे कर मुआवजा की मांग की है।

# जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न

**● जैविक खेती व गंगा संरक्षण पर अधिकारियों को मिले निर्देश**

**समीक्षा बैठक में पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति व गंगा समिति, पर्यावरण के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्टेट्र सभागार में सम्पन्न हुई। सीडीओ ने कहा कि जुलाई माह में हुए वृहद वृक्षारोपण के अन्तर्गत सभी पौधों की सुरक्षा सम्बन्धित विभाग द्वारा किया जायेगा। जब पर्यावरण सुरक्षित होगा, तभी हम लोग भी सुरक्षित होंगे, जो पेड़ लगाये गये है उन पेड़ों का बचाव का प्रयास हम करेंगे संकल्प लें। रोपित किए गए पौधों के रखरखाव एवं अन्य बिंदुओं पर बल दिया गया।

जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत जनपद में उत्पन्न हो रहे गीला कचरा के उपचार हेतु उपलब्ध वेट कंपोस्टिंग पिट की कार्यात्मक स्थिति की समीक्षा की गई। जनपद में उत्पन्न हो रहे प्लास्टिक अपशिष्टों को रिसायकल एवं प्रबन्धन (सड़क निर्माण, ऊर्जा निर्माण इत्यादि में) हेतु की जा रही कार्यवाही की गयी। समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट ट्रांसफर स्टेशन, डम्पिंग साईट क्षमता एवं कार्यात्मक स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट पर बल दिया गया। जनपद में उत्पन्न हो रहे कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिमालिशन वेस्ट के उचित निस्तारण एवं प्रबन्धन हेतु की जा रही कार्यवाही की गयी। जनपद में उत्पन्न हो रहे ठोस अपशिष्ट के उपचार एवं वैज्ञानिक प्रबन्धन (वेस्ट टू कम्पोस्ट एवं वेस्ट टू एनर्जी) हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी। जनपद में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के फण्टलाईन स्टाफ के कार्यात्मक क्षमता की अभिवृद्धि हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों पर जोर दिया गया। जनपद में प्रवाहित हो रहे नालों की टैपिंग हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

जिला गंगा समिति के अन्तर्गत गंगा किनारे स्थित शव दाह गृह का संचालन विद्युत से



किया जाय जिससे नदियों को प्रदूषित होने से बचाया जा सकें। गंगा ग्रामों में किसानो को जैविक खेती हेतु प्रेरित किया जाय तथा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति आम जनमानस में जन जागरूकता हेतु अभियान चलाया जाय। जनपद में संचालित समस्त डाईग प्लान्ट से निसृत हो रहें तरल अपशिष्ट की गुणवत्ता की जांच की जाय साथ ही गुणवत्ता मानक अनुरूप न होने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायें। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पे बढ़ते खतरे के जनपदवासियों को जागरूक करते हुए सीडीओ ने जनपदवासियों से कपड़े वाले थैले या बायोडिग्रेबल थैले में समान लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी विवेक यादव एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान का कड़ाई से सभी पेट्रोल पंप संचालक करें पालन

**● वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः पालन करें जनपदवासी-सीडीओ**

**बिना नम्बर प्लेट वाले डम्पर ट्रकों पर की जाय कठोर कार्यवाही- सीडीओ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिलें में यातायात नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। सीडीओ ने जनपद में संचालित सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त निर्देशित किया की ''नो हेलमेट नो फ्यूल'' अभियान का कड़ाई से पालन करें, बिना हेलमेट के व टैऽफिक नियमों का अनुपालन न करने वालों को पेट्रोल व डीजल ना दें। सभी पेट्रोल पम्पों पर पब्लिक शौचालय साफ-सुथरा रखने का निर्देश डीएम ने दिया। रांग साईड ड्राईविंग करने वालो को रोकने पर बल दिया गया। एआरटीओ रामसिंह ने बताया कि यातायात माह नवम्बर में अभी तक 7.5 हजार वाहनों का चालान किया गया है। चालान की यह कार्यवाही 30 नवम्बर तक चलायी जायेगी। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वाहन चालकों को परिवहन नियमों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सृजित परिवहन संबंधी सेवाओं के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट 8005441222 पर एचआई अथवा नमस्ते मैसेज करें, और ड्राईविंग लाईसेंस, वाहन पंजीकरण, परमिट सेवाएं, कर अदायगी, अन्य सेवाओं की त्वरित एवं विश्वसनीय जानकारी प्राप्त करें।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर जंगीगंज, गोपीगंज, माधोसिंह, औराई में एनएचआई के नालों तक बीच-बीच में अधिक्रमण कर लिया गया है। जिससे दृष्टिगत सीडीओ ने एनएचआई, पुलिस, परिवहन, नगरीय निकायों की टीम गठित कर संयुक्त रूप से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया। ड्रंक एण्ड ड्राईव को रोकने हेतु सीडीओ ने जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ व पुलिस को संयुक्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉटो पर कमेटी गठित कर ब्लैक स्पाट एवं दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाये। शहर के प्रमुख मार्गो पर चिन्हों का बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रंबलिंग स्ट्रिप बनाये जाएं।

सीडीओ ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि जिले में गाड़ियों का संचालन बढ़ाया जाए, जिससे यात्रियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जनपद में डग्गामार एवं अनाधिकृत रूप से संचालित गाड़ियों को बन्द किया जाए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिया है कि छात्र/छात्राओं के सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में चल रहे बसें/वाहनों का सर्वे कर वाहनों के फिटनेस की जाँच की जाय और जाँच के दौरान जो वाहन अनफिट पाये जाएं, उनकी सूची उपलब्ध कराएं, ताकि अनफिट वाहनों का संचालन रोका जा सके। उन्होने अनफिट विद्यालय वाहन के संचालन की दशा में प्रबन्धक के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का भी निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्होने यह भी निर्देश दिया कि स्कूल बसों व अन्य भारी वाहनों पर ओवरलोडिंग न होने पाये। इसके साथ ही सीडीओ ने सभी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सुरक्षित यात्रा के दृष्टिगत अनिवार्य रुप से हेल्मेट और सीटबेल्ट का अनिवार्य रुप से प्रयोग करने का निर्देश दिया है।

सीडीओ ने कहा कि गुड सेमिरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगो में जागरूकता लाने का निर्देश सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को दिया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को यदि किसी व्यक्ति के द्वारा अस्पताल पहुंचाया जाता है तो उसे गुड सेमिरिटन योजना में दिए गए निर्देशो के तहत किसी प्रकार का पूछताछ नही किया जाएगा। सीडीओ ने सभी पी0एच0सी0 व सी0एच0सी0 व मेडिकल कालेज के चिकित्सको को निर्देशित करे कि ऐसे लोगो का नाम, रजिस्टर में दर्ज कर गोपनीय तरीके से रखा जाए ताकि उन्हें योजना के तहत पुरस्कृत भी किया जा सकें।

# गडबडा शीतला धाम में आगामी अगहन मास में लगने वाले मेले की तैयारी के लिये एसडीएम ने अधिकारियों के साथ ली बैठक

**● मंदिर के व्यवस्थापक सुभाष चंद्र शुक्ला ने पशुधन की अवैध धन न वसूली करने की माग किए।**

**एसडीएम ने एस आई से पार्किंग की जानकारी लेने लगे ना जानकारी देने पर एस आई के ऊपर नाराजगी जताए।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गडबडा शीतला धाम में आगामी अगहन मास में लगने वाले 15 दिवसीय मेले के तैयारी को लेकर सोमवार को अधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया है। इस दौरान पंकज शुक्ला ने मंदिर का ताला तोड़कर पैसा निकालने व व्यवस्था मंदिर में पशुधन की अबैध वसूली को रोकने मंदिर पर आने वाले मेला सहयोगियों व प्रकाश चंद शुक्ल जो परिवार के ही सदस्य हैं बैठक में उपस्थित नहीं रहते जिसके कारण सहयोग में समस्या आ रही है। जिस पर एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह ने कहा कि यह बैठक आगामी मेले की व्यवस्था की जानकारी के लिए आहूत की गई है उसी पर बात की जाएगी इस संबंध में ग्रामीणो ने कहा कि पार्किंग स्थल पर सरसों की बुवाई कर दी गई है जिसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए स्थानीय लोगों ने अलाव जलाने तथा मेला पर क्षेत्र में दर्शनार्थियों के लिए अलाव, विद्युत व्यवस्था की मांग की वही सेफ्टी नदी में बने पुल के बगल क्षतिग्रस्त रपटे को ठीक करने की मांग की।

जिस पर उपजिला अधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा दूरभाष से संपर्क कर क्षतिग्रस्त रपटे को ठीक करने के लिए कहा विजली के लिये एक्शियन से बात कर बिजली व्यवस्था समय रहते करने की बात कही। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार से स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव से शौचालय सफाई की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था व पार्किंग के लिए हलिया थाने के उपनिरीक्षक अच्छे लाल से जानकारी ली व समय से सभी को लग कर व्यवस्था करने की बात कही। बताते चलें कि 23 नवंबर व 24 नवंबर को गवयी मेला लगेगा ,इसके बाद सहरहवा (बडा) मेला है, 30 नवंबर व 1 दिसंबर को बडा मेला लगेगा। इसके बाद 7 दिसंबर व 8 दिसंबर को गवयी मेला लगने के बाद समापन होता है। जिसमें बड़े मेले पर 5 से 6 लाख भक्तों का आना होता है जिसमें लगभग 10 हजार वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होती है जिसको लेकर प्रशासन पार्किंग के स्थल पर फसल बोए जाने को लेकर हलाकान है। इस मौके पर तहसीलदार दीक्षा पांडेय,बीडीओ विजयशंकर त्रिपाठी, सुभाष चंद्र शुक्ला, ज्ञान शुक्ला, मंगलदारी मिश्र, दिनेश तिवारी ,सुजित तिवारी सिवम शुक्ला गडबडा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रजनीश कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# बाराचवर ब्लाक सभागार में आयोजित बीजेपी की बीएलओ 2 प्रशिक्षण बैठक हुई सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजीपुर।** चुनाव आयोग के निर्देश पर देश के सभी प्रदेशों में एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मकसद देश को कोई भी मतदाता मतदान सूची से बाहर ना हो तो वहीं किसी भी तरह के फर्जी मतदाता की मतदान सूची से नाम बाहर किया जाये। जिसकी जिम्मेदारी बीएलओ को दी गई है। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी भी उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में एसआईआर बीएलओ 2 के तहत ब्लाकों में मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं की बैठक कर रही है। रविवार को गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक सभागार में मंडल अध्यक्ष प्रथम व द्वितीय समेत सभी कार्यकर्ताओं की बैठक की जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने की इस बैठक में ब्लाक प्रमुख ब्रिजेन्द्र सिंह , मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, मिडिया प्रभारी शिवशंकर गुप्ता, शिवाजी सिंह, विपिन बिहारी सिंह, टुनटुन सिंह , श्याम



राज तिवारी समेत सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। मिडिया से बात करते हुए जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने बताया की देश के सभी राज्यों में चुनाव आयोग के निर्देश पर एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। ताकि एक स्वच्छ मतदाता सूची तैयार हो सके। इसी के तहत हमारी पार्टी भी प्रदेश के सभी जनपदों में ब्लाक अस्तर पर कार्यकर्ताओं को बीएलओ 2 प्रशिक्षण दे रही है। कार्यकर्ताओं को बताया जा रहा है की आप लोग ब्लाक के सभी गांवों में हर घर पहुंच कर एसआईआर के लिए लोगों को जागरूक करें। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है की एसआईआर फार्म भरने से वंचित ना रहे और वहीं कोई फर्जी लोग इस एस आईआर में शामिल ना हो सके जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने बताया की एस आईआर लागू होने से जितने भी फर्जी मतदाता हैं उन सबका नाम चुनाव आयोग मतदाता सूची से हटा रहा है। वहीं जो मतदाता वोट करने से वंचित रह जाते हैं। अब मतदाता सूची में नाम शामिल करने के उपरांत अपना मतदान कर सकते हैं। वहीं अजय सिंह ने कहा की चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर लागू करने से अब कोई भी व्यक्ति दो जगहों पर अपना मतदान नहीं कर सकता और ना ही कोई बाहरी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेसी नेता के घर सांसद उज्जवल रमण सिंह ने दी संवेदना



नैनी प्रयागराज। शहर कांग्रेस कमेटी महासचिव राकेश श्रीवास्तव के भाभी विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव 63 वर्ष के आकस्मिक निधन पर प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस जनो के साथ उनके आवास पर परिवार जनों के बीच में अपनी संवेदना किया। और इस दुःखद की घड़ी में अपनी व कांग्रेस जनों की ओर से मृत आत्मा शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते परिवार जनों को इस दुःखद को घड़ी को सहन करने का ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि इस परिवार को जब भी जरूरत होगी इनके बीच में हमेशा ही एक परिवार के सदस्य के रूप में मौजूद रहूँगा।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा, शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार के प्रदेश महासचिव विवेक कुमार पाण्डेय, शहर उपाध्यक्ष प्रतिमा त्रिपाठी, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव, शहर महासचिव अंजुम नाज,पूर्व शहर सचिव प्रदीप वर्मा,इंजिनियर विजय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा बिरेन्द्र यादव,मुन्ना जाफरी, प्रदीप शर्मा, पास्टर विनोद जैकब, संदीप कुमार, टिंकू श्रीवास्तव, अनुज कुशवाहा, सहित आदि कांग्रेस मौजूद रहें।

## सेंट जॉन्स अकादमी में मना वार्षिक समारोह

नैनी, प्रयागराज। सेंट जॉन्स अकादमी, औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को वार्षिक समारोह ,सांस्कृतिक व संगीत कार्यक्रम



ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता से भरपूर वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के मुदित चंद्रा, निदेशक दंपती व इनेस, प्रधानाचार्य डॉ. जरीन रिज़वी सहित संकाय सदस्य, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ इरशाद अकबर के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा निखारने के महत्व पर प्रकाश डाला।सांस्कृतिक संध्या में नृत्य, नाटक और संगीत, कविता प्रस्तुतियों का मनमोहक मिश्रण देखने को मिला। 'द सिम्फनी ऑफ वर्चुज़' थीम पर आधारित 'रस्ट्स ऑफ विजडम', 'वॉयस एंड स्टेप्स ऑफ हार्मनी', 'हार्मनी फॉर ह्यूमैनिटी' और 'रिदम इन लाइफ्स' जैसे कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी। रंग-बिरंगे परिधानों और सधे हुए प्रदर्शन ने शाम को यादगार बना दिया। हिंदी कवि सम्मेलन 'हँसी के गुलगुले' में बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी रचनाएँ सुनाकर साहित्यिक वातावरण बनाया। वरिष्ठ छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक 'बूढ़ी काकी' और फैशन शो 'कॉस्मिक कॉउचर' भी विशेष आकर्षण रहे, जिनमें संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम दिखा। मुख्य अतिथि चंद्रा ने छात्रों को समग्र शिक्षा अपनाने और निष्ठा व उत्कृष्टता के साथ राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन उपलब्धि और उल्लास के वातावरण में हुआ। सभी प्रस्तुतियों ने छात्रों की मेहनत व प्रतिभा को उजागर किया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्थान के प्रबंधन व प्रशासन व मीडिया के सहयोग से आयोजन को भव्य रूप से सम्पन्न कराया गया।

## 04 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

प्रयागराज। जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 17.11.2025 को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में कार्यवाही करते हुए कुल 04 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील कोरांव के ग्राम डिहिया, विरहा व पथरताल में चकमार्ग, ग्राम महुली में रास्ता की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरुद्ध तद्नुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# बिहार चुनाव में विश्व बैंक से लिए गए 14,000 करोड़ रुपये कर्ज का इस्तेमाल ': प्रशांत किशोर की पार्टी का बड़ा दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने दावा किया है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए विश्व बैंक के 14,000 करोड़ रुपये के फंड को 'डायवर्ट' कर दिया है। जन सुराज पार्टी के अपने पहले चुनाव में खाता खोलने में विफल रहने के एक दिन बाद शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए, इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि धन को 'खैरात और मुफ्त चीजों' के लिए इस्तेमाल किया गया। 'उन्होंने कहा, 'जून से लेकर चुनावों की घोषणा होने तक नीतीश कुमार सरकार ने जनता के पैसे से लोगों के वोट खरीदने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च किए।' उन्होंने आरोप लगाया, 'यह पैमाना अभूतपूर्व है। यहां तक कि विश्व बैंक से मिले ऋण में से 14,000 करोड़ रुपये भी मुफ्त सुविधाओं में खर्च कर दिए गए।' मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का जिक्र करते हुए , जिसके तहत दो चरणों के चुनाव से पहले राज्य में महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये हस्तांतरित किए गए थे, उन्होंने कहा, 'यह पहली बार हुआ होगा कि आदर्श आचार संहिता के बावजूद मतदान से एक दिन पहले तक लोगों को पैसा मिलता रहा। यह उन महिलाओं को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त था, जो शायद किसी तरह गुज़ारा करने के लिए मजबूर थीं। 'उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसने बिहार में सत्ता बरकरार रखी है, नष्ट हो गया होता यदि जनता का पैसा 'वोट खरीदने के लिए' न बहाया गया होता। सिंह ने कहा, 'कृपया याद रखें कि जब तक जन सुराज पार्टी ने 2,000 रुपये वृद्धावस्था पेंशन का वादा नहीं किया था, तब तक सरकार ने इस राशि को 700 रुपये से बढ़ाकर 1,100 रुपये प्रति माह नहीं किया था।' 'उन्होंने यह भी कहा कि जन सुराज पार्टी के मतदाताओं का एक वर्ग ' राजद (राष्ट्रीय जनता दल) के तहत जंगल राज की वापसी के डर से' एनडीए के साथ चला गया। पूर्व भाजपा सांसद ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि राजद के शासन में जंगल राज की वापसी का डर था।

हालांकि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि कोई जंगल राज था, लेकिन डर तो था। कई लोग, जो हमें मौका देना चाहते थे, उन्होंने इसी डर से एनडीए को वोट दिया।' 'उनकी पार्टी के सहयोगी पवन वर्मा ने भी इसी तरह के आरोप लगाते हुए कहा कि यह राशि 21,000 करोड़ रुपये के विश्व बैंक कोष से निकाली गई। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, 'बिहार में वर्तमान में सार्वजनिक ऋण 4,06,000 करोड़ रुपये है। प्रतिदिन ब्याज 63 करोड़ रुपये है। खजाना खाली है। हमारे पास जानकारी है, जो गलत भी हो सकती है, कि राज्य में महिलाओं को दी गई 10,000 रुपये की राशि 21,000 करोड़ रुपये से दी गई थी, जो विश्व बैंक से किसी अन्य परियोजना के लिए आए थे। चुनाव आचार संहिता लागू होने से एक घंटे पहले, 14,000 करोड़ रुपये निकालकर राज्य की 1.25 करोड़ महिलाओं में बाँट दिए गए।' 'जैसा कि मैंने कहा, यह हमारी जानकारी है। अगर यह गलत है, तो मैं क्षमा चाहता हूँ। लेकिन अगर यह सच है, तो सवाल उठता है कि यह कहाँ तक नैतिक है। यह संभव है कि



कानूनी तौर पर आप कुछ नहीं कर सकते। सरकार धन का दुरुपयोग कर सकती है और बाद में स्पष्टीकरण दे सकती है। चुनाव के बाद स्पष्टीकरण दिया जाएगा,' उन्होंने कहा। किसी भी एनडीए नेता या बिहार सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। एनडीए ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 202 सीटें जीतीं, जिसमें भाजपा को 89, जेडीयू को 85, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 19, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को पाँच और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को चार सीटें मिलीं। राजद के नेतृत्व वाला विपक्षी गुट, महागठबंधन, केवल 35 सीटें ही हासिल कर सका।

राजद को केवल 25 सीटें मिलीं, जो 2010 के बाद बिहार चुनाव में उसका दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन था। कांग्रेस ने 19 से घटकर छह सीटें जीतीं, भाकपा (माले) एल को दो सीटें, माकपा को एक और भाकपा को शून्य सीटें मिलीं। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने पाँच सीटें जीतीं, जबकि मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) अपना खाता भी नहीं खोल सकी।

## नंदिनी घी के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी, कहीं आप भी नहीं खा रहे जानवरों की चर्बी

ब्यूरो प्रयागराज। आजकल बाजार में हजारों घी के ब्रांड मौजूद है. सभी ब्रांड शुद्धता की दावा करते रहते हैं. लोग शुद्धता के नाम लोग इसे अपने खान-पान में इस्तेमाल करते हैं. मगर, लोगों को ये बात मालूम नहीं कि वे घी के नाम पर जानवरों की चर्बी खा रहे होते हैं. एक ऐसे ही ब्रांड का खुलासा हुआ है, जिसमें जानवरों की चर्बी मिलाए जाने की पुष्टी हुई है. जी हां... पूरे देश का पॉपुलर ब्रांड जो हर स्टोर के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी मौजूद है. हम बात कर रहे हैं नंदिनी घी ब्रांड की. दरअसल, तमिलनाडु-कर्नाटक बॉर्डर पर जांच के दौरान ब्रांड के नाम पर नकली घी बेचने वाले गैंग का भंडाफोड़ हुआ है. पुलिस ने बताया कि तामिलनाडु में इस नकली घी को बनाया गया और बेंगलुरु में बेचा गया. यह कर्नाटक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (केएमएफ) के स्वामित्व वाले 'नंदिनी' ब्रांड के तहत बेचे जा रहे नकली घी की कहानी है. नकली घी बेचने वाले गैंग का भंडाफोड़ करने में बेंगलुरु पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. शहर को नकली नंदिनी घी उपलब्ध कराने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय मिलावटखोरी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है. दक्षिण भारत के सबसे विश्वसनीय डेयरी ब्रांडों में से एक नंदिनी की बाजार में भारी मांग है, जिसका फायदा आरोपियों ने मिलावटी घी तैयार करके और उसे असली बताकर बेचा. संदिग्ध आपूर्ति पैटर्न के बाद आंतरिक जांच शुरू होने पर यह रैकेट सामने आया।

## बिहार चुनावः कांग्रेस के वोटर संख्या में अचानक बढ़ोतरी के आरोप पर लगी मुहर, चुनाव आयोग ने दी सफाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




ब्यूरो प्रयागराज। बिहार विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित नतीजों के बाद कांग्रेस द्वारा एसआईआर के बाद घोषित और मतदान के बाद घोषित कुल मतदाता संख्या में 3 लाख से ज्यादा के अंतर का आरोप सही साबित हुआ है। चुनाव आयोग ने इस मानते हुए इस पर सफाई दी है और बढ़ोतरी को नियम के अनुसार बताया है। कांग्रेस ने ये सवाल उठाया था कि बिहार में एसआईआर के बाद चुनाव से पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 6 अक्टूबर को कुल निर्वाचकों की संख्या 7.42 करोड़ बताई थी, लेकिन मतदान के बाद भारत निर्वाचन आयोग की प्रेस रिलीज में ये संख्या 7.45 करोड़ दर्शायी गई है। अचानक 3 लाख नए निर्वाचक कैसे बढ़ गए? इसको लेकर चुनाव आयोग ने अब स्पष्टीकरण दिया है। चुनाव आयोग ने माना है कि मतदान के बाद भारत निर्वाचन आयोग की प्रेस रिलीज में 3 लाख नए निर्वाचक बढ़े हैं, जो सही है। आयोग ने बताया कि 6 अक्टूबर को जो आंकड़ा 7.42 करोड़ बताया गया, वह 30 सितंबर को अंतिम बार प्रकाशित निर्वाचक सूची के आधार पर था। यह अंतिम सूची एक गहन जांच और पुनरीक्षण के बाद तैयार की गई थी। चुनाव नियमों के मुताबिक, चुनाव की घोषणा होने के बाद हर चरण में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक कोई भी पात्र नागरिक अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकता है। 1 अक्टूबर से लेकर नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक आने वाले सभी वैध आवेदन भी सूची में शामिल किए जा सकते हैं। इसलिए, 30 सितंबर को प्रकाशित अंतिम सूची के बाद जो नए आवेदन आए, उनका मिलान और सत्यापन करके उनके नाम सूची में जोड़ दिए गए, ताकि कोई भी योग्य नागरिक वोटिंग से वंचित न रहे और सभी को मतदान का मौका मिले। इस वजह से कुल निर्वाचकों की संख्या लगभग 3 लाख बढ़ गई। आयोग ने सफाई में कहा कि जो 7.42 करोड़ की संख्या पहले बताई गई थी, वह सिर्फ 30 सितंबर तक के डेटा पर आधारित थी। 7.45 करोड़ की संख्या, जो मतदान के बाद प्रेस रिलीज में दिखाई गई, वह सभी नए और वैध जोड़ों को मिलाकर तैयार की गई थी। यह पूरी प्रक्रिया नियमों के मुताबिक हुई है और इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है। चुनाव आयोग ने यह साफ किया कि अतिरिक्त 3 लाख वोटर आकस्मिक नहीं बढ़े, बल्कि समय पर मिले वैध आवेदनों के बाद उनकी संख्या में यह वृद्धि हुई।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्जी वकील और जाली दस्तख़त का मामला, फोरेंसिक जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक लंबित जनहित याचिका में गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिलने पर कई दस्तावेज़ों के हस्ताक्षरों की फोरेंसिक जांच (FSL) कराने का आदेश दिया। कोर्ट के समक्ष आए तथ्यों से प्रथमदृष्टया यह प्रतीत हुआ कि मामले में प्रतिरूपण, जालसाज़ी, दस्तावेज़ों की फर्जी तैयारी और न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग जैसी आशंकाएं मौजूद हैं। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने यह आदेश उस समय पारित किया, जब प्रतिवादी नंबर 5 ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 379 के तहत आवेदन दाखिल कर आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता ने झूठा हलफनामा दाखिल किया और उसके वकील के दस्तख़त तक जाली बनाए। जनहित याचिका संगीता गुप्ता ने दायर की, स्वयं वकील हैं। याचिका में उन्होंने कुशीनगर स्थित फतेह मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रबंधन समिति के 2023 के चुनाव को चुनौती दी। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी नंबर 5 ने आरोप लगाया कि गुप्ता एडवोकेट ए.पी. सिंह और तथाकथित वकील अशरफ़ अली के साथ मिलकर फर्जी याचिकाएं दायर कर रही हैं। एक ही पते और फ़ोन नंबर का उपयोग कर रही हैं और अदालत को गुमराह करने के लिए जाली दस्तावेज़ तैयार कर रही हैं। संस्थान के प्रबंधक के पुत्र द्वारा दायर हलफ़नामे में यह तक आरोप लगाया गया कि गुप्ता ने उनकी ओर से नियुक्त अधिवक्ता के हस्ताक्षर की नकल कर वापसी आवेदन तैयार किया और अशरफ़ अली नामक वकील वास्तव में काल्पनिक पहचान है, जिसे ए.पी. सिंह ने अपने नापाक मंसूबों के लिए गढ़ा है। आरोपों में यह भी शामिल था कि सिंह का आपराधिक मामलों से जुड़ा इतिहास है और वह संदिग्ध व्यक्तियों के साथ मिलकर न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहे हैं। हलफ़नामे में अनेक मामलों के स्क्रीनशॉट भी संलग्न किए गए, जिनमें कभी याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व ए.पी. सिंह या अशरफ़ अली करते दिखे, कभी दोनों एक-दूसरे का प्रतिनिधित्व करते तो कभी दोनों साथ में उसी मुकदमे में उपस्थित थे। दूसरी ओर गुप्ता ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं वापस लेने का आवेदन प्रतिवादी पक्ष के वकील को दिया और उनकी याचिका केवल 2023 के चुनाव को चुनौती देने तक सीमित है। प्रतिवादी नंबर 5 ने अपने प्रत्युत्तर में दावा किया कि उनके वकील ने कभी गुप्ता को देखा ही नहीं, इसलिए उनके पास आवेदन पहुंचने का सवाल ही नहीं। उन्होंने उन दस्तख़तों को भी जाली बताया, जिन्हें उनके नाम से प्रस्तुत किया गया। आरोप यह भी था कि ए.पी. सिंह, अशरफ़ अली के नाम पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का उपयोग कर रहे हैं और दोनों का एक ही प्रोफ़ाइल चित्र है। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्वयं कई बार देखा कि अलग-अलग लोग अशरफ़ अली बनकर पेश हो रहे थे। 20 अगस्त, 2025 को अदालत ने उपस्थित व्यक्ति को निर्देश दिया कि वह वहीं अदालत के रजिस्ट्रार के समक्ष अपने हस्ताक्षर करे। यह भी पाया गया कि ये हस्ताक्षर याचिका, वापसी आवेदन और कुरियर की डिलीवरी शीट पर दर्ज हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते। रजिस्ट्री की रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आया कि कुल 23 जनहित याचिकाएं संगीता गुप्ता, ए.पी. सिंह और अशरफ़ अली द्वारा या उनके संयोजन में दायर की गई थीं। अदालत ने दुरुपयोग के आरोपों पर तत्काल निर्णय टालते हुए यह माना कि प्रतिरूपण और जालसाज़ी के आरोपों की सत्यता जानने के लिए फोरेंसिक जांच आवश्यक है। इसी कारण उसने लखनऊ स्थित फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (FSL) को सभी संबंधित मूल दस्तावेज़ भेजने का निर्देश दिया, जिनमें मूल याचिका, वापसी आवेदन, 20 अगस्त को किए गए हस्ताक्षर प्रतिवादी के वकील का वकालतनामा और कुरियर की डिलीवरी शीट शामिल हैं। FSL को एक माह के भीतर स्पष्ट रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया कि क्या सभी दस्तावेज़ों पर दर्ज अशरफ़ अली/ए. अली के हस्ताक्षर एक ही व्यक्ति के हैं और क्या प्रतिवादी नंबर 5 के वकील के हस्ताक्षर वापसी आवेदन पर उसी व्यक्ति द्वारा किए गए, जिसने वकालतनामा पर हस्ताक्षर किए थे। मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी, 2026 को होगी।

# 157 करोड़ की अर्बन हाट में ठेकेदार की लूट

● बिना अनुबंध और हैंडओवर 1.19 करोड़ की वसूली, फर्जी बुकिंग कर स्मार्ट सिटी को लगाया चूना।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। बरेली स्मार्ट सिटी परियोजना अर्बन हाट में बड़ा घोटाला सामने आया है। अप्रैल 2024 में संचालन का ठेका मिलने के बाद भी कार्यदायी एजेंसी वैम्पाइन इंटरप्राइजेज ने 14 नवंबर तक स्मार्ट सिटी कंपनी के साथ अनुबंध नहीं किया, लेकिन इसी अवधि में ऑडिटोरियम और कैंपस की निजी बुकिंग कर वसूली करती रही। इस मनमानी से स्मार्ट सिटी को 1.19 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। 157.67 करोड़ की लागत से बने अर्बन हाट की बिल्डिंग दिसंबर 2023 में तैयार हुई थी। 30 वर्ष के लिए संचालन का ठेका देते समय यह प्रावधान था कि एजेंसी को स्मार्ट सिटी से अनुबंध करना होगा, तभी संचालन अधिकार मिलेंगे। लेकिन एजेंसी ने महीनों तक अनुबंध को टालकर अर्बन हाट को निजी आयोजनों का केंद्र बनाकर रख दिया। मामला उजागर होने पर सीईओ संजीव मौर्य ने ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वसूली गई राशि की भरपाई कराई जाएगी और जिम्मेदारी तय की जाएगी। अप्रैल से नवंबर तक अनुबंध का लंबित रहना अब संदेह के घेरे में है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि फाइल ठेकेदार मोनू झाबर की सुविधा के अनुसार ही आगे बढ़ाई जाती रही।

राजस्व नुकसान की जानकारी होने के बाद भी किसी अधिकारी ने प्रश्न नहीं उठाया। अनुबंध की देरी से सीधे ठेकेदार को फायदा हुआ। इन परिस्थितियों में विभागीय मिलीभगत की भी चर्चा शुरू हो गई है। जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि निर्माण एजेंसी आरपीपी इंफ्रा ने आज तक स्मार्ट सिटी को परियोजना का आधिकारिक हैंडओवर नहीं दिया है। ऐसी स्थिति में प्रोजेक्ट ऑपरेशनल नहीं माना जाता, किसी भी निजी संस्था को संचालन अधिकार देना नियमों के खिलाफ होता है।इसके बावजूद ठेकेदार को पूरे कैंपस में कार्यक्रम कराने की अनुमति मिलना स्वयं में गंभीर लापरवाही है। अर्बन हाट विवाद का प्रभाव अब अन्य योजनाओं पर भी देखने को मिला है।जीआईसी ऑडिटोरियम की बुकिंग पर असर पड़ा। नगर निगम को राजस्व नुकसान उठाना पड़ा। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर निगरानी और जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। बिना अनुबंध संचालन ने न केवल वित्तीय जोखिम बढ़ाया, बल्कि परियोजना की मूल भावना को भी नुकसान पहुंचाया। प्रकरण सामने आने के बाद स्मार्ट सिटी प्रशासन ने पूरी जांच शुरू कर दी है। ठेकेदार, निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। स्मार्ट सिटी सीईओ ने स्पष्ट कहा है कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुबंध से पहले किसी भी प्रकार की वसूली अवैध है। नुकसान की भरपाई कराई जाएगी।

## वाहन खड़ी कर खरीदारी करने से लगता है जाम, निगम और पुलिस बेखबर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी,प्रयागराज। नैनी सब्जीमंडी के सामने -मिर्जापुर हाइवे पर वाहन खड़ा कर फल और सब्जियां खरीदने वालों से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। रोजाना सुबह-शाम भयानक जाम लग रहा है। ट्रैफिक सिस्टम को फेल करने वाले ऐसे विक्रेताओं से कैसे और कौन निपटेगा यह सवाल आज तक बना हुआ है। नगर निगम की ओर से हर माह अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर फल-ठेलिया वालों को फुटपाथ से हटाया जाता है। लोगों को सलाह दी जाती है कि वाहनों को हाइवे से दूर लेजाकर खड़ा करें। लेकिन इसका असर कुछ देर ही रहता है। फिर हाइवे पर वाहनों की कतार लग जाती है। फल-ठेलिया वाले फुटपाथ घेर लेते हैं।

**निगम और पुलिस स्टाफ बेखबर**

सब्जीमंडी के बगल में ही नैनी पुलिस चौकी और नगर निगम का क्षेत्रीय दफ्तर है। यहां तैनात स्टॉफ फल और फल-ठेलिया वालों को नहीं छेड़ता। वजह साफ है। इसलिए भी जाम लगने का प्रभाव इनपर नहीं पड़ता। अलबत्ता आम जनता जाम में जूझती, परेशान होती है। सब्जीमंडी के बाहर नगर निगम की काफी भूमि है जहां खान-पान और फल-सब्जियों के ठेले लगाए जाते हैं और जगह कम पड़ने पर कई ठेले हाइवे फुटपाथ पर लगा दिए जाते हैं। स्थिति उस वक्त बिगड़ जाती है जब खरीददारी करने वाले अपने वाहन हाइवे पर खड़ा कर सब्जीमंडी का चक्कर लगाते रहते हैं। सुबह दस से देर शाम तक इधर से गुजरना मुनासिब नहीं होता।



**नियमित नियंत्रण की जरूरत**

सब्जीमंडी पर वर्तमान में गोल चौराहा बनाया जाना जरूरी हो चला है। डिवाइडर बने हैं लेकिन इससे ट्रैफिक कंट्रोल नहीं हो रहा है। चौराहा बनाकर ट्रैफिक बूथ स्थापित किया जाना यहां बेहद जरूरी है। ताकि जाम पर नियंत्रण हो सके। इसके अलावा हाइवे पर वाहन खड़ा करने वालों पर कार्यवाही हो सके।

**साफ सफाई भी जरूरी**

सब्जीमंडी के आसपास कूड़ा डम्प करने की व्यवस्था की गई है लेकिन नियमित साफ-सफाई और गमक्सिन पाउडर का छिड़काव नहीं होता है। छुट्टा मवेशी यहां चरते रहते हैं और सब्जी लगाने वाले इनको हांकते हैं तो सड़क पर तेजी से भागते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। नियमित साफ-सफाई बहुत ही जरूरी है। लोग कूड़ा डम्प वाली जगह पर पेशाब करते हैं जिससे यहां बराबर सड़ांध व दुर्गंध फैली रहती है।

**शौचालय पर लगा रहता है ताला**

सब्जीमंडी के बगल पुलिस चौकी है और इससे सटा बेहतर शौचालय है। जहां अक्सर ताला लगा रहता है। यहां पर तैनात कर्मचारी ड्यूटी पर कब आता है और कब चला जाता है। कुछ पता नहीं चलता।

## राम बन गमन के बाद भाइयों ने मिलकर अयोध्या की विपति बांट ली -- विनोदानंद सरस्वती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। श्रमिक बस्ती, नैनी स्थित मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन में बोलते हुए राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि आज के भाई संपत्ति बांटते हैं, राम के भाइयों ने विपत्ति बांट ली। महारानी कैकई की भूल के कारण रघुकुल पर जो घोर विपत्ति आई, उसे राम और उनके भाइयों ने मिलकर आपस में बांट लिया। राम, लक्ष्मण ने राक्षसों का विनाश कर पृथ्वी का भार हल्का किया तो भरत, शत्रुघ्न ने अयोध्या की रक्षा की एवं प्रजा पालन किया। चारों भाइयों ने अपने व्यक्तिगत सुखों को दर किनार करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जिसके परिणाम स्वरूप रघुकुल की मर्यादा भी अच्छुण रही और 14 वर्ष के राम वनवास के पश्चात अयोध्या में खुशियां पुनः लौटीं। दीपावली मनी। श्री राम कथा व्यास पं विनोद मालवीय ने भरत के नीर-क्षीर विवेक की सराहना करते हुए भरत चरित्र का अत्यंत सुंदर वर्णन किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी एल अकादमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, सुभाष प्रधान, अनिल विश्वकर्मा,



मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला, हरि शंकर मिश्रा, शिव कुमार पाठक, अतुल सिंह, श्री प्रकाश शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, निखिल सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने से मनुष्य का जीवन खुशहाल रहता है

● नगर प्रमुख एम एस डी कॉलेज में स्वास्थ शिविर आयोजित।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। फूलपुर प्रयागराज व्यापार मंडल गंगापार प्रयागराज व मेदांता अस्पताल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श जागरूकता शिविर बाबूगंज में आयोजित किया गया। जिसमें बताओ मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा कि स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने से मनुष्य का जीवन खुशहाल रहता है और वह अपने कार्यों को नियमित तन्मयता के साथ पूरा करता है। आगे उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 200 करोड़ रुपए की लागत से एक अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण होने जा रहा है वही गंगापार में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक स्टेडियम बनाने की योजना है। विशिष्ट अतिथि फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से ग्रामीण व्यापारियों, महिलाओं व किसानों को सुगम चिकित्सा परामर्श मिल जाता है। विशिष्ट अतिथि आशीष केसरवानी प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराते रहना चाहिए जिससे हम निरोगी के साथ-साथ समाज में स्वस्थ वातावरण जीवन जी सकें। स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रत्येक बाजारों में किया जाएगा। इस मौके पर कुल 68 महिलाओं व 173 पुरुषों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। मेदांता लखनऊ से आए चिकित्सक चिकित्सक डॉक्टर हिमांशु पाण्डेय, अलका सिंह, नम्रता शुक्ला, जतिन व सुशील ने आए हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम में आए हुए चिकित्सकों व व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजक डॉक्टर राकेश केसरवानी कोषाध्यक्ष व्यापार मंडल व प्रबंधक एमएसडी लॉ कॉलेज बाबूगंज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में



स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण हम शुगर, बीपी तथा मोटापा जैसे रोगों के मरीज हो जाते हैं। संचालन राजेंद्र केसरवानी जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल गंगापार ने किया। इस मौके पर राजेंद्र केसरवानी पप्पू, भोलानाथ केसरवानी, नीरज जायसवाल,संजय सिंह, शाश्वत तिवारी, दीपक केसरवानी, योगेश केसरवानी, राजकुमार मोदनवाल, रामचंद्र गुप्ता, जयेश केसरवानी, अमन प्रकाश, आलोक गुप्ता, रविंद्र मिश्रा,अशोक मिश्रा, जयप्रकाश, बबलू जारी, विष्णु केसरवानी, बृजेश केसरवानी, रत्नेश केसरवानी, राम प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## जाफरपुर पोस्ट बाबूगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

प्रयागराज। ग्राम जाफरपुर पोस्ट बाबूगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डा. विजय यादव(एम बी बी एस ), डा. रेखा सिंह, डा. सुनील ओझा (एम बी बी एस ) और इनके सभी स्टॉफ ने 45 महिलाएं, 33 पुरुष आदि लोगों का बीपी, शुगर, डेंगू, त्वचा, आदि बीमारियों की जाँच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें शुशीला देवी, कमला देवी, प्रिया, जैनब, शीला देवी, ननकी देवी, देवा, लालमनी, रवि, भाष्कर, शशि, अमन, लालबहादुर आदि ग्रावासी उपस्थित रहें।



## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ के रावत नाच महोत्सव में बरही विधायक मनोज कुमार यादव हुए शामिल



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी बिलासपुर में यादव महासभा द्वारा आयोजित राज्य के सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित लोकोत्सव रावत नाच महोत्सव में इस वर्ष भी भव्यता और लोक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। विगत 47 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह महोत्सव अब राष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुका है। इसी अवसर पर झारखंड के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने भी शिरकत की और मंच पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों के साथ सहभागिता की। महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे यदुवंशी लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर लगातार 16 घंटे तक रावत नाच के शौर्य, सौंदर्य और शस्त्र संचालन कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। कलाकारों के मनमोहक नृत्य, ताल, लय और पारंपरिक धुनों से पूरा परिसर लोकसंस्कृति के रंग में रंग गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साव, राज्य सरकार के मंत्री गजेंद्र यादव, आयोजन समिति के संरक्षक डॉ. कालीचरण यादव तथा अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि हमारी लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का यह आयोजन अद्भुत है। रावत नाच न केवल यदुवंशी समाज के गौरव का प्रतीक है, बल्कि भारतीय लोककलाओं की जीवंत धरोहर भी है। उन्होंने संस्कृति और परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित करने के लिए यादव महासभा और आयोजन समिति को हार्दिक बधाई दी। महोत्सव में उमड़ी भीड़ और कलाकारों के जोश ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

### फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल बलिया के पदाधिकारीयो ने गाजीपुर भदौरा व्यापार मंडल सम्मेलन में भाग लिया



**बलिया/** फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल गाजीपुर इकाई के भदौरा बाजार में आयोजित व्यापार मंडल सम्मेलन में बलिया के पदाधिकारीयों ने भी भाग लिया जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री जमनिया के विधायक ओमप्रकाश सिंह जी मुख्य अतिथि के तौर पर रहे एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र चतर्वेदी रहे इस दौरान बाजार संगठन विस्तार में संगठन के अध्यक्ष आशुतोष जायसवाल संगठन महामंत्री चंद्रशेखर मिश्र जी को नियुक्त किया गया एवं व्यापारियों के हित में सदैव रहने के लिए शपथ भी दिलाया गया उक्त अवसर पर फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी आजमगढ़ मंडल के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता आजमगढ़ मंडल के उपाध्यक्ष पटेल बिट्टू गाजीपुर जनपद के जिला उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता अकेला जिला महामंत्री किशन शर्मा जिला सचिव यशवंत राय एवं सभी व्यापारी गण उपस्थित रहे व्यापारियों के हित में सदैव काम करने एवं सहयोग करने हेतु सभी लोगों ने भदौरा बाजार के व्यापारियों को अस्वस्त किया एवं भदौरा बाजार के पुलिस प्रशासन को भी धन्यवाद दिया।

### पुलिस टीम ने बैंक व वित्तीय संस्थानों में चलाया जांच अभियान

**चित्रकूटः** जनपद में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें जाने के दृष्टिगत सोमवार का सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक व वित्तीय संस्थानों में पुलिस टीम द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बैंकों में सुरक्षा रजिस्टर का अवलोकन करते हुए ड्यूटि में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये एवं सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने की सलाह दी। साथ ही बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का आदि के संचालन की भी जांच करते हुए शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक वार्ता की। इस दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गई तथा अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर कर किया गया।

## कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर हजारीबाग जिले में एकजुटता, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं को जोड़ने की रणनीति पर हुई विस्तृत चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। प्रदेश प्रभारी ने सभी को एकजुट कर कांग्रेस को मजबूत करने को लेकर निर्देशित किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी एकजुट है और आने वाले दिनों में सभी सीटों को जीतेंगे इसके लिए हम सभी को मिलकर मजबूत होकर चलने की आवश्यकता है। इसको लेकर हजारीबाग जिले में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने, जिला स्तर पर कांग्रेस की पकड़ को और सुदृढ़ करने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों की रणनीति तय करना था। बैठक में कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नाग वाला, हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी. पटेल, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, जिला ओबीसी अध्यक्ष अजय प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने संगठन के विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनता के बीच कांग्रेस पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नाग वाला ने कहा कि हजारीबाग जिला कांग्रेस में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने संगठनात्मक एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी तभी मजबूत होगी जब बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएं एवं समस्याओं को समाधान करने की बात कही। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग जिला कांग्रेस पूरी तरह मजबूत है और सभी नेता तथा कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन के विस्तार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता एक साथ चलने के लिए तैयार हैं और आने वाले समय में बेहतर परिणाम दिखाएंगे। वहीं हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल ने कहा कि वे जिले के सभी कांग्रेस सदस्यों को सम्मानपूर्वक एक सूत्र में जोड़कर आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। उनका कहना था कि जिला कांग्रेस कमेटी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जाएगा, ताकि जनता तक पार्टी की विचारधारा और योजनाएं सही तरीके से पहुंच सके। ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय प्रजापति ने हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष जे.पी. पटेल से आशीर्वाद लेते हुए कहा कि वे हजारीबाग जिला में प्रखंड



स्तर तक कांग्रेस कमेटी को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और कांग्रेस की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ओबीसी मोर्चा कांग्रेस संगठन की मज़बूती में अहम भूमिका निभाएगा और आने वाले समय में हजारीबाग को प्रदेश में एक मजबूत इकाई के रूप में स्थापित किया जाएगा। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हजारीबाग जिला कांग्रेस आने वाले समय में विभिन्न कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और संगठन विस्तार गतिविधियों को तेज करेगी। नेताओं ने विश्वास जताया कि संगठनात्मक मजबूती के साथ कांग्रेस हजारीबाग में नई राजनीतिक ऊर्जा का संचार करेगी।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटी, दो स्कूली बच्चा घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**राँची, झारखंडः-** रांची- पटना मुख्य मार्ग स्थित चंदवारा बजरंगबली चौक के समीप सोमवार को तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी. इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार दो स्कूली बच्चा एवं एक व्यक्ति घायल हो गये जिनमें से गंभीर रूप से घायल दो स्कूली बच्चा सहित एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया. घायल चालक ने बताया कि मैं उरांव मोड़ से सवारी लेकर झुमरी तिलैया फल बाजार जा रहा था. जैसे ही ऑटो चंदवारा बजरंगबली चौक के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक अचानक सामने आ गयी. बाइक सवार को बचाने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी और ऑटो पर सवार दो स्कूली बच्चों एवं एक व्यक्ति घायल हो गये. घायल यात्री चंदवारा थाना क्षेत्र के मिडिल स्कूल में पढ़ने वाली बच्चा है। ने बताया कि मैं अपने घर से स्कूल जाने के लिए ऑटो पर बैठे तभी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया. सदर अस्पताल में इलाज के बाद घायल की स्थिति चिकित्सक ने खतरे से बाहर बताया है।

## विधायक ने कृषकों के बीच बाँटे कृषि यंत्र

● सरकार द्वारा अनुदान में प्राप्त कृषि यंत्र से खेती कर लाभ उठाएँ कृषक :- प्रो. स्टीफन मरांडी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** बीते रविवार को पाकुड़िया में क़ृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग भूमि संरक्षण निदेशालय झारखण्ड व भूमि संरक्षण विभाग आमड़ापड़ा (पाकुड़) द्वारा आयोजित कृषि यंत्र वितरण शिविर में विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने शिरकत की। विधायक ने किसानों के बीच पावर टीलर का वितरण किया राज्य योजना अंतर्गत कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत व्यक्तिगत कृषकों को अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। महेशपुर विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने विधानसभा अंतर्गत दो कृषकों को पावर टीलर यन्त्र का वितरण किया। इस दौरान भूमि संरक्षण विभाग के एसीओ सूचित एक्का, सुपरवाइजर गौतम कुमार, पाकुड़िया बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा अनुदान में प्राप्त कृषि यंत्र से कृषक खेती कर लाभ उठाये उन्होंने कहा कि प्राप्त यंत्र किसी भी कीमत में दूसरे को नहीं बैचे सरकार द्वारा कृषि यंत्र किसानों को उपलब्ध कराया गया है. किसान यंत्र का लाभ उठाये और अपनी आय को बढ़ायें झारखंड सरकार कृषकों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चल रही है। सभी योजनाओं का लाभ कृषक कृषक अवश्य लें मौके पर अशोक भगत,मंजर आलम,हारून रशीद, बिश्वाजीत दास,नेजाम अंसारी, नासिर दहित दर्जनों कृषक झामुमो के कार्यकर्ता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**चित्रकूटः** सरदार वल्लभभाई पटेल इण्टर कॉलिज रैपुरा में सोमवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफको यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सड़क हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा आशुतोष तिवारी ने विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफको वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने सहित अन्य याताया नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक बनाएं। इस दौरान मिशन शक्ति, साइबर क्राइम व ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों और स्टाफको साइबर सुरक्षा के मूल नियम, धोखाधड़ी के तरीकों, सतर्कता उपायों तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही शासन व प्रशासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-षिक्षिकाएं व विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## एकल अभियान पाकुड़ के बैनर तले वन यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** एकल अभियान अंचल पाकुड़, झारखंड के बैनर तले रविवार को वन यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम चंद्र यादव (अध्यक्ष), विश्वनाथ भगत (अध्यक्ष - हरि सत्संग समिति), अशोक कुमार वर्मा (कोषाध्यक्ष) और सेवानिवृत्त अधिकारी महादेव रविदास शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकल अभियान संच, पाकुड़िया के अध्यक्ष अमर भगत ने की। वन यात्रा कार्यक्रम का आयोजन एकल विद्यालय जेठान खाक्शा में किया गया, जहां अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक रूप से श्याम चंद्र यादव, विश्वनाथ भगत, अशोक कुमार वर्मा, महादेव रविदास और अमर भगत ने किया। स्थानीय रूप से निर्मित बुके देकर अतिथियों का सम्मान रामकृष्ण सोरेन, नैनी हांसदा, पिंकी किस्कू और भगवती देवी द्वारा किया गया। इसके बाद एकल गीत, सामूहिक गीत, गायत्री मंत्र और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्याम चंद्र यादव ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन विश्वनाथ भगत, अध्यक्ष हरि सत्संग समिति, द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## सांसद मनीष जायसवाल ने किया संजय सिंह स्टेडियम का निरीक्षण, महिला अंडर-23 टीम से की खास मुलाकात

● कूच बिहार ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा, आधारभूत संरचना और सुदृढ़ करने पर किया विशेष परिचर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** सोमवार सुबह रामगढ़ के लिए प्रस्थान करने से पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद और हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया और वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सांसद जायसवाल ने स्टेडियम की आधारभूत संरचना और ग्राउंड व्यवस्था में वृद्धि को लेकर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्टेडियम को राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने स्टेडियम में अभ्यास में जुटी हुई झारखंड अंडर-23 वीमेंस स्टेट टीम के कोच और खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सभी से यहाँ उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आतिथ्य सत्कार पर चर्चा की। टीम के सभी सदस्यों ने स्टेडियम प्रबंधन द्वारा किए गए सत्कार और व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि सराहना की।

सांसद जायसवाल ने टीम के कोच शुभलक्ष्मी शर्मा, सीमा सिंह, प्रकाश मुंडा, ट्रेनर प्रमोद कुमार, फिजियो स्वस्तिका कपाड़िया, और सभी 18 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात कर उनका उत्साहवर्धन किया। सांसद सह एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने जल्द ही यहाँ होने वाले बीसीसीआई के प्रतिष्ठित कूच बिहार ट्रॉफी टूर्नामेंट की तैयारियों का भी गहराई से जायजा लिया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए संघ के सदस्यों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस निरीक्षण के अवसर पर हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव बंटी तिवारी, संघ से जुड़े पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, रितेश सिन्हा, जयप्रकाश, दिनेश कुमार सहित सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौजूद रहे।

## बाइक सवार अपराधियों ने बरही चौक पर की फायरिंग, करीब साढ़े चार करोड़ रुपये के जेवरात की लूट, पुलिस ने दो खोखा किया बरामद

● साढ़े तीन किलो सोना, 95 किलो चांदी की हुई लूट, हज़ारीबाग एसपी ने किया एसआईटी का गठन, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही चौक पर रविवार की देर रात करीब नौ बजे दो बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया और सभी अपराधकर्मी फरार हो गए। घटना बरही चौक के पटना रोड स्थित जय माता दी ज्वेलर्स के जेवर व्यवसायियों से लूटपाट कर ली। अपराधकर्मियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, गोली की आवाज से बरही चौक पर अफरा तफरी और दहशत फैल गई। घटना स्थल से एक देशी कट्टा का खोखा बरामद हुआ। अपराधकर्मी उज्जैना के रास्ते हुए फरार, रास्ते में सभी बैग से सामान निकालकर जेवर बॉक्स रास्ते में फेंका : अपराधकर्मी बाइक से पटना रोड उज्जैना होटल के बगल के रास्ते फरार हो गए। इसी रास्ते में लूटपाट हुए कई ज्वेलरी बॉक्स बरामद हुए। इसी जगह पर बरही पुलिस को एक खोखा बरामद हुआ। जेवर व्यवसायी सुरेंद्र सोनी ने बरही थाना में दिए गए आवेदन में बताया है कि वह और उनका भाई रविन्द्र कुमार दोनो पिता स्व. लक्ष्मण साव ग्राम कोनरा, थाना बरही, जिला हजारीबाग स्थाई पता पिंडारकोन, थाना पदमा ओपी जिला हजारीबाग अपने जय माता दी ज्वेलर्स दुकान पटना रोड में रविवार को प्रतिदिन की भांति रविवार को भी अपने दुकान रात लगभग 09 बजे बंद करने के पश्चात दुकान के सामने पटना रोड बरही में अपनी कार संख्या जेएच 02 बीजे 1465 में जब दुकान का सारा सामान एवं ब्रिकी का करीब 02 लाख रूपया रखकर अपने घर ले जाने वाले थे कि इसी क्रम में चार लड़के अपाचे व पल्सर बाईक से हेलमेट लगाकर पहुंचे और हथियार का भय दिखाते हुए मेरे कार का चाभी मांगा।

चाभी नही देने पर उन्हें और उनके भाई के उपर हथियार से फायर करते हुए उनके कार के पास पहुँचकर कार का शीशा तोड़कर तीन बैग व दो प्लास्टिक बोरी में रखे सामान व पैसा को लूटकर पटना रोड बरही की ओर भाग गये। भागने के क्रम में अपराधियों से मेरे भाई रविन्द्र कुमार से अपराधियों का हाथापाई भी होने लगी लेकिन वे लोग उनके भाई को कटटा के बट से मारते हुए सामान छीनकर भाग गये। उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी में उनके दुकान जय माता दी ज्वेलर्स, इटखोरी, जय माता दी ज्वेलर्स पटना रोड बरही का सामान था, जो दुकान बंद करके घर ले जा रहे थे। सारा सामान बैग व बोरी में लगभग 30-30 किग्रा कुल 60 किग्रा चांदी एवं एक हरे कलर के बैग में 35 किग्रा बना हुआ जेवरात था। इसके अलावा सोने का दो बैग जिसमें लगभग साढ़े तीन किग्रा बना हुआ जेवरात था। जिसमें कि टॉप्स, बाली, झुमका, चैन, चूड़ी, अंगूठी, हार व अन्य सामान था जो कि सभी 14 कैरेट, 18 कैरेट, 22 कैरेट के थे। सभी जेवरातों में पहचान चिन्ह लगा हुआ है, जिसे दुबारा देखने से पहचान सकते है। उन्होंने आवेदन में बताया है कि उनका अनुमान है कि सभी अपराधी लगभग 25 से 30 वर्ष के होगें और उनसभी की उँचाई लगभग 5 फीट से 5 फीट 6 इंच के करीब होगी। एसआईटी का किया गया गठन, पुलिस कई जगहों पर कर रही है छापेमारी : बरही डीएसपी अजित कुमार बिमल ने बताया कि घटना के तुरन्त बाद हज़ारीबाग एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी टीम पु.नि. सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार, सुमित कुमार, राजबल्लभ यादव, सुशील कुमार, मृत्युंजय सिंह, सुरजीत चौधरी, दीपक कुमार लगातार जगह जगह छापेमारी कर रही है।

## बनहर्दी कॉल ब्लॉक में पीवीयूएन द्वारा जरूरतमंद ग्रामीणों को गर्म कपड़े व नाश्ता वितरण, स्वास्थ्य व शिक्षा सुधार का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड के बनहर्दी कॉल ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार को पीवीयूएन द्वारा ग्रामीणों के बीच सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंबल, टोपी, मफलर तथा नाश्ते का पैकेट वितरित किया गया। बढ़ती ठंड से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व पीवीयूएन के सीईओ अशोक कुमार सैगल ने किया। कार्यक्रम में लगभग 120 ग्रामीण महिला एवं पुरुषों ने हिस्सा लिया और गर्म कपड़ों के साथ आवश्यक सामग्री प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान सीईओ अशोक कुमार सैगल ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं व जरूरतों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पीवीयूएन सिर्फ उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय समुदायों के उत्थान और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में जल्द ही एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आपात स्थिति में लोगों को त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों की शिक्षा को मजबूत करने के



लिए भी जल्द नई पहल शुरू करने की बात कही। सीईओ सैगल ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा समाज की मजबूत आधारशिला हैं, और इन दोनों क्षेत्रों में सुधार के लिए कंपनी प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों ने भी अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को खुलकर रखा, जिन पर उचित समाधान का आश्वासन दिया गया। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में पीवीयूएन के कई अधिकारी और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया। ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा उठाए गए इस कदम की प्रशंसा की और कहा कि ठंड के इस मौसम में मिला यह सहयोग उनके लिए बड़ी राहत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह के जनहितकारी कार्यक्रम जारी रहेंगे, जिससे स्थानीय लोगों को समय-समय पर सहायता मिलती रहेगी।

### डॉ पूजा गुप्ता ने रोशन किया चित्रकूट का नाम

**चित्रकूटः** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में दंत चिकित्सा संकाय की मेधावी छात्रा डॉ. पूजा गुप्ता को एमडीएस में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। डॉ. पूजा चित्रकूट जनपद के उद्योगपति रामबाबू गुप्ता की सुपुत्री हैं, उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की। जिसमें दंत चिकित्सा संकाय में एमडीएस कर रही चित्रकूट के उद्योगपति रामबाबू गुप्ता की पुत्री डॉ. पूजा गुप्ता को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उपाधि प्राप्त कर आगे बढ़ रहे सभी विद्यार्थी भविष्य में देश और प्रदेश को नई दिशा देंगे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास को नमन करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने डॉ पूजा गुप्ता की सफलता पर प्रसन्नता का इजकार किया है।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकार हितों को लेकर हुई परिचर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** बीते रविवार को लुकुईया स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर पत्रकारों के हितों से जुड़ी परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में चंदवा प्रखंड के पत्रकार शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता रोशन गुप्ता, पत्रकार सह पलामू प्रमंडल प्रभारी, ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट - संगठन (ए.आई.एस.एम.) ने की। इस अवसर पर पत्रकारों की समस्याओं, उनके अधिकारों और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। रोशन गुप्ता ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं उनके हितों की रक्षा होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन की भूमिका और उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। बैठक में जिला सचिव मुबारक आलम, वरिष्ठ पत्रकार तथा अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे और संगठन के प्रति अपने विचार साझा किए। पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता और प्रेस की



स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में पत्रकार एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

## देवघर के पहलवानों ने राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में दर्ज की बड़ी जीत, जसीडीह स्टेशन पर खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः-** हरिहरगंज, पलामू में आयोजित 26वीं सीनियर झारखंड राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में देवघर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और पाँच कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से देवघर के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। देवघर जिला कुश्ती संघ के महासचिव संजीव कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के युवा पहलवान दीपक कुमार 'निर्दोष' ने 92 किलोग्राम फ्री स्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की है। यह उनका पहला राज्य स्तरीय प्रदर्शन था और इसमें मिली सफलता ने उन्हें सीधे सुर्खियों में ला दिया है। प्रतियोगिता में रोहित केशरी ने 130 किलो ग्रीकोरोमन में रजत, प्रत्युष कुमार ने 77 किलो फ्री स्टाइल में रजत, नम्रता भारती ने 59 किलो महिला वर्ग में रजत, जबकि दीपक कुमार ने 45 किलो ग्रीकोरोमन में, ललन कुमार ने 51 किलो फ्री स्टाइल में, पवन कुमार यादव ने 82 किलो फ्री स्टाइल में, विद्या कुमारी ने 62 किलो महिला वर्ग में तथा अंशिका कुमारी ने 76 किलो महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता। सभी खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, फिटनेस और जुझारू प्रदर्शन से देवघर की खेल प्रतिभा को राज्य स्तर पर मजबूत पहचान दिलाई है। प्रतियोगिता में सफलता के बाद जब खिलाड़ी ट्रेन से जसीडीह रेलवे स्टेशन पहुँचे, तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत में समाजसेवी सह आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य, बैडमिंटन कोच यशराज गुप्ता, शुभम राज सिंह, स्वर्ण विजेता दीपक कुमार के पिता उदय सिंह, गौतम राय सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे। खिलाड़ियों को फूल-मालाएँ पहनाकर सम्मानित किया गया जिससे पूरे स्टेशन परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर आजसू जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और अनुशासन से साबित किया है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया, ताकि खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देवघर का नाम रोशन कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### सेंट्रल जोन में 50 से अधिक अपराधियों का सत्यापन, फिरौती मांगने पर इरफान को धरा



**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन में पिछले तीन दिनों में 50 से अधिक अपराधियों का सत्यापन किया गया है। जिन अपराधियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, उन्हें थानों पर बुलाकर जांच एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने दी उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आज इरफ़ान नामक अपराधी को भी सत्यापित किया गया, जिसने 1,00,000 की फिरौती ली थी और 5,00,000 की मांग की थी। इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिस स्थान से उसने कॉल कर फिरौती मांगी थी, वहाँ भी जांच की गई।पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार सेंट्रल जोन में अपराध और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी व सत्यापन हेतु टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और उनकी हर गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### सहकारी समिति पर खाद नहीं, भटक रहे किसान

**बलरामपुर/ललिया।** साधन सहकारी समिति मथुरा बाजार में डीएपी सुपर फास्फेट व यूरिया खाद का पर्याप्त स्टॉक नहीं है। इस कारण किसान निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीद रहे हैं। इस समिति के तहत करीब 20 गांव के किसानों को खाद मुहैय्या की जाती है। गेहूं, मसूर, सरसों की बोआई में प्रयुक्त होने वाली खाद डीएपी सुपर फॉस्फेट व यूरिया का स्टॉक पर्याप्त न होने से किसान निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीद रहे हैं। किसान सीताराम ने बताया कि मुझे 10 बीघा गेहूं बोआई करनी है, करीब दो बोरी डीएपी की आवश्यकता है। सुबह साधन सहकारी समिति पर आया था।

**समिति बंद होने के कारण खाद नहीं मिल पाई**

किसान ज्वाला प्रसाद मिश्र ने बताया कि खाद न मिलने से गेहूं, सरसों, मटर, मसूर की बोआई पिछड़ रही है, इसलिए बाजार से ही प्राइवेट दुकान से खाद खरीदनी पड़ रही है। सहकारी समिति के प्रभारी राम कबीर यादव ने बताया कि साधन सहकारी समिति मथुरा बाजार में 50 बोरी डीएपी व 100 बोरी एनपीके खाद्य उपलब्ध है। जो सभी किसानों की जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त नहीं है, और खाद आने पर सभी किसानों को खाद का वितरण किया जाएगा।

### चोरी की बाइक समेत पकड़ा गया बदमाश



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने दर्ज मु.अ.सं. 1325/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित रामनगर निवासी अमित सोनी उर्फ मोनू भैया पुत्र अरविन्द कुमार उर्फ रज्जुलाल को मुखबिर की सूचना पर हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के पास से चोरी की मोटरसाइकिल नं. यू.पी.94 आर 0893 टीवीएस स्पोर्ट्स की बरामद किया है। चोर को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व उ.नि. मनोज खान शामिल रहे।

### सिंचाई विभाग से घर जाते समय युवक पर हमला

**ललितपुर।** नामदेव समाज मंदिर के सामने तालाबपुरा निवासी बलराम कुशवाहा पुत्र श्यामलाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 नवम्बर को अपराह्न 1 बजे जब वह सिंचाई विभाग से कचहरी रोड से घर की ओर जा रहा था। वह जैसे ही तुवन चौराहा नहर के पास पहुंचा तभी रास्ते में आजादपुरा निवासी अनिल कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और उसे रोक लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं, विरोध करने पर चारों ने एक राय होकर उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर वहां से गुजर रहे अभिषेक रजक ने बीच-बचाव किया तो अभिषेक के साथ भी उक्त लोगों ने गालियां देते हुए, जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बलराम कुशवाहा की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पंजीकृत मुकदमे में नामजद युवक ने दूसरी युवती का आधार कार्ड का किया दुरुपयोग

**●देहरादून व ओरछा के होटलों में लगाया गया आधार कार्ड का नम्बर**

**युवती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने किया मामला दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** धोखाधड़ी करते हुये आधार कार्ड का षडयंत्र पूर्वक दुरुपयोग करते हुये छवि दूषित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण को लेकर युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर एफआईआर दर्ज करायी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चंदेरी के वार्ड नं. द्वितीय पंचमनगर निवासी साक्षी परमार पुत्री महेन्द्र सिंह परमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को ललितपुर कोतवाली से पुलिस उसके घर पहुंची। उप निरीक्षक कुलदीप राणा ने उसके चाचा गजेन्द्र सिंह परमार के मोबाइल पर फोन किया और बताया कि उसका आधार कार्ड नम्बर का प्रयोग यश प्रताप सिंह चौहान नाम के व्यक्ति द्वारा देहरादून के होटल इलेजी एवं ओरछा के होटल ओरछा रिसॉर्ट एण्ड क्लब में बीती 28 अगस्त 2025 एवं 27 जून 2025 को प्रयोग में लाया गया है। युवती ने बताया कि जबकि उक्त तारीखों में वह अपने कार्यालय भोपाल में उपस्थित रही है। बताया कि उक्त यश प्रताप सिंह चौहान के द्वारा उसका आधार कार्ड का दुरुपयोग करना कोतवाली ललितपुर में सौम्या बुन्देला द्वारा पंजीकृत कराये गये मुकदमें में प्रकाश में आया है। आरोप लगाया कि यश प्रताप सिंह चौहान द्वारा धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से उसके आधार कार्ड का षडयंत्रपूर्वक दुरुपयोग कर उसके समाज व परिवार में सामाजिक छवि दूषित की गयी है, जबकि उसे यह नहीं पता कि यश प्रताप के पास उसका आधार कार्ड कैसे पहुंचा, कब पहुंचा और वह उसे निजी तौर पर जानती भी नहीं है। साक्षी परमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने यश प्रताप सिंह चौहान के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बम्हौरी कलां गांव में बिक रही अवैध शराब

**●महिलाओं ने एडीएम का घेराव कर शराबबंदी कराने की उठायी मांग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी कलां में अवैध शराब की बिक्री के विरोध में 50 से अधिक महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव का घेराव किया। महिलाओं ने तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद अपर जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बम्हौरी कलां निवासी इन महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को बताया कि उनके गांव में पांच लोग खुलेआम अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इस कारण लोगों को 24 घंटे आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। महिलाओं ने शिकायत की कि शराब पीने से उनके पति और बेटे बीमार हो रहे हैं, और कई लोग शराब के लिए घर का सामान तक बेच देते हैं। जब वे शराब बिक्री का विरोध करती हैं, तो अवैध शराब बेचने वाले उन्हें धमकी देते हैं। महिलाओं ने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर भी अवैध शराब विक्रेताओं से हर महीने पैसे लेने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे आगे भी प्रदर्शन करेंगी। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने तत्काल आबकारी अधिकारी को मौके पर बुलाया और अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आबकारी विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की जाएगी। ज्ञापन देते समय विजय सिंह, मंगल सिंह, जगभान, मुन्नालाल, फूला, रेखा, सुमित्रा, रामकली, फूलकली, गौरा, अतलबाई, विनीता, कौशल्या, भागवती, रामा, लाड़कुंवर, रामवती, मीरा, श्रीबाई, कुसुम, नीलम के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

# मोहल्ला गांधीनगर में नपाध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत

**●कर्मचारी नेता मंजीत करौसिया ने 500 कर्मी को बढ़ाने की उठायी मांग**

**पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह किया गया भेंट**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नंबर 04 मोहल्ला गांधीनगर में हुए निरीक्षण के दौरान कर्मचारी नेता मंजीत करौसिया के निज आवास पर अध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने नपा अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ, फूल माला, शॉल, श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके कार्य की सराहना की गई। इस दौरान कर्मचारी नेता ने अध्यक्ष के सामने सफाई कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान कर्मचारी नेता ने बताया कि ललितपुर नगर का सीमा विस्तारण काफी हद तक हो गया है। कर्मचारियों की कमी के चलते साफ सफाई व्यवस्था समस्त वार्डों में किये जाने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि 500 कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया जाए, जिससे कि सफाई कार्य में असुविधा न हो, इसके अलावा कर्मचारी नेता द्वारा आऊट सोर्सिंग कर्मचारियों को समय से वेतन दिलाये जाने की मांग की गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया। स्वागत के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अरविंद राजा, विवेक जैन (जिमी), कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मंजीत करौसिया प्रदेश कार्य वाहक अध्यक्ष, दयानंद तिवारी, मनोज पंथ, जितेन्द्र करौसिया, संजय करौसिया, बृजेश नहारिया, अमित करौसिया, अमन बाल्मीक आदि मौजूद रहे।

# स्थगन आदेश के बावजूद जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास

**●पुलिस के आते ही जेसीबी लेकर भागे तीन दर्जन से अधिक लोग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन की न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त होने के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर भारी-भरकम मशीनों को ले जाकर बलपूर्वक अवैध कब्जा करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्राम पनारी निवासी जाकिर खां उर्फ जाकिर राज चौहान पुत्र स्व.सगीर खां ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे वह अपने घर में था। तभी लेखपाल, कानूनगो व राजस्व कर्मी एकत्र होकर आये और उससे कहा कि एसडीएम के आदेश पर जमीन की नाप करना है। प्रकरण में जब आराजी नं. 207 व 208 का सिविल जज सी.डि. से स्थगन आदेश दिखाया गया, जिस पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके से चले गये। आरोप है कि इसी बीच नदीपुरा निवासी अकरम अपने साथ ग्राम घटवार व आजादपुरा में रहने वाले कुछ लोगों को लेकर आये। इनके साथ तीन से चार दर्जन लोग और भी हथियारों से लैस होकर मौके पर थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने दहशत फैलाने का भरसक प्रयास किया और स्थगन आदेश के बावजूद भी जमीन में लगी तार फेंसिंग, पत्थर गड्डी को जेसीबी मशीन से तोड़ते हुये जमीन में घुस गये और कब्जा करने का प्रयास किया। करीब एक घण्टा बाद उसने जेसीबी चलाने से मना किया तो उक्त लोग हमला करने पर आतुर हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुये षडयंत्रपूर्वक झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर कुछ ही समय पश्चात पुलिस मौके पर आ पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जेसीबी लेकर भाग गये। आरोप है कि उक्त लोग जमीनों की खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं और उक्त जमीन बेशकीमती होने के चलते इस पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। उक्त लोगों पर शिकायतकर्ता ने जानमाल का खतरा होने की संभावना व्यक्त करते हुए एसपी से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# गेटेम्बे फाउंडेशन की मिशन बेटियां की पहल की ऐतिहासिक जीत

**●अब बिना पक्ष सुने नहीं होगी शिक्षकों पर कोई कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** प्रदेश के शिक्षकों के लिए राहत भरी बड़ी खबर सामने आई है। लगातार समय से विभिन्न जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को उठाने वाली संस्था गेटेम्बे फाउंडेशन (ग्लोबल एमपावरमेंट टीम मिशन बेटियां) की मिशन बेटियां द्वारा पहल पर शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी शिक्षक या कर्मचारी पर उनका पक्ष सुने बिना कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होगी। यह आदेश प्रदेश के लाखों शिक्षकों के लिए न्याय और सुरक्षा की दिशा में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर लगातार सक्रिय रही संस्था पिछले काफी समय से अलग-अलग जिलों में शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर दस्तावेज आधारित रिपोर्ट तैयार करती रही है। अनुचित कार्यवाहियों और पक्ष न सुने जाने की शिकायतें सामने आने पर संस्था ने इसे शासन स्तर पर उठाया। डॉ. जीत ने बताया की शिक्षकों एवं आमजन में बढ़ा संस्था पर विश्वास निरन्तर बढ़ता ही जा रहा हैं। आदेश के बाद पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. मुनीर का कहना है कि पहली बार किसी संस्था ने हमारी बातों को सही तरीके से ऊपर तक पहुँचाया है एवं शिक्षक समाज के साथ सदैव रहने का काम किया हैं। गेटेम्बे फाउंडेशन की मिशन बेटियां की विशेषता है की यह बिना विवाद, बिना शोर, बिना राजनीति के केवल सकारात्मक और प्रमाणित कार्यवाही। इसी कारण अब शिक्षक खुलकर कहने लगे हैं कि यदि हम एकजुट होकर गेटेम्बे फाउंडेशन के मिशन बेटियां कार्यक्रम के साथ खड़े हों तो कोई भी अन्याय नहीं टिक सकता। डा.जीत गुप्ता ने कहा की अब टीम मिशन बेटियाँ शिक्षकों की पहली पसंद बन रही हैं क्योंकि समस्याओं का वास्तविक समाधान, पारदर्शी कार्यशैली, प्रशासनिक व कानूनी समझ, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक रुख, हर शिक्षक को सुरक्षा का भरोसा, सेवा, समर्पण पर आधारित संगठन उन्होंने कहा संस्था का स्पष्ट संदेश शिक्षक सम्मानित होंगे तो शिक्षा मजबूत होगी।

# पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**●कोतवाली सदर व थाना बार क्षेत्र से मामले आये प्रकाश में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नई बस्ती क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 18 साल 3 माह वर्ष की पुत्री बीती 15 नवम्बर को रात करीब 11 बजे खाना खाकर घर में सो गयी थी। अगली सुबह 6 बजे जब वह सोकर उठा तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन पुत्री नहीं मिली। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला संजू पंथ पुत्र हरिराम उसकी पुत्री को अपनी बातों में बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। यह भी आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखे एक लाख रुपये भी साथ में ले गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजू पंथ के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीती 15 नवम्बर को प्रतिदिन की भांति राजकीय इण्टर कॉलेज बार में कक्षा 12 में पढ़ने के लिए सुबह 9 बजे घर से निकली थी, जिसके बाद वह घर लौटकर नहीं आयी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को गांव का भरत पुत्र ग्यासी अहिरवार बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भरत के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) व 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भक्ति योग वेदांत सन्त सम्मेलन में संतो ने की वेदांत चर्चा

**हमीरपुर:-** कस्बा बिवांर के कैथानी मुहल्ला में आयोजित 'भक्ति योग वेदांत सन्त सम्मेलन' में आए हुए सन्तों ने श्रोताओं को भक्ति और आध्यात्म का प्रवचन कर भावविभोर कर दिया। उरई के सन्त स्वामी भक्तानंद ने राजा परीक्षत को तक्षक के काटने का श्राप मिलने के बाद सुकदेव जी द्वारा दिये गए उपदेश का वृतांत सुनाते हुए कहा कि ,है राजन श्राप किसे मिला है ,शरीर को और नश्वर भी शरीर ही है ,आत्मा तो अजर-अमर है ,फिर संताप किस बात का है ,की शरीर नष्ट हो जाएगा।सुकदेव जी ने राजा परीक्षत को सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण का परामर्श दिया जिसके श्रवण के बाद उन्हें तक्षक के काटने के बाद मोक्ष की प्राप्ति हुई।स्वामी भक्तानंद ने कहा कि जब हम पूरे समर्पण और प्राणपण से भगवान की शरण में जाते हैं तो भगवान निश्चय ही हमें अपनी शरण में लेते हैं ,लेकिन भगवान से साक्षत्कार की राह हमें सद्गुरु ही दिखता है।

### टैक्सी की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत अखाड़ा मोहल्ला में रहने वाली अकल बाई पत्नी विजय अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 नवम्बर को रात करीब 10 बजे उसके पति विजय पुत्र मुन्ना अहिरवार खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से जाखलौन निवासी अनिल पुत्र गुलाब प्रजापति ने तेजी व लापरवाही से टैक्सी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान विजय को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। बताया कि इस घटना के दौरान पुष्पेन्द्र पुत्र कल्लू अहिरवार व ईलू पुत्र रामसहाय रजक मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### युवा संघ ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**ललितपुर।** स्थानीय युवा संघ ने सर्दी से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के लिए गर्म कपड़े वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर गरीब एवं असहाय लोगों को स्वेटर, जैकेट, शॉल सहित ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराए गए। सेवा गतिविधि में नितिन पंथ, अंश, अनुभव, हर्ष, आदित्य, आसवेन्द्र, कुंवरजी, ऋषि और मोहित सहित संघ के कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सदस्यों ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों ने युवा संघ की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूती प्रदान करते हैं।

## मेडीकल कॉलेज में शुरू हुआ थायराइड ट्यूमर का ऑपरेशन

**●ईएनटी की सहायक आचार्य डा.नम्रता व डा.अनुपम मिश्रा ने किया ऑपरेशन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में विगत 04 नवम्बर 2025 को प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में नाक, कान, गला विभाग की टीम द्वारा मरीज की थायराइड की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया। 58 वर्षीय प्राणपुरा निवासी महिला ने ईएनटी ओपीडी में विभागाध्यक्ष डा.नम्रता द्विवेदी को अपनी 01 वर्ष से बढ़ रही थाईराइड ग्रंथि की समस्या के लिए दिखाया था। इसके बाद डा.नम्रता द्विवेदी द्वारा मरीज की सभी जरूरी जांचे मेडिकल कॉलेज में करवाई गई। तत्पश्चात मरीज का पूरी बेहोशी में निश्चेतना विभाग के विरष्ठ परामर्शदाता डा.महेन्द्र सिंह व नाक, कान, गला विभाग की सर्जन टीम सहायक अचार्य डा.नम्रता द्विवेदी, सहायक अचार्य डा.अनुपम मिश्रा व सहायक अचार्य डा.श्रद्धा गुप्ता एवं सिस्टर दीप्ती स्वर्णकार द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज पूर्ण रूप से स्वास्थ्य है। मरीज ने प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला व ई.एन.टी. टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब मेडिकल कॉलेज में सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधायें दी जायेगी एवं ललितपुर क्षेत्र के मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# एमईएस ग्राउण्ड को खेल कार्यों के लिए आरक्षित करने की मांग

**●युवाओं ने डीएम को भेजा ज्ञापन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** समाचार पत्रों के जरिए विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त होने के बाद इलाइट के पास बना एमईएस खेल मैदान को खेल कार्यक्रमों के लिए ही आरक्षित रखे जाने की मांग को लेकर युवाओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की करीबन 272 एकड़ जमीन राजस्व को प्राप्त हो गयी है, जिसे आवास-विकास बोर्ड को सौंपने की तैयारी है। उपरोक्त भूमि में इलाइट चौराहे, रामनगर रोड ललितपुर स्थित एमईएस ग्राउण्ड भी शामिल है। जिसमें शहर के समस्त खिलाड़ियों को वर्षों से प्रतिदिन खेल व शारीरिक गतिविधियों में दौड़ करते हैं। साथ ही विभिन्न टूर्नामेंट आदि का आयोजन होता है। यदि यह ग्राउण्ड आवासीय कालोनी में चला जाता है तो भविष्य में शहर का एक मात्र खेल ग्राउण्ड समाप्त हो जायेगा और शहर के मध्य खेल क्रियाओं में नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। युवाओं ने डीएम से मामले में सर्वे कराकर एमईएस ग्राउण्ड को खेल के लिए आरक्षित रखे जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय आरिफ खान, विक्रम सिंह, जितेन्द्र विश्वकर्मा, चन्द्रेश कुमार, कपिल चौहान, नितांश विश्वकर्मा, मनीष गौतम, अमन, फरहान, जयकुमार के अलावा अनेकों युवा मौजूद रहे।

# देश की एकता व अखंडता के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल ने किया था जीवन न्यौछावर - सांसद जगदंबिका पाल

**●- एकता पदयात्रा देश की एकता व अखंडता के प्रति समर्पित है**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग शोहरतगढ़ में एकता पद यात्रा निकाली।एकता पद यात्रा शिवबाबा मंदिर से शुरू हुआ जो चोड़ार चौराहा पर पहुंच समापन हुआ।सांसद ने कहा कि देश की एकता व अखंडता के लिए सरदार पटेल ने अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया था।देश को आजादी दिलाने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में हर वर्ग के लोगों को लाभकारी योजनाएं जैसे आवास, स्वच्छ पेयजल योजना,निशुल्क राशन,किसान सम्मान निधि,किसान राहत दुर्घटना बीमा आदि के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश मे हाइवे को आपस में कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य किया है। प्रदेश में औद्योगिक का जाल बिछ्ता जा रहा है। एक जिला एक उत्पादन, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत को बढ़ावा देकर प्रदेश को उत्तम प्रदेश की तरफ ले जाने में तत्पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन व विकास से भारतवासी मे काफी उत्साहित हैं।संचालन मंडल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा ने किया। पदयात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान,लाल जी त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष डा, पवन मिश्रा, रमेश मणि त्रिपाठी, योगेंद्र तिवारी,साधना चौधरी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित यादव,सभासद राजकुमार मोदनवाल, बब्लू गौड़,श्यामू गुप्ता, कृष्ण पाल चौधरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल सुविधाएं मिले तो खेल प्रतिभाएं मिलेंगे - विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बढ़नी क्षेत्र के ग्रामीण जनता लघु माध्यमिक विद्यालय परसा स्टेशन के प्रांगण में दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बेसिक शिक्षा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को हुआ।प्रतियोगिता के पहले दिन ब्लाक के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किया। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इसके पूर्व कई प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार व वाहवाही प्राप्त किया।दो सौ मीटर की बालकों की दौड़ प्रतियोगिता में खैरी शीतल प्रसाद के विनय यादव को पहला,उतरौला के सूरज को दूसरा तथा अहिरौला के दुर्गेश सैनी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।इसी प्रकार दो सौ मीटर की बालिकाओं की दौड़ प्रतियोगिता में परसा स्टेशन की प्रिया को पहला,खुरहुरिया की राधा को दूसरा स्थान मिला।50 मीटर की बालिकाओं की दौड़ प्रतियोगिता में बैरिहवा की रेशमी को पहला, लोहटी की परवीन को दूसरा स्थान मिला।50 मीटर की बालकों की दौड़ प्रतियोगिता में घरुआर के सुभग को पहला,बोहली के उमेश को दूसरा स्थान मिला।100 मीटर की बालिकाओं की दौड़ प्रतियोगिता में बोहली की रीता को पहला, धनौरा बुजुर्ग की मनीषा को दूसरा स्थान मिला।100 मीटर की बालकों की दौड़ प्रतियोगिता में बैरिहवा के सुभम को पहला,बोहली के शिवराज को दूसरा स्थान मिला।इसके पहले विधायक विनय वर्मा ने झण्डारोहण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अगर खेल सुविधाएं मिलें तो अच्छे खिलाड़ी मिलेंगे। उनके प्रस्ताव पर जोगिया ब्लाक के मधवापुर में पांच करोड़ की लागत से मिनी खेल स्टेडियम बन रहा है। इस दौरान रामदास मौर्य,प्रदीप कमलापुरी,विष्णु सिंह,लक्ष्मण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## यातायात माह पर जागरूकता कार्यक्रम



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देशन में,थाना क्षेत्र नौबस्ता स्थित सेंट थॉमस स्कूल में सहायक पुलिस आयुक्त यातायात की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों,सड़क सुरक्षा,गुड सेमेरिटन व्यवस्था के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। बच्चों द्वारा क्विज़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने यातायात से संबंधित समस्याएँ एवं अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान टीआई साउथ समीर जावेद , टीएसआई सतेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।यातायात जागरूकता टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की ओर से कहा गया सभी जागरूक रहें, सुरक्षित रहें, और नियमों का पालन करें।

## पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने की जनसुनवाई



**कानपुर।** आज दिनांक 17.11.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा कार्यालय में जन-सुनवाई की गई ।जन-सुनवाई के दौरान उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विलंब किसी भी स्थिति में न हो और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान से अवगत कराया जाए। जन-सुनवाई में आए प्रत्येक आगंतुक से सम्मानजनक व्यवहार करने, उन्हें बैठने हेतु उचित व्यवस्था देने एवं उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय स्तर पर बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

## जिलाधिकारी ने खाद की दुकान का किया निरीक्षण, अभिलेख देखे



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0 मुड़िला अदाई, विकास खण्ड लोटन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गोदाम को भी देखा गया। किसानों से वार्ता भी किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानो को निर्धारित दर पर खाद का वितरण कराये।

## पति और ससुर के खिलाफ मारपीट व जानलेवा धमकी देने का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विवाहिता की पिटाइ के मामले में पति व ससुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। लीलापुर थाना के पीरूपुर की रहने वाली साधना यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीती 14 नवंबर रात लगभग नौ बजे वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच उसके पति संदीप यादव व ससुर राय बहादुर यादव ने लाठी डंडे व लात-घूंसो से मारापीटा। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। लीलापुर थानाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# यातायात माह के अंतर्गत सनबर्ड एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने समझे 5 सिद्धांत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु संस्था वरदान फाउंडेशन के महासचिव कृष्णा शर्मा ने सनबर्ड एजुकेशन सेंटर के बच्चों को यातायात नियमों एवं पांच सिद्धांतों से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष पीयूष मिश्रा जी के नेतृत्व निरंतर अलग अलग विद्यालय परिसर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक रहना और समाज को जागरूकता क्रम में जोड़ने का यह प्रयास निरंतर जारी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों को यातायात नियमों एवं पांच सिद्धांतों की जानकारी दी गई साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर प्रश्न उत्तर भी हुए। सनबर्ड एजुकेशन सेंटर के बच्चों में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यालय के प्रबंधक राज कुमार मौर्य जी ने भी संस्था वरदान फाउंडेशन द्वारा संचालित अभियान की सराहना की, साथ ही सड़क सुरक्षा कार्यक्रम हेतु अपने विचार भी व्यक्त किए। विद्यालय परिसर में शिक्षक भी रहे उपस्थित। जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा जी द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित कर उन्हें नियमों के पालन हेतु खुद भी और परिजनों को भी जागरूक करने के लिए आव्हान किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट,सीटबेल्ट का प्रयोग एवं अत्यधिक तेज गति से वाहन न चलाने पर जोर दिया। साथ ही किस प्रकार सड़क हादसे बढ़ रहे है उनके कारण और निवारण भी साझा किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रबंधक राज कुमार मौर्य,शैलेन्द्र भट्ट,सविता शुक्ला, ममता त्रिपाठी,शुष्का शुक्ला,रूबी कुशवाहा,गरिमा त्रिपाठी, दीक्षा मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश गुप्ता।

## शिक्षक, नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति सुनिश्चित करें- जिलाधिकारी



**सिद्धार्थनगर ।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बर्डपुर न0-09 का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 बच्चों से वार्ता किया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों कहा कि ठंड बढ़ गया है। स्वेटर पहनकरआए। इसके साथ ही विद्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चे ड्रेस, जूता, मोजा और स्वेटर पहनकर आये। शिक्षक नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## कानपुर में रिटायर अध्यापक के घर लाखों की चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर।** शहर के चकरी में शादी समारोह में शामिल होने गई रिटायर टीचर के घर से चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया,मेन गेट खुला देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी दी, रिटायर टीचर घर पहुंचे तो ग्रहस्थी का सामान बिखरा पड़ा हुआ था,और सोने चांदी के आभूषण समेत कैश गायब मिले, मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें संदिग्ध कैद हो गए,शिव नगर निवासी सुनीत खरे क्रेद्रीय विद्यालय में टीचर थे दो साल पहले वह रिटायर हो चुके हैं, परिवार में इंजीनियर बेटी शिवांगी,और बेटा सत्यम हैं दोनों नोएडा में जॉब करते हैं, सुनीता ने बताया कि रविवार को सुबह वह भतीजी प्रिया की इंगेजमेंट में शामिल होने के लिए बच्चों के साथ सुबह करीब साढ़े सात बजे प्रयागराज गए थे, सोमवार सुबह वह कानपुर वापस आ रहे थे,तभी पड़ोसियों ने मेनगेट खुला देख उन्हें चोरी होने की जानकारी दी,वह घर आए तो देखा कि कमरें में ग्रहस्थी का सामान बिखरा पड़ा हुआ था, अलमारी में रखे सोने का हार , झुमके,पायल,नथुनी समेत 20 हजार कैश गायब मिला, जानकारी मिलते ही चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची, और जांच पड़ताल की, चकेरी थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आसपास लगें सीसीटीवी फुटेज की जांच की है, जिसमें दो संदिग्ध चेहरा ढक कर जाते हुए क़ैद हुए हैं, रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# दिल दुखा रहे हैं अपने मां-बाप का, उनको किसी तीर्थ का फल नहीं मिलता.... राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के कटरा गांव में स्वतंत्र कवि मंडल के तत्वावधान में महाकवि पं0 छविश्याम पांडेय की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से समाज और राष्ट्र की कुरीतियों पर करारा प्रहार किया। विभिन्न विधाओं की रचनाओं ने श्रोताओं को न केवल बांधे रखा, बल्कि समाज को दिशा देने का कार्य भी किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत सुनीता आजमगढ़ी की वाणी वंदना से हुई। इसके बाद प्रेम कुमार त्रिपाठी ने चंद्रशेखर आजाद पर केंद्रित अपनी ओजपूर्ण कविता से राष्ट्रप्रेम का अलख जगाया। वहीं जयराम पाण्डेय 'राही' की पंक्तिया 'जो दिल दुखा रहे हैं अपने मां-बाप का, उनको किसी तीर्थ का फल नहीं मिलता' ने उपस्थित लोगों को माता-पिता की सेवा के प्रति जागरूक किया। अनूप त्रिपाठी ने चुनाव आते ही नेताओं के बदलते तेवर पर तंज कसते हुए कहा 'चुनाव आते ही नेतागण फलसफा बताते हैं, हिंदू-मुस्लिम में यही भेद बताते हैं, ने खूब सराहना बटोरी। ओमप्रकाश पाण्डेय 'गुड्डू' ने मानव स्वार्थ पर चोट करते हुए 'स्वार्थ की बेड़ियों से बंधा आदमी, जितना ऊपर गया उतना नीचे गया पढ़ा तो जमकर तालियां बजी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र शुक्ल ने कहा कि कवि समाज का सच्चा पथप्रदर्शक होता है, जो समय-समय पर अपनी वाणी से समाज को आईना दिखाता है। कवि सम्मेलन में अरुण रत्नाकर, संजय शुक्ल, पवन प्रखर, ज्ञानेंद्र पाण्डेय 'मधुरस', श्याम शंकर पाण्डेय 'विनोद', शब्बीर सूरी, चंद्रशेखर विकास, गीता पाण्डेय 'अपराजिता', दीपेंद्र 'तन्हा', देवेंद्र सिंह 'काका', उज्जड़ जौनपुरी व अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को काव्यमय किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश पाण्डेय व संचालन हरिवंश शुक्ल 'शौर्य' ने किया। संजोयक ग्राम प्रधान राकेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक यज्ञ कुमार सिंहम ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# हत्या के प्रकरण में एक अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना देल्हूपुर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में एक अभियुक्त सूरज मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है।वादी निवासी राघवपुर, थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना देल्हूपुर पर तहरीर दी थी कि रविवार को सुबह उनके भाई का शव रेलवे स्टेशन विश्वनाथगंज रेलवे पटरी के पास मिला। वादी ने बताया कि उनका भाई 15 नवंबर को अपने दोस्त सूरज मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा, ग्राम भुपिया मऊ, थाना कोतवाली देहात के साथ शादी में जाने की बात कहकर निकला था। वादी को शक है कि सूरज मिश्रा ने उनके भाई की हत्या की है। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना देल्हू पर सूरज मिश्र के नाम अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना प्रभारी देल्हूपुर राधे बाबू मय उ0नि0 उमाशंकर सिंह मय हमराह द्वारा मान्धाता रेलवे क्रासिंग के पास से दर्ज मुकदमे से संबंधित एक अभियुक्त सूरज मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा निवासी ग्राम सरायसागर भूपियामऊ थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मेरे द्वारा ही मृतक को15 नवंबर को साथ लेकर एक शादी ग्राम भावलपुर में सम्मिलित होने के लिये आया था। भावलपुर के पास ही रेलवे लाइन के किनारे रात करीब 8 बजे गर्लफ्रेण्ड की बात को लेकर मार-पीट किया गया था, मारपीट के दौरान अचानक प्रयागराज से प्रतापगढ़ की तरफ जा रही ट्रेन की तरफ मेरे द्वारा हत्या करने के उद्देश्य से धक्का दे दिया गया । जिससे मृतक का सिर जा रही ट्रेन के डिब्बे के सीढ़ी से टकरा गया और उसके सिर में गहरी चोट आ गई । मृतक रेलवे लाइन की पटरी ग्राम भावलपुर के पास झाड़ियों में गिर गया और चोट से उसकी मृत्यु हो गयी। जिसका खून भी मेरे शर्ट में लग गया था तथा घटना में उठा पटक के दौरान शर्ट भी फट गयी थी जिसको मैने घटना के बाद घटना स्थल के कुछ दूर पर झाड़ियों में फेंक दिया । अभियुक्त की निशानदेही पर मृतक झाड़ियों में फेके हुए शर्ट बरामद की गई।

## ग्राम प्रधान संघ पराली नहीं जलाने के लिए किसानों को जागरूक करें - डीएम

### ●ग्राम प्रधान संघ मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग करें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधान संघ के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधान संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी का परिचय प्राप्त किया गया। प्रधान संघ द्वारा जिलाधिकारी को क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग किसानों को जागरूक करें कि पराली न जलाये। पराली जलाने को जलाने से मृदा शक्ति खत्म होती है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में बीएलओ की सहायता करें लोगों का फार्म भरवाकर उसे अपलोड कराये। ठंड का मौसम आ गया है गौशाला में गौवंश को ठंड से बचाने हेतु तिरपाल आदि की व्यवस्था कराये। गौवंश हेतु भूसा, हरा चारा आदि की व्यवस्था होना चाहिए। इसके साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहूँचाये। गांव की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराये। आप लोगो का कोई भी शिकायत/सुझाव है तो उसे लिखित में दें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, प्रधान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री कार्य का विशेष कैंप का आयोजन

**घाटमपुर।** भारत सरकार द्वारा संचालित फार्मर रजिस्ट्री योजनान्तर्गत एग्री स्टैक पोर्टल पर जनपद के समस्त कृषकों के रजिस्ट्रेशन का कार्य, जनसेवा केंद्र/सीएससी/के माध्यम से किया जाना है कृषकों की सुविधा हेतु ग्राम पंचायत सिधौल में विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मौके पर लेखपाल नितिन कुमार, समाज कल्याण विभाग के राकेश सिंह, ग्राम प्रधान अजीत सचान, विशाल शुक्ला, महेश यादव,नरेश बाबू सचान, दयाशंकर सचान रामबाबू यादव, अम्बिका प्रसाद शुक्ला आदि लोग मौजूद रह कर कृषकों के फार्मर रजिस्ट्री मे सहयोग करते रहे, कैंप के आयोजन के बारे में गांव में मुनादी करा कर कृषकों को जानकारी दी गई, जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केंद्र से कृषकों का फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चला कर कराया जा रहा है,इस अभियान में सभी जनसेवा केंद्र संचालकों आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है।

# हत्या के प्रयास के मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार किये गये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास के अभियोग से संबंधित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।घटना में प्रयुक्त 03 अदद लकड़ी के डण्डे बरामद किये गये।वादिनी ग्राम पर्वतपुर सुलेमान थाना आसपुर देवसरा द्वारा सूचना दी कि रविवार को सुबह पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा उनके परिवार पर हमला किया गया।हमला करने वालों ने लाठी-डंडों से प्रहार कर उनके बेटे और पति को गंभीर चोटें आई, जबकि वादिनी और पुत्री को भी चोटें आई । इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा में 07 नामजद व 2-3 अज्ञात व्यक्तियों पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना प्रभारी आसपुर देवसरा विजेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक योगेन्द्र सिंह मय हमराह का0नरेन्द्र राम, का0 गौतम मौर्य द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमे से संबंधित 03 अभियुक्तों लालबहादुर सरोज पुत्र स्व0 रामकरन उम्र करीब 50 वर्ष, रोहित सरोज पुत्र लालबहादुर सरोज उम्र करीब 28 वर्ष व फूलचन्द्र सरोज पुत्र लाल बहादुर सरोज उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम पर्वतपुर सुलेमान थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को घटना में प्रयुक्त 03 अदद लकड़ी के डण्डे के साथ थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत पर्वतपुर से हरईपट्टी रोड पर ग्राम पर्वतपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम लोगों ने लकड़ी के डण्डो से वादिनी व उसके परिवारजनों के साथ मार पीट किया था तथा वादिनी के बेटे को डण्डो से एक राय होकर सिर पर मार दिया था तथा डण्डो को सडक पास कुछ दूर आकर खेत में छुपा दिया था।तत्पश्चात अभियुक्तों की निशानदेही पर मौके से फेंके हुए डण्डे बरामद किये गये। अभियुक्तों द्वारा बताया कि यह वही डण्डे है जिससे हम लोगो ने वादिनी के परिवारजनों के साथ मारपीट किया था और सिर पर मारा था।

# नरवल में महिला ने फर्ज़ी कागजों से लिखवाया पांच बीघा खेत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर-** कानपुर की नरवल तहसील के बौहार गांव में एक महिला पर अपने जेठ की करीब पांच बीघा जमीन फर्ज़ी दानपत्र के जरिए अपने पति के नाम करानें का आरोप लगा है, पीड़ित को लगभग चार माह बाद इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई, जिसके बाद वह नरवल तहसील के उच्चाधिकारियों तक पहुंचा,और न्याय की मांग की,उपजिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है, उन्होंने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए हैं,और संबंधित अधिकारियों से दानपत्र की प्रक्रिया रद्द करने के लिए रिपोर्ट तलब की है एसडीएम ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया, बौहार गांव निवासी रामशंकर पुत्र प्यारेलाल ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके नाम दर्ज लगभग पांच बीघा जमीन थी,वह लंबे समय से अमरौहा गांव में मजदूरी करते हैं,इसी दौरान उनके छोटे भाई उमाशंकर की पत्नी जैयश्री ने एक अन्य युवक की मदद से कथित रूप से फर्ज़ी दस्तावेज तैयार करवा कर,उनकी जमीन उमाशंकर के नाम करा ली, रामशंकर का आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में गांव के कुछ लोगों की मिलीं भगत हैं और आरोपी दबंग प्रकृति के हैं उनका कहना है कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकीं दी जा रही है, उन्होंने दान पत्र को रद्द करने के लिए तहसील प्रशासन से गुहार लगाई है।

## मतदाता पंजीकरण केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत तहसील नौगढ़ के बर्डपुर न0-09 के बूथ न0-60,61,62,63 के मतदाता पंजीकरण केन्द्र का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा बीएलओ द्वारा भरे गये गणना फार्म को देखा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र की दो प्रतियों मतदाताओं को उपलब्ध कराए और फॉर्म भरने में मार्गदर्शन भी करेंगे। बीएलओ मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्रित करेंगे तथा पावती देंगे। मतदाता, गणना प्रपत्र की दोनों प्रतियों को भरें व हस्ताक्षर करें। मतदाता, गणना प्रपत्र में अपना नवीनतम फोटो लगाएं। मतदाता, फॉर्म बीएलओ को वापस दें और प्राप्ति रसीद ज़रूर लें। गणना फार्म को ऑनलाइन कराये। इस दौरान एडीएम गौरव कुमार, आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जन्मदिन मनाने गये युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है,जिसमें पत्नी ने दोस्तों पर साजिशन हत्या करने का आरोप लगाया है।पट्टी कोतवाली अंतर्गत चरैया ग्राम निवासिनी दिव्या सिंह ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया है कि रविवार की शाम गांव के चार युवक एक अज्ञात युवक के साथ घर आये और जन्मदिन की पार्टी की बात कहकर साथ लेकर चले गये।देर रात जब पति नहीं लौटा तो पत्नी दिव्या ने पति के मोबाइल फोन पर किया तो उनका फोन कोई साथी ने उठाया और कहा कि अभी हम सभी खाना खा रहे है,साथ में घर वापस लौटेंगे।फोन करने के बाद दिव्या सिंह सो गई।लेकिन रात 2.30 बजे चारों युवक घर आये और बताये कि धर्मेंद्र भैया का एक्सीडेंट महेंद्र के घर के पीछे हो गया है।युवक की बात सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे तो धर्मेंद्र संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल मिले।इसके बाद परिजन आनन फानन में इलाज हेतु सीएचसी पट्टी ले गए,जहां पर डॉक्टर ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया।मामले में मृतक की पत्नी दिव्या सिंह का आरोप है कि यह एक्सीडेंट नहीं है बल्कि उनके पति की साजिशन हत्या की गई है। मृतक की पत्नी दिव्या सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए तीन नामजद युवकों पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।घटना की जानकारी जैसे ही पट्टी कोतवाली पुलिस को हुई तो मौके पर सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी व पट्टी कोतवाल अभिषेक सिरोही तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास के अभियोग से संबंधित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।घटना में प्रयुक्त 03 अदद लकड़ी के डण्डे बरामद किये गये।वादिनी ग्राम पर्वतपुर सुलेमान थाना आसपुर देवसरा द्वारा सूचना दी कि रविवार को सुबह पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा उनके परिवार पर हमला किया गया।हमला करने वालों ने लाठी-डंडों से प्रहार कर उनके बेटे और पति को गंभीर चोटें आई, जबकि वादिनी और पुत्री को भी चोटें आई । इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा में 07 नामजद व 2-3 अज्ञात व्यक्तियों पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

थाना प्रभारी आसपुर देवसरा विजेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक योगेन्द्र सिंह मय हमराह का0नरेन्द्र राम, का0 गौतम मौर्य द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमे से संबंधित 03 अभियुक्तों लालबहादुर सरोज पुत्र स्व0 रामकरन उम्र करीब 50 वर्ष, रोहित सरोज पुत्र लालबहादुर सरोज उम्र करीब 28 वर्ष व फूलचन्द्र सरोज पुत्र लाल बहादुर सरोज उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम पर्वतपुर सुलेमान थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को घटना में प्रयुक्त 03 अदद लकड़ी के डण्डे के साथ थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत पर्वतपुर से हरईपट्टी रोड पर ग्राम पर्वतपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम लोगों ने लकड़ी के डण्डो से वादिनी व उसके परिवारजनों के साथ मार पीट किया था तथा वादिनी के बेटे को डण्डो से एक राय होकर सिर पर मार दिया था तथा डण्डो को सड़क के पास कुछ दूर आकर खेत में छुपा दिया था।तत्पश्चात अभियुक्तों की निशानदेही पर मौके से फेंके हुए डण्डे बरामद किये गये।

## ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा व शैक्षणिक समारोह के क्रीड़ा प्रतियोगिता में उसका ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय सुगही और परसा खुर्द का दबदबा रहा, तो जिम्नास्टिक व योगा में प्राथमिक विद्यालय सरदार पटेल नगर के बच्चों ने बाजी मारी। कंपोजिट विद्यालय उस्का बाजार के प्रांगण में सोमवार को आयोजित हुई प्रतियोगिता में बालिका वर्ग 50 मीटर में परसा खुर्द की संजना प्रथम व सरिता द्वितीय, चौबाहेडीह की सपना तृतीय रही। बालक वर्ग में सुगही के शिवम प्रथम, परसा खुर्द के कृष्णा व अनमोल क्रमशः द्वितीय व तृतीय रहे। बालक वर्ग में मेंहदिया के मोहित प्रथम, मुकेश द्वितीय और कृष्णा तृतीय रहे। सौ मीटर में सुगही की अंजू प्रथम, परसा खुर्द की अंशिका द्वितीय, संजना तृतीय रही। दो सौ मीटर दौड़ में फुलवरिया के अंकुश प्रथम, सोहास का विक्की द्वितीय और ईशु तृतीय रहा। दो सौ मीटर बालिका वर्ग में सुगही की अंजू प्रथम, चौबाहेडीह की संजना तृतीय रही। बालक वर्ग कबड्डी में परसा खुर्द ने मेहदिया की टीम को 13-9 के अंतर से हराया। बालिका वर्ग में भी परसा खुर्द ने मेहदिया को 11-7 के अंतर से हराया। बालक व बालिका जिम्नास्टिक व योगा में सरदार पटेल नगर की टीम प्रथम रही। खो-खो में परसा खुर्द ने मेंहदिया को हराया। लंबी कूद बालिका वर्ग में चौबाहेडीह सपना प्रथम, यहीं की सुंदरी तृतीय और मेहदिया की खुशी द्वितीय रही। लंबी कूद बालक वर्ग सुगही के सत्यम प्रथम, परसा खुर्द के शिवा द्वितीय, अरुण व मोहित तृतीय रहे। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन बीडीओ ओम प्रकाश गुप्ता ने ध्वजारोहण करते हुए किया। गत वर्ष की चैम्पियन संजना ने मशाल लेकर पूरे मैदान का चक्कर लगाया। बीईओ ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि सभी को स्वस्थ खेल भावना से खेलकूद में हिस्सा लेना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। कार्यक्रम में ब्लाक व्यायाम शिक्षक बृजेश वर्मा सहित सुभाष जायसवाल, अभय श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, जितेंद्र पांडेय, रामसेवक गुप्ता, शिवपाल सिंह, बृहस्पति पांडेय, रमेश कसौधन, निर्मला देवी, श्रेया त्रिपाठी, दिव्या मिश्रा, अतुल वर्मा, रीतेश यादव, रणविजय सिंह, प्रदीप जायसवाल, बालजीत कुमार, अशोक यादव, आकाश यादव, मनोज आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई कर शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण



**हमीरपुर:-** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 93 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी द्वारा तत्काल मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उन्हें तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ एवं विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई करें तथा प्राप्त समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जनसुनवाई, आईजी आरएस तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करें और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर निर्धारित समय सीमा में आख्या प्रेषित करें।

## शिविर का किया गया आयोजन



**बिसवां सीतापुर।** आम जन मानस जानकल्याणकारी योजनाओं का आसानी से शुलभ हो सके इसके लिए विभिन्न शिविरों का आयोजन अर्जुनगढ़ कंदुनी में किया गया। शिविरों का शरद चौधरी एवं आयोजक ,प्रमुख समाजसेवी अरिंजय चौधरी ने संयुक्त रूप से फ़ीता काटकर शुभारंभ किया। आयोजक अरिंजय चौधरी ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की विभिन्न आवश्यक सेवाएं को लेकर नए राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन आवेदन कराने जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। वहीं 5दिव्यांगों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कई गांवों में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। टीम में अशोक बाजपेयी, उमेश कुमार, शकील अहमद, राजकिशोर सिंह, सुनील वर्मा, प्रदीप यादव, भरत प्रसाद एवं प्रधान मिश्री लाल प्रजापति, रिशीश शुक्ला, प्रमोद अवस्थी, शेर मोहम्मद, शेखर, हसन मियां आदि मौजूद रहे।

## पूर्वोत्तर की कला-संस्कृति से महकेगा प्रयागराज



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला भव्य राष्ट्रीय शिल्प मेला इस वर्ष भी 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। दस दिनों तक चलने वाले इस विशाल आयोजन में देश के 20 राज्यों से आने वाले दर्जनों शिल्पकार अपनी पारंपरिक कलाओं, हस्तशिल्प और लोककला का प्रदर्शन करेंगे। रंग-बिरंगी भारतीय संस्कृति को एक ही स्थान पर देखने का यह अनूठा अवसर एक बार फिर प्रयागराज को मिलने जा रहा है।इस बार मेले की खास थीम पूर्वोत्तर भारत की कला, संस्कृति और खानपान रहेगी। असम, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम से बड़ी संख्या में कलाकार अपने विशेष लोकनृत्य, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। वहीं इन राज्यों के खास पारंपरिक व्यंजन–जैसे असम का जोलपान, नागालैंड का बांस- करी, मणिपुर के एथनिक फूड–भी शहरवासियों का स्वाद बढ़ाएंगे। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के अधिकारियों के अनुसार मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंच की साज-सज्जा, प्रदर्शनी का लेआउट, कलाकारों की प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूरा शेड्यूल तय कर लिया गया है। दस दिनों तक चलने वाला यह मेला प्रयागराज के लोगों को देश की विविधता, परंपराओं और जीवंत सांस्कृतिक धरोहर को करीब से देखने और महसूस करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

# नगर संसाधन केंद्र में अनुशासन रसातल में- आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की मनमानी चरम पर

● कार्यालय में हस्ताक्षर कर गायब होने की प्रवृत्ति से विभागीय कामकाज ठप

**सुबह 11 : 11 बजे तक सूना पड़ा नगर संसाधन केंद्र, केवल आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर, जितेन्द्र राजपूत एम आई एस कर रहा था ड्यूटी**

**नगर संसाधन केंद्र में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की मनमानी जारी- समय के बाद आना और समय से पहले जाना बना आम चलन**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता- देवेंद्र साहू

**ललितपुर।** नगर संसाधन केंद्र नगर क्षेत्र में इस समय अव्यवस्था का आलम इस कदर हावी है कि विभागीय अनुशासन और प्रशासनिक नियंत्रण दोनो ही बेअसर साबित हो रहे हैं। केंद्र में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारी मनमानी के ऐसे दौर में पहुँच चुके हैं जहाँ न तय समय का पालन हो रहा है, न दायित्वों का निर्वहन। एबीएसए द्वारा बार-बार दी गई चेतावनियाँ, निर्देश और औचक निरीक्षण भी उनकी शैली को नहीं बदल सके। कर्मचारियों की यह ढीली कार्यप्रणाली अब विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान तक पहुँच चुकी है और गंभीर सवाल खड़े कर रही है। खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र ने कई दौर के निरीक्षण, मौखिक चेतावनी और लिखित निर्देश जारी किए, फिर भी न तो कर्मचारियों के समय पर पहुँचने की स्थिति में सुधार हुआ और न ही उनके कार्यालयी व्यवहार में।

शिक्षा विभाग की अनुशासनहीनता अब खुलकर सामने आने लगी है। नगर संसाधन केंद्र में सोमवार की सुबह जब मीडिया कर्मी पहुंचे तो नजारा चौंकाने वाला था। सुबह 11:11 बजे तक पूरे कार्यालय में आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर, जितेन्द्र राजपूत एम आई एस मौजूद थे, जबकि अन्य किसी भी कर्मचारी की उपस्थिति नहीं थी। कार्यालय का माहौल सन्नाटे में डूबा हुआ था, न कोई क्लर्क, न लिपिक, न ही प्रभारी अधिकारी। यह स्थिति तब है जब बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समयपालन और उपस्थिति को लेकर कई बार सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। फिर भी नगर संसाधन केन्द्र जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में इस तरह की मनमानी और लापरवाही यह दिखाती है कि अधिकारी स्वयं भी अनुशासन लागू कराने में नाकाम हो रहे हैं। स्थानीय शिक्षकों ने बताया कि यहां अक्सर यही हाल रहता है, कर्मचारी देर से आते हैं और जल्दी निकल जाते हैं। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई आवश्यक कार्य, जैसे वेतन बिल, अवकाश स्वीकृति, डाटा अपडेट और विद्यालयों से संबंधित पत्राचार, इन कर्मचारियों की गैरहाजिरी के कारण रुक जाते हैं। इस पूरे मामले ने न केवल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है, बल्कि यह भी दर्शा दिया कि धरातल स्तर पर भी निगरानी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है।

**समय पालन की धज्जियां, सुबह 11: 11 बजे तक सूना पड़ा दफ्तर**

जब मीडिया ने मौके पर जाकर हकीकत देखी तो केवल आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर, जितेन्द्र राजपूत एम आई एस अपने डेस्क पर बैठे मिले। वाकी समस्त स्टाफ समय पर नहीं मिला। यानी जिस दफ्तर से पूरी शिक्षा व्यवस्था की रिपोर्ट तैयार होती है, वही अनुशासन की धज्जियां उड़ा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो विभागीय कामकाज पर गहरा असर पड़ेगा।

**बीएसए की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर सवाल उठना लाजिमी है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि बीएसए न तो औचक निरीक्षण करते हैं, न ही अनुशासनहीन कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही। जबकि नगर संसाधन केन्द्र बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित है, जिसके बाद भी कार्यालय की स्थिति चिंताजनक है। कुछ शिक्षकों का कहना है कि कार्यालय में मनमानी करने वाले कर्मचारियों को अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है, इसीलिए वे बिना डर देर से आते हैं। यह पूरा मामला विभागीय सुस्ती और निगरानी की कमी को उजागर करता है।

**कर्मचारियों के आने-जाने का कोई निर्धारित समय नहीं**

नगर संसाधन केंद्र में कर्मचारियों के लिए कार्यालय में आने-जाने का कोई तय समय नहीं है। यह स्थिति न केवल कार्यालय के कार्यों में अव्यवस्था का कारण बनती है, बल्कि सरकारी कार्यों की क्षमता पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है। अगर कर्मचारियों का समय पर दफ्तर में न पहुंचना और बिना कारण लापरवाही दिखाना जारी रहेगा, तो यह सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता को भी प्रभावित करेगा। विभागीय सूत्र बताते हैं कि एमआईएस कोर्डिनेटर चुपचाप आकर हस्ताक्षर करके अपने पटल से गायब हो जाते हैं और सहायक लेखाकार की भी यही स्थिति है, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर सक्षम अधिकारी के बेहद करीबी होने के कारण 12 बजे कार्यालय में आना बताया जाता है। जिसकी पुष्टि गोपनीयता निरीक्षण से की जा सकती है।

**बीएसए की चुप्पी और बढ़ती अनियमितताएं**

शासन की इस लापरवाही पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) की चुप्पी भी चिंताजनक है। ऐसा प्रतीत होता है कि बीएसए इस स्थिति को सुधारने में दिलचस्पी नहीं रखते, और नगर संसाधन केंद्र में बढ़ती अनियमितताओं पर उनका कोई ध्यान नहीं है। अधिकारी की उदासीनता के कारण कर्मचारियों के लिए किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं बची है।

नगर संसाधन केंद्र में कवरेज के दौरान पत्रकार से अभद्रता

प्रेस कार्ड की फोटो लेकर मुकदमा लिखवाने दी धमकी

नगर संसाधन केंद्र में कवरेज करने पहुँचे एक स्थानीय पत्रकार के साथ अभद्रता और धमकी दिए जाने का मामला उजागर हुआ है। सोमवार को पत्रकार केंद्र में कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली से जुड़ी शिकायतों की वास्तविक स्थिति जानने पहुँचे थे। इसी दौरान वहाँ तैनात आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और पत्रकार के प्रेस कार्ड की फोटो खींचकर मानहानि का मुकदमा लिखवाने की धमकी तक दे डाली।

जानकारी के अनुसार, नगर संसाधन केंद्र में लंबे समय से कर्मचारियों के समय पर न पहुँचने की शिकायतें मिल रही थीं। कई बार कर्मचारी निर्धारित समय से काफी देर बाद पहुँचते हैं, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसी अव्यवस्था की कवरेज के दौरान पत्रकार से आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर भड़क उठा और अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए दबाव बनाने की कोशिश की।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि पत्रकार शांत तरीके से अपनी रिपोर्टिंग कर रहे थे, लेकिन आशीष चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर ने जानबूझकर विवाद खड़ा किया ताकि लापरवाही छुपाई जा सके। बाबू द्वारा प्रेस कार्ड की फोटो लेकर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देना पत्रकारों को डराने का प्रयास माना जा रहा है।

घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और किसी भी सरकारी कार्यालय की अव्यवस्था को उजागर करना पत्रकार का कर्तव्य है, न कि अपराध। पत्रकार संघ ने ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है जो अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतते हुए पत्रकारों को धमकाते हैं।

## बस की टक्कर से चरवाहा महिला और मवेशियों की मौत, दो घायल

**हमीरपुर :-** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में रविवार शाम डबल टेकर बस की टक्कर से महिला व बकरियो की मौत हो गई।महिला के पति ने बस नंबर के आधार पर थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी रामबाबू पुत्र रामकिशन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे उसकी पत्नी अनीता (40वर्ष), अन्य चरवाहों शशि व राम औतार के साथ अपने जानवर चराकर घर वापस आ रहे थे, उसी दौरान गांव के बाहर कालपी-हमीरपुर स्टेटहाईवे पर तेज रफ्तार से आ रही डबल टेकर बस के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी और बकरियो व भैंस के बच्चे की मौत हो गयी जबकि शशि व रामऔतार घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पीड़ित पति की तहरीर पर बस नंबर UP93TT3812 के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच शुरु कर दी है।

# गोबरिया गाँव में बन रही सड़क पर भ्रष्टाचार के बादल, ग्रामीणों में उबाल

**बेडीपुलिया-गोबरिया मार्ग पर घटिया निर्माण का आरोप, जिलाधिकारी से जांच की मांग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट।** मुख्यालय से सटे गोबरिया गांव में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा बनाई जा रही सड़क भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। ठेकेदार की मनमानी और मानकों को ताक पर रखकर हो रहे निर्माण कार्य से ग्रामीणों में भारी रोष है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से करते हुए संपूर्ण प्रकरण की जांच कराने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों के अनुसार बेडीपुलिया से गोबरिया मार्ग पर सड़क निर्माण पूरी तरह नियमविरुद्ध तरीके से किया जा रहा है। आरोप है कि बिना तारकोल डाले सीधे डामर बिछा दिया गया, जिससे निर्माण शुरू होते ही सड़क कई स्थानों पर उखड़ने लगी है। सड़क की परत हाथ लगाने भर से झड़ रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग और निर्माण मानकों की अनदेखी से करोड़ों की सरकारी धनराशि पानी में जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का विरोध किया तो ठेकेदार के पति ने दबंगई दिखाते हुए उनसे गाली-गलौज और अभद्रता की। विरोध करने पर ग्रामीणों को धमकाए जाने की भी शिकायत है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मामले की लिखित शिकायत उच्चाधिकारियों को भेजी है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितताएँ हुई हैं, इसलिए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। ग्रामीणों ने अनुरोध किया कि अधिकारियों की निगरानी में सड़क की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# वृद्धाश्रम में मासिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :-** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं मनोज कुमार राय जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में मुख्यालय के वृद्धाश्रम में मासिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक जीतेन्द्र सिंह परमार तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। शिविर के दौरान 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 ', के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान कुल छह वृद्धजनों द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। जिनमें पेंशन प्राप्त न होने, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा पारिवारिक विवादों से संबंधित समस्याएँ प्रमुख रहीं।

इन शिकायतों के निस्तारण हेतु पैरालीगल वॉलंटियर्स को निर्देशित किया गया कि वे सभी प्रार्थना पत्र संकलित कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में कुछ व्यवस्थागत कमियाँ पाई गई, जिनमें टूटी हुई फर्श, अस्वच्छ वॉश बेसिन, और सीढ़ियों की खराब स्थिति शामिल थीं। साथ ही यह भी पाया गया कि संवासियों की रजाई एवं गद्दे पिछले आठ वर्षों से परिवर्तित नहीं किए गए हैं जबकि नियमानुसार इन्हें प्रत्येक पाँच वर्ष में बदला जाना आवश्यक है। इन सभी बिंदुओं पर प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वह अपने



मुख्यालय से पत्राचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर सुधारात्मक उपाय कर रिपोर्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त, सभी दरवाजों पर मच्छररोधी जाली लगाने तथा समुचित सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। बताया कि वृद्धजनों की शिकायतों के समाधान एवं वृद्धाश्रम की सुविधाओं में आवश्यक सुधार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सतत निगरानी और कार्यवाही की जाएगी।

# श्रीभूमि जिला के रामकृष्णनगर के चेरागी-रणपुर जीपी में साढ़े पांच करोड़ रुपये की समूह परियोजना का शिलान्यास

● विधायक विजय मालाकार ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में असम के हर कोने में विकास की लहर बह रही है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** वर्तमान सरकार 'सबका साथ सबका विकास' सबका विश्वास इस नारे के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकासात्मक कार्यों के जरिए हर ग्रामीण क्षेत्र में सड़कें, पुल, पानी और जल सुविधा के लिए PHE, छात्रों की शिक्षा के लिए शैक्षणिक संस्थानों का उन्नयन तथा मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र और उच्च स्तर की विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपये आवंटित कर रही है। ताकि सामान्य लोगों की समस्याओं का समाधान परियोजनाओं के माध्यम से किया जा सके। इसके फलस्वरूप भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम के हर कोने में विकासात्मक कार्यों की बाढ़ आ रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में राज्य के हर हिस्से में विकास की लहर बह रही है। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' इस नारे की नीति में अडिग है। विपक्ष केवल वादों और आश्वासनों की राजनीति कर रहा है। नवगठित रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के चेरागी बाजार-चेरागीनगर-रणपुर जीपी और विरजापुर-छुटोबालिया में पांच करोड़ पच्चास लाख की सामूहिक परियोजना की पट्टिका का अनावरण



लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने किया। 26वीं विधानसभा चुनाव की दिनांक करीब आने के साथ ही सत्तारूढ़ दल के विधायक अपनी सक्रियता बढ़ा रहे हैं और विधानसभा क्षेत्र के हर कोने में विकास के लिए काम कर रहे हैं। रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय मालाकार ने 17 नवंबर (सोमवार) को चेरागी बाजार-चेरागीनगर-रणपुर जीपी और विरजापुर-छुटोबालिया में एक ही दिन में पांच महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं की पट्टिकाओं का अनावरण कर काम की शुरुआत की। दोपहर सही हि NTIED 2024-25 परियोजना के तहत चेरागी बाजार हरगौरी मंदिर में कम्युनिटी हॉल का शुभ शिलान्यास किया, फिर 11 नंबर विरजापुर मॉडल आंगनवाड़ी सेंटर का शुभ शिलान्यास किया, इसके बाद रणपुर जीपी के बड़े बालिया में 2.80 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण नई पुल की शिलान्यास की, 9 नंबर चेरागीनगर मॉडल आंगनवाड़ी सेंटर का शुभ शिलान्यास किया, और छुटोबालिया में 2.20 करोड़ रुपये में महत्वपूर्ण नई पुल कामहत्त्वपूर्ण नए पुल की आधारशिला रखी गई और विशाल जनसभा में प्रतिभाग करते हुए सभा में विधायक विजय मालाकार ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में असम के हर कोने में विकास की लहर






दौड़ रही है। कांग्रेस के समय में सिर्फ सोने की राताबाड़ी बनाने और आधारशिला रखकर लोगों को सिर्फ और सिर्फ वादों की राजनीति की, विकास की बड़ी-बड़ी बातें कहकर वोट लेकर चले गए और दिखाई नहीं दिए, और चुनाव आने पर ही उपस्थित होते हैं, यही उनका असली चरित्र है। आधारशिला समारोह में जिले के उपाध्यक्ष विश्वतोष सेन, लालछड़ा जीपी अध्यक्ष संजय गोस्वामी, चेरेगी जिला परिषद सदस्य पंकज राय शर्मा, दुल्लभछड़ा मंडल अध्यक्ष चंदन भर, हेनॉय नाथ, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सुभ्रत दास, बानिब्रत चक्रवर्ती, निर्माण चक्रवर्ती, पंडित जयप्रकाश तिवारी, प्रधान शिक्षक बानिकांत नमःशूद्र,जिपी अध्यक्ष वीरेंद्र नमःशूद्र, पिक्लु नाथ, एपी सदस्यों के प्रतिनिधि संजीव दास, युवा मोर्चा रामकृष्णनगर मंडल अध्यक्ष निशीथ नाथ, सहित बीजेपी कार्यकर्ता और महिला गण उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के पुरोधा लाला लाजपत राय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय सही मायने में एक महान देशभक्त पुरोधा थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। लाला जी का पंजाब के फिरोजपुर के धुडकी गांव में राधाकृष्ण आजाद एवं ग़ुलाब देवी के घर 28 जनवरी 1865 में जन्म हुआ था। राष्ट्रीय आन्दोलन की तिकड़ी लाल बाल पाल के रूप में बहुत प्रसिद्ध थी। इसी तिकड़ी में लाला लाजपत राय भी थे। आर्य समाज की स्थापना में इनका बड़ा योगदान था। 1928 में भारत में साइमन कमीशन आने पर सारे देश में विरोध हुआ था। इस विरोध प्रदर्शन के अगुवा कारों में लाला प्रमुख थे। इस पर गोरी सत्ता में



इन पर लाठीचार्ज हुआ और इस कारण इनकी मृत्यु हो गई थी। देश के युवा देशभक्तों ने लाला जी की मौत का बदला लेने का निश्चय किया। भगत सिंह एवं उसके मित्रों ने सांन्डर्स की हत्या कर लाला लाजपतराय की मौत का बदला ले लिया। वर्णिता ने आज उनके योगदान को याद कर उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, रिचा, भोलू सिंह, दयाराम सोनकर, रामनरायन सोनकर, रामबाबू, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## सांसद खेल प्रतियोगिता आयोजित, विधायक ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**देवरिया।** सतासी इंटर कॉलेज, रुद्रपुर में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से सांसद/विधायक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद कमलेश पासवान और विधायक जय प्रकाश निषाद ने किया। विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य विजेताओं में रितेश कुमार निषाद (1500 मीटर सीनियर),सनी कुमार यादव (1500 मीटर जूनियर),शैलेन्द्र (800 मीटर सब-जूनियर), निकेश यादव (400 मीटर सीनियर), ज्योति राजभर (200 मीटर सीनियर बालिका), वर्षा सिंह (100 मीटर जूनियर बालिका), सूरज पासवान (100 मीटर सब-जूनियर), प्रियंका (800 मीटर जूनियर), मिथुन विश्वास (100 मीटर सीनियर बालक) प्रमुख रहे। टीम प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल (बालक) में मढ़ौरा, वॉलीबॉल (बालिका) व कबड्डी (बालिका) में वर्दगोनीया, तथा कबड्डी (सब-जूनियर बालक) में इंदुपुर विजेता रहे। समापन पर विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा कल्याण अधिकारी एवं मंगल दल सदस्यों का सहयोग रहा।

# राजकीय बीज भंडार प्रभारी की कार्यशैली का विरोध जता भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** मौदहा कस्बा में बीते दस नवंबर को राजकीय बीज भंडार का शाम साढ़े छः बजे के बाद अपने चहेतों को गेहूं का बीज देने के लिए गेट खोला गया था तभी वहां मौजूद कुछ किसानों ने केंद्र प्रभारी का वीडियो बनाना शुरू कर दिया जिससे केंद्र प्रभारी आग बबूला हो गया और अपने गुर्गो से किसानों से मोबाइल छीनने को।कहा , जिसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।हालांकि स्वतंत्र प्राभात वाइरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।वहीं सोशल मीडिया में वायरल उक्त वीडियो तथा किसानों को समय से बीज न देने तथा बीज की कालाबाजारी करने वाले केंद्र प्रभारी के विरुद्ध भाकियू अराजनैतिक ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आरोपी केंद्र प्रभारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

कस्बे के बीएसएनएल टावर के पास स्थित राजकीय बीज भंडार केंद्र से बीते 10 नवंबर को एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। जिसमें केंद्र प्रभारी परिसर में टहलते हुए देखा जा रहा है तथा कुछ लोग गोदाम के अंदर बीज की बोरियां इधर उधर कर रहे थे। उक्त घटना का वीडियो वहीं खड़े कुछ किसानों ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष शिवपूजन पाल ने अपने साथियों समेत जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि



उक्त केंद्र में तैनात प्रभारी संतोष पाल की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए किसानों की अनदेखी तथा अपने प्रियजनों को रात के अंधेरे में बीज देने का प्रयास करने का मुद्दा उठाया है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से उक्त केंद्र प्रभारी संतोष पाल समेत उसके गुर्गों के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी समाज को जागरूक होने की पुकार

● कार्यक्रम में आदिवासी समाज के पारंपरिक लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारीबारी, प्रयागराज।** बारा तहसील के नारीबारी स्थित सब्ज़ी मंडी में बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाज से जागरूक होने की अपील की और केंद्र व राज्य सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद उज्जवल रमण ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल आदिवासियों ही नहीं बल्कि दलित, वंचित और सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए भी प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि 'अब आदिवासी समाज को जगना होगा। सरकार ने विकास के नाम पर सिर्फ ठगा है। शिक्षा, ग़रीबी और पिछड़ेपन के लिए केंद्र की मोदी सरकार और यूपी सरकार पूरी तरह जिम्मेदार हैं। 'उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय आदिवासियों को थोड़े पैसों और शराब का लालच देकर वोट लिया जाता है और बाद में उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। सांसद ने कहा कि संसद में वनवासी से आदिवासी दर्जा बहाल करने की बात मजबूती से उठाई गई, लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया।उन्होंने अपील की कि



'जब वोट मांगने आएं तो प्रलोभन से दूर रहकर उनसे पूछें कि हमें आदिवासी से वनवासी क्यों बनाया गया। अब हम अपने मताधिकार से जवाब देंगे। 'सभा में यमुनापार जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पटेल ने बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन और उनके क्रांतिकारी योगदान पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ने आदिवासी समाज की समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया और कहा कि 'आज जरूरत है अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने की। 'सभा की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष यमुनापार और पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुलाब कली ने की। कार्यक्रम का संचालन रत्नेश वर्मा ने किया। जयंती कार्यक्रम का आयोजन जिला उपाध्यक्ष यमुनापार एवं जिला पंचायत सदस्य अवनीश कोल द्वारा किया गया।